फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 75 संख्या: 327 प्रभात जयपुर, रविवार 29 जून, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**We Love Our Tigers... To Death**

According to officials, aware of the details, said that after the boy's death in April, RTR authorities recommended relocating the tiger cubs to a non-tourism zone, specifically Lapur in the Khandar area of the reserve, but no decision was made at the time

**Atlantification of the Arctic**

# 'चुनाव आयोग भाजपा का "ब्राँच ऑफिस" हो गया है'

## कांग्रेस के पद चिन्हों पर चलते हुए तृणमूल कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग पर चढ़ाई की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। कांग्रेस के बाद, तृणमूल कांग्रेस ने आज चुनाव आयोग पर भाजपा का शाखा कार्यालय होने का आरोप लगाया, क्योंकि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के चुनावी अवसरों को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है।

दिल्ली में एक प्रैस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्यसभा में टीएमसी के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि अगली साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की संभावनाओं के बारे में पार्टी के आंतरिक आकलन के कारण ही चुनाव आयोग मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण को आगे बढ़ा रहा है।

डेरेक ओ' ब्रायन ने कहा, "भाजपा के नवीनतम आंतरिक सर्वेक्षण ने पार्टी को बंगाल में 46-49 सीटें दी हैं। यह (विशेष सघन पुनरीक्षण) उनकी तरफ से मामलों को अपने पक्ष में करने का एक हताशापूर्ण प्रयास है।"

तृणमूल महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इस सप्ताह एक सार्वजनिक भाषण में बंगाल में भाजपा की 50 सीटों से कम की भविष्यवाणी की थी।

- **राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डैरेक ओ ब्रॉयन ने कहा कि "भाजपा के आंतरिक सर्वे व आंकलन के अनुसार, अगले साल बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की 46-49 सीटें आने वाली हैं।**
- **"अतः चुनाव आयोग द्वारा बंगाल में मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया में विशेष व गहरा परिवर्तन करना एक मजबूरी है भाजपा की, जिसमें चुनाव आयोग पूरा सहयोग कर रहा है।"**
- **नई प्रक्रिया के अनुसार, उन मतदाताओं को, जिनका जन्म 1987 से पहले हुआ, मतदान से पूर्व अपना बर्थ सर्टिफिकेट दिखाना होगा। जिनका जन्म 1987 व 2004 के बीच हुआ है, उन्हें न केवल अपना "बर्थ सर्टिफिकेट" बल्कि अपने माता-पिता का "बर्थ सर्टिफिकेट" भी दिखाना होगा।**
- **"क्या आप अपने माँ-बाप का बर्थ सर्टिफिकेट रखते हैं?" अतः यह तृणमूल की एक साजिश है, जिसमें "माइग्रैंट लेबर" आदि का मतदान का अधिकार खत्म करना है।**
- **डैरेक ओ ब्रायन का यह भी कहना है कि मतदान की प्रक्रिया में यह सघन परिवर्तन नाज़ी जर्मनी द्वारा 1935 में जारी किये "पूर्वज पास" (एन्सैस्टर पास) का नया रूप है, हम कहाँ जा रहे हैं।"**

डेरेक ओ' ब्रायन ने जोर देकर कहा, "हमारे महासचिव ने जो कहा, वह इन आंकड़ों पर आधारित था। हमें इस जानकारी की जानकारी है।"

चुनाव आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र लिखकर, मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के लिए कहा था, जिससे नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिज़न्स (एनआरसी) को किसी अन्य रास्ते से लागू किए जाने का डर उत्पन्न हो गया है।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को तुरंत झपटा और दावा किया कि इसका लक्ष्य बंगाल है, जहाँ अगले वर्ष चुनाव होने हैं।

चुनाव आयोग ने नागरिकता अधिनियम, 1955 के आधार पर विभिन्न स्तरों पर दस्तावेज़ सत्यापन का आदेश दिया है। बूथ स्तर के अधिकारियों को पूर्व-भरे हुए गणना फॉर्म दिए जाएंगे, जिनमें मतदाताओं को अतिरिक्त जानकारी प्रदान करनी होगी, जिसमें उनके माता-पिता की जन्म तिथि और जन्म स्थान के दस्तावेजी प्रमाण शामिल होंगे।

यह 1 जुलाई 1987 के बाद जन्मे लोगों के लिए अनिवार्य है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोलकाता गैंग रेप की जाँच के लिए भाजपा ने पैनल बनाया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कोलकाता के एक लॉ कॉलेज की छात्रा के गैंग रेप की घटना की निंदा की और इस घिनौनी घटना, जो पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था की दयनीय स्थिति को उजागर करती है, की जाँच के लिए पार्टी का एक चार सदस्यीय पैनल गठित किया।

- **भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा द्वारा गठित इस चार सदस्यीय पैनल में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व पूर्व पुलिस कमिश्नर सतपाल सिंह के साथ मीनाक्षी लेखी और विपुल कुमार देव व मनन कुमार मिश्रा शामिल हैं।**

पैनल के सदस्य हैं, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व मुंबई पुलिस आयुक्त सतपाल सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, सांसद विपल कुमार देव और मनन कुमार मिश्रा।

यह पैनल घटना स्थल का दौरा करेगा और रिपोर्ट नड्डा को सौंपेगा।

# पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अफसर "रॉ" के चीफ नियुक्त

## "ऑपरेशन सिंदूर" में जैन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पराग जैन को भारत की एक्सटर्नल इन्टैलीजैंस एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (आरएडब्ल्यू-रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। जैन वर्तमान रॉ प्रमुख रवि सिन्हा से कार्यभार ग्रहण करेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है।

पराग जैन 1989 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। वे एक जुलाई को दो साल के निश्चित कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करेंगे। खुफिया ऑपरेशन्स के संचालन, रणनीतिक निगरानी और क्षेत्रीय भू-राजनीति में गहरी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध, जैन वर्तमान में रॉ के दूसरे नम्बर के सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं और इसके एविएशन रिसर्च सेंटर (एआरसी), जो हवाई निगरानी और टोही कार्य के लिए जिम्मेदार एक महत्वपूर्ण विंग है-के प्रमुख हैं। वे ऑपरेशन सिंदूर के मुख्य संचालन अधिकारी थे।

- **लगभग दो दशकों से उनकी सेवाएं "रॉ" को समर्पित थीं और लंबे समय तक वे "रॉ" में पाकिस्तान डेस्क के इन्जार्च रहे हैं।**
- **जैन ने श्रीलंका व कैनडा में "डिप्लोमैटिक इंटैलिजैंस ऑपरेशन" की जिम्मेवारी संभाली थी। विशेषकर कैनडा में उन्हें खालिस्तानी आतंकवादी मॉड्यूल पर निगाह रखने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। यह जिम्मेवारी संभालते हुए उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोज़र पाया, ग्लोबल टैररिज़्म(अंतर्राष्ट्रीय आंतकवाद) के बारे में।**
- **उन्होंने पंजाब में भी एसएसपी व डीआईजी के रूप में आतंकवादी गतिविधियों का ग्राउण्ड लैवल का अनुभव भी पाया, क्योंकि उस समय पंजाब में आतंकवाद चरम पर था।**

पराग जैन के पास रॉ में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। इस अवधि में उन्होंने कई संवेदनशील विभागों का प्रभार संभाला, जिसमें पाकिस्तान डेस्क का लंबा कार्यकाल शामिल है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों में अहम ऑपरेशनल भूमिका निभाई है, जिसमें जम्मू -कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति भी शामिल है।

रॉ के भीतर, पराग जैन को उनके तीव्र ऑपरेशनल अन्तर्दृष्टि एवं सूझ-बूझ और गहरी संस्थागत समझ के लिए व्यापक रूप से सराहा जाता है। उनकी नियुक्ति को भारत की बाहरी खुफिया तंत्र में निरंतरता और रणनीतिक गहराई सुनिश्चित करने की दिशा में उठाये गये एक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

रॉ में शामिल होने से पहले, जैन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राज्य सेवा के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार व अनुशासन के 38 प्रकरणों का निस्तारण

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने इन लंबित मामलों पर प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिए

जयपुर, 28 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशील, भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी सुशासन की नीति अपनाते हुए राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही, अभियोजन स्वीकृति एवं 17-ए के विचाराधीन 38 प्रकरणों का निस्तारण किया है।

मुख्यमंत्री ने सेवारत अधिकारियों के विरूद्ध लंबी अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं भ्रष्टाचार के 2 प्रकरणों में सेवा से हटाने एवं पदच्युत् करने का निर्णय लिया है। वहीं अभियोजन स्वीकृति के लंबित प्रकरणों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 7 अधिकारियों के विरूद्ध अभियोजन चलाने की मंजूरी दी है। भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 17-ए के 05 प्रकरणों में भी विस्तृत जांच एवं अनुसंधान करने की अनुमति भी प्रदान की है। इसी तरह

- **राज्य सरकार ने 7 अधिकारियों के विरूद्ध अभियोजन चलाने की अनुमति दी। धारा 17-ए के 5 प्रकरणों में विस्तृत जाँच की अनुमति प्रदान की। नौ सेवानिवृत्त अधिकारियों की पूर्ण आंशिक पेंशन रोके जाने की कार्यवाही की।**

11 सेवारत अधिकारियों के विरूद्ध सीसीए नियम-16 तथा 2 अधिकारियों के विरूद्ध सीसीए नियम-17 के तहत कार्यवाही करते हुए वार्षिक वेतन वृद्धियां संचयी/असंचयी प्रभाव से रोके जाने के निर्णय किया है। इसके अतिरिक्त, सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 9 अधिकारियों की पूर्ण अथवा आंशिक पेंशन रोके जाने की कार्यवाही की गई है। वहीं 4 सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध प्रमाणित आरोपों के जांच निष्कर्ष का अनुमोदन किया गया है। साथ ही, भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1 सेवानिवृत अधिकारी के विरूद्ध अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1969 के नियम 08 में प्रमाणित आरोपों हेतु पेंशन रोकने के दण्ड की अभिशंसा भारत सरकार को भिजवाई गई है। इसी तरह 2 प्रकरणों में सीसीए नियम 34 के तहत अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत पुनर्विलोकन याचिकाओं को निरस्त करते हुए दण्ड को यथावत रखा गया है तथा विभागीय जांच के 2 प्रकरणों में आरोपित अधिकारियों को राहत दी गई है।

# मोदी ने शुभांशु शुक्ला से बात की

नयी दिल्ली, 28 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मिशन गगनयान को आगे बढ़ाने के साथ ही भारत को अंतरिक्ष में अपना स्टेशन बनाना है और यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर उतरे।

मोदी ने 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में गये दूसरे भारतीय नागरिक ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात करते हुए कहा चंद्रयान की सफलता

- **प्रधानमंत्री ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला से कहा कि चंद्रयान की सफलता के बाद देश के युवाओं में विज्ञान के प्रति नई रूचि विकसित हुई है।**

के बाद देश के युवाओं ने विज्ञान के प्रति एक नई रुचि विकसित की है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला से कहा, आज आप हमारी मातृभूमि से दूर हैं, लेकिन आप भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गहलोत खुद ही मुख्यमंत्री के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे होंगे : हनुमान बेनीवाल

## बेनीवाल ने कहा कि प्रेमचन्द बैरवा व मदन राठौड़ ने धरना हटवाया था, पर परीक्षा नहीं टली

जोधपुर, 28 जून (कासं)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वर्तमान मुख्यमंत्री के खिलाफ षडयंत्र वाले दावे पर कहा कि अशोक गहलोत खुद ही षड्यंत्र रच रहे होंगे। बिना गहलोत के भाजपा षड्यंत्र नहीं रच सकती। अगर मुख्यमंत्री को हटाने के लिए भाजपा के विधायक तैयार होते हैं, इसका मतलब गहलोत साहब से कोई बात हुई होगी। पहले वसुंधरा ने गहलोत साहब को विधायक दिए थे। यह तो राजस्थान में होता आया है। कोई नई बात नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद कहते हैं कि कांग्रेस के नेता रात के अंधेरे में उनसे मिलते हैं।

सांसद हनुमान बेनीवाल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए यह बात कही। वे शनिवार को जोधपुर आए हुए थे। इस दौरान, उन्होंने मीडिया से एसआई भर्ती, प्रदेश में भ्रष्टाचार, गहलोत-शेखावत की लड़ाई और मुख्यमंत्री के खिलाफ षड्यंत्र जैसे मुद्दों पर बातचीत की। बेनीवाल ने कहा कि सरकार गिराने में गहलोत खुद शामिल होंगे, क्योंकि जिन बीजेपी वालों से उनकी बात हुई होगी, उनको एमएलए वे ही देंगे। वे ऐसा पहले भी कर चुके हैं, इसलिए यह कोई अचरज वाली बात नहीं हैं।

- **राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने कहा कि पूर्वी राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण दिलाने के लिए फिर से आंदोलन होगा। इसके लिए वे रविवार को भरतपुर जा रहे हैं।**

शेखावत और गहलोत के बीच बयानबाजी पर चुटकी लेते हुए बेनीवाल ने कहा कि दोनों एक ही हैं, पहले बात हो गई होगी आपस में, इसलिए अब बयानबाजी कर रहे हैं। मिलीभगत के खेल से प्रदेश का बंटाधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने कहा था कि वह एसआई भर्ती रद्द करेगी, आरपीएससी का पुनर्गठन होगा। इसके झांसे में युवा आ गए थे, लेकिन अब पार्टी मुकर रही है। पिछले 66 दिन से धरना चल रहा हैं। कोई सुनवाई नहीं है। एक तारीख को मामले की सुनवाई है, अगर सरकार ने हमारे पक्ष में परिणाम नहीं दिया तो हम दिल्ली कूच करेंगे। बेनीवाल ने कहा कि आरएएस की मुख्य परीक्षा टालने के लिए उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने धरना हटवाया था, लेकिन बाद में क्या हुआ कि परीक्षा नहीं टाली गई।

बेनीवाल ने कहा कि पूर्वी राजस्थान के जाट समाज को केन्द्र में आरक्षण दिलाने के लिए फिर से आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए वे कल भरतपुर जा रहे हैं। भरतपुर के डेहरा मोड़ पर कार्यक्रम रखा गया हैं। वहां बड़ा निर्णय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के नौ राज्यों में जाट समाज को केन्द्र में ओबीसी आरक्षण से वंचित रखा गया है। इनमें राजस्थान में धौलपुर व भरतपुर शामिल हैं। राजस्थान में राज्य स्तर पर तो इन जिलों के जाट समाज को आरक्षण दे दिया गया, लेकिन केन्द्र के आरक्षण से वे आज भी वंचित हैं। इसको लेकर जाट आरक्षण संघर्ष समिति बनी हैं।

नागौर सांसद बेनीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि एसीबी में वे ही अफसर लिए जा रहे हैं, जो पहले से जमकर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। इसे बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसओजी के भी यही हालात हैं। वहां पर तीन के साथ एक फ्री है। तीन मुल्ज़िम ले जाओ,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोलकाता गैंग रेप में एक और गिरफ्तार

कोलकाता, 28 जून। दक्षिण कोलकाता में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से सहायता प्राप्त लॉ कॉलेज में कानून की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही इस मामले में पकड़े गये कुल संदिग्धों की संख्या चार हो गयी। कॉलेज परिसर के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को 25 जून की शाम को

- **मामले में अब तक चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।**

परिसर में हुए अपराध की जानकारी होने के बावजूद, पीड़िता की मदद नहीं करने के आरोप में शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। वहीं, तीन आरोपियों - कॉलेज के पूर्व छात्र एवं अब एड-हॉक कर्मचारी मनोजीत मिश्रा (31), प्रमित मुखर्जी (20) और जैब अहमद (19) को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था।

मुख्य आरोपी मनोजीत ने 2022 में कानून की उपाधि हासिल की थी और फिर एक गैर-शिक्षण कर्मचारी की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या है युवा अभिनेत्री शेफाली ज़रीवाला की आकस्मिक मौत का कारण

## कुछ फ़िज़ीशियन्स का मत है कि वे 8 साल से एंटी एजिंग ट्रीटमैंट ले रही थीं, संभवतया इसी वजह से उनकी मौत हुई है

मुंबई, 28 जून। बॉलीवुड अभिनेत्री शेफाली ज़रीवाला का निधन हो गया है। वह 42 वर्ष की थी। बताया जा रहा है कि 27 जून की रात शेफाली को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। उनके पति पराग त्यागी उन्हें तुरंत मुंबई मे एक अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहा चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अभिनेत्री से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शेफाली ज़रीवाला एक एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट ले रही थीं। यह उपचार आमतौर पर त्वचा की बनावट में सुधार लाने और अधिक युवा दिखाने के उद्देश्य से किया जाता है। इस प्रक्रिया में उपयोग की जाने वाली दवाओं में मुख्य रूप से विटामिन सी और ग्लूटाथायोन शामिल थे।

सूत्रों से पता चला है कि शुक्रवार को शेफाली का व्रत था और उसने देर शाम खाली पेट एंटी एजिंग इंजैक्शन लिया था, जिसके बाद उसका सारा शरीर कांपने लगा था। फिर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।



- **सूत्रों से पता चला है कि शेफाली ने शुक्रवार को व्रत रखा था और देर शाम उसने खाली पेट एंटी एजिंग इंज़ैक्शन लिया था, उसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई थी।**
- **शेफाली किशोरावस्था से मिर्गी से भी पीड़ित थीं, संभावना है कि शायद मिर्गी के दौरे का असर हृदय पर पड़ा हो।**
- **शेफाली ज़रीवाला की मात्र 42 वर्ष की उम्र में हुई असामयिक मौत ने एंटी एजिंग ट्रीटमैंट और उसके साइड इफैक्ट्स को चर्चा के केन्द्र में ला दिया है। इन दिनों कई सैलिब्रिटीज़ जवान बने रहने के लिए यह ट्रीटमैंट ले रहे हैं।**

एक डॉक्टर ने बताया, "ग्लूटाथायोन एक ऐसी दवा है जिसका उपयोग त्वचा को गोरा बनाने और शरीर के डीटॉक्सीफिकेशन के लिए किया जाता है।"

चिकित्सा साहित्य के अनुसार, अधिकांश सौंदर्य प्रक्रियाएं - जैसे फिलर्स, त्वचा कसने वाले ट्रीटमेंट्स और इंजेक्टेबल्स -प्रमाणित विशेषज्ञों द्वारा किए जाने पर सुरक्षित मानी जाती हैं। लेकिन कुछ दुर्लभ मामलों में एलर्जिक रिएक्शन, संक्रमण और रक्तवाहिनी संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं। ऐसा कम होता है, लेकिन किसी अप्रत्याशित और अस्पष्ट मेडिकल घटना की स्थिति में इन पर संदेह बढ़ जाता है। हालांकि आजकल कई सैलेब्रिटीज़ यह ट्रीटमैंट लेते हैं।

शेफाली फिटनेस को लेकर बहुत सजग थीं कि लेकिन बताया जाता है कि 15 साल की उम्र से उन्हें (एपिलैप्सी) मिर्गी की बीमारी थी, जिसका खुलासा खुद उन्होंने 2021 के एक इंटरव्यु में किया था।

उन्होंने खुद इस बीमारी को तनाव और एंग्ज़ायटी से जोड़ा था और कहा था कि प्रसिद्धी और मीडिया की चकाचौंध के बीच भी यह समस्या उनके जीवन का हिस्सा रही है लेकिन सही इलाज से उन्होंने इसे नियंत्रित कर लिया था। चिकित्सकों का कहना है कि कुछ दुर्लभ मामलों में मिर्गी का दौरा हृदय या सांस सम्बंधी जानलेवा समस्याएं पैदा कर सकता है।

शेफाली पहले भी मानसिक स्वास्थ्य और डिप्रेशन से संघर्ष के बारे में सार्वजनिक रुप से बोल चुकी थीं- ये ऐसे कारक हैं जो मिर्गी को और अधिक गंभीर बना सकते हैं। हालांकि उनकी बेहोशी से पहले मिर्गी के दौरे की पुष्टि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इटली में हुआ "शोले" का प्रीमियर

इटली, 28 जून। बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। इसमें फिल्म का अनकट वर्ज़न दिखाया गया है।

फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

- **इटली में हुए एक प्रतिष्ठित फिल्म फैस्टिवल में शोले का "अनकट वर्ज़न" दिखाया गया।**

इस अवसर पर 'शोले' के निर्देशक रमेश सिप्पी ने कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं ! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**वृक्ष खुद गर्मी सहन कर शरण में आये राहगीर को गर्मी से बचाता है। –कालिदास**

# वर्षाकाल में आयुर्वेद ऋतुचर्या

आयुर्वेद में दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या, रतिचर्या, स्वस्थवृत्त, सद्वृत्त, आहार, विहार आदि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा के उपयोगी और रणनीतिक उपाय हैं। पर्यावरण और पारिस्थिक तंत्र के साथ हमारे रिश्तों की अनवरत सार-संभाल या अनुकूलन ही ऋतुचर्या है। यह अनुकूलन ही धातुसाम्य और दोष साम्य रखता है। यही हमें रोगों से बचाता है या आयुर्वेद की भाषा में कहें तो अनागत रोगों का प्रतिकार या विकार-अनुत्पत्ति में सहायक है। आज की चर्चा वर्षाऋतु में स्वास्थ्य रक्षा के विविध उपायों पर केन्द्रित है, जिसके मुख्य शास्त्रीय स्त्रोत चरकसंहिता (च.सू.6.33-40), सुश्रुतसंहिता (सु.उ.64.46-55) एवं अष्टांगहृदय (अ.हृ.सू.3.42-48)हैं। ऋतुसंहार (2.1-29) में वर्षाऋतु का आँखों-देखा हाल रोचक है। स्वस्थवृत्त पर प्रकाशित समकालीन वैज्ञानिक शोध, जो लगभग नगण्य है, का भी सहारा लिया गया है। आयुर्वेदाचार्यों के अनुभवजन्य ज्ञान भी यहाँ समाहित है। एक महत्वपूर्ण बात प्रारंभ में ही बताना उपयोगी रहेगा कि संहिताओं में उपलब्ध जानकारी का मूल स्त्रोत लगभग आठवीं शताब्दी ईसापूर्व से लेकर सातवीं शताब्दी के मध्य का है। अतः ऋतुचर्या पर उपलब्ध कुछ सलाह या निर्देश ऐसे भी हैं जिनकी समकालीन सार्थकता को आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों के सन्दर्भ में सावधानीपूर्वक समझते हुये उपयोग में लेना ठीक रहेगा।

वर्षा ऋतु आते-आते, शिशिर, बसंत एवं ग्रीष्म ऋतु के प्रभाव से कमजोर हुये शरीर की अग्नि या भूख वात आदि दोषों से मंद पड़ती जाती है। प्रायः बादलों की छाया, नमी के कारण शीतल हुई हवा, मिट्टी में पानी पड़ने पर निकलने वाली शुरुआती भाप, भोजन का अम्लविपाक होना और सतही जल में प्रदूषण बढ़ जाने से जठराग्नि मंद हो जाती है। वात कुपित होकर अन्य दोषों पर भी प्रभाव पड़ता है। इस कारण वर्षा ऋतु में आहार-विहार में बड़ी सावधानी रखना आवश्यक है। आहार-विहार ऐसा हो जिसमे मुख्यतया वात के शमन के साथ ही कफ और पित्त का शमन भी हो। जठराग्नि चूँकि मंद रहती है, अतः भोजन का अग्निवर्धक होना आवश्यक है। सूत्र रूप में कहें तो वात शमन एवं जठराग्नि को दीप्त किये बिना वर्षा ऋतु में बीमारी से बच पाना संभव नहीं है। वर्षा ऋतु के प्रारम्भ में ही, अपने आयुर्वेदाचार्यो की सलाह से समुचित वमन, विरेचन, स्वेदन, मर्दन आदि से शरीर में संचित दोषों का शोधन करते हुये आस्थापन या निरूहणबस्ति का प्रयोग करना चाहिये।

खान-पान में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि जब तक पहले खाया हुआ भोजन ठीक से पच न जाये, तब तक पुनः भोजन नहीं करना चाहिये। वर्षा ऋतु में आराम से पच जाने वाले खाद्य पदार्थ लेना स्वास्थ्यकर रहता है। मधुर, अम्ल एवं लवण रसों का सेवन, हलका गरम दूध, घी, पुराने जौ, गेहूं व चावल, विशेष कर साठी के चावल लेना लाभकारी होता है। मूंग की दाल का जूस, पुराना शहद, पुराने आसव व अरिष्ट, मस्तु या दही का पानी, सौवर्चल या काला नमक, सैन्धव नमक, पंचपोल (पिप्पली, पीपलामूल, चव्य, चीता, नागरमोथा) का चूर्ण वर्षा ऋतु में बहुत उपयोगी रहते हैं। जिस दिन आकाश में बादल छाये हों, उस दिन खट्टे, नमकीन व स्निग्ध खाद्य पदार्थों के साथ सूखे चने-चबैने का आनंद लिया जा सकता है। ये सब लघु होने से जल्दी पच जाते हैं। रुक्ष व उष्ण खाद्य पदार्थ, नये अन्न, बहुत ठंडा पानी आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिये। छाछ या मठा, सत्तूके घोल आदि से बचना ही श्रेयस्कर है।

वर्षा ऋतु में नदियों, तालाबों और पोखरों में सिमट-सिमट कर आने वाला सतही जल अपने साथ बड़ी गन्दगी बहाकर लाता है। भारत में तीव्र आर्थिक विकास, साक्षरता दर में सुधार, और बेहतर जल स्त्रोतों की व्यापक पहुंच के बावज़ूद वर्ष 2011 की जनगणना में यह पाया गया कि 70 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों में शौचालय नहीं है। स्वाभाविक है कि पूरे देश के नदी-नाले, तालाब, पोखर और यहाँ तक कि कुओं के पानी में कॉलिफोर्म बैक्टीरिया भारी संख्या में पाये जाते हैं। वर्षानादेयमुदकानाम् (च.सू. 25.39) के द्वारा चरक ने स्पष्ट किया है कि बरसात के दिनों में नदियों का जल प्रकृति से ही अहितकर होता है। देश भर के प्रदूषण नियंत्रण मंडलों के आंकड़े और वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर देश की नदियों के प्रदूषण पर प्रकाशित 2000 शोधपत्र एवं भारत के जल प्रदूषण पर 7500 शोधपत्र गवाह हैं कि महर्षि चरक तब तो सही थे ही, आज 3000 साल बाद तो उनका कथन हर ऋतु के लिये सही है। भारत में आज कोई ऐसी नदी नहीं है जो नगरीय मल-जल या औद्योगिक प्रदूषण से प्रदूषित न हो। उपचार के बिना कोई सतही जल पीने योग्य नहीं बचा है। यहाँ तक कि भारत की सबसे पूज्य और पवित्र नदी का जल भी आज समुचित उपचार के बिना पीने के पूर्णतः अयोग्य है। अतः बिल्कुल साफ़ पानी ही पीने में प्रयोग करना चाहिये। नहाने के लिये भी नदी, नालों, तालाब या पोखर के पानी का प्रयोग नहीं करना चाहिये, क्योंकि दूषित पानी में ऋतु-जन्य, परिस्थिति-जन्य एवं पर्यावरण-जन्य संक्रमणकारी और प्रदूषणकारी तत्व मिले रहते हैं। अतः स्वस्थ रहने के लिये दिनचर्या, ऋतु चर्या, स्वस्थवृत्त आदि जैसे सभी साधारण उपाय करना चाहिये।

**खान-पान में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि जब तक पहले खाया हुआ भोजन ठीक से पच न जाये, तब तक पुनः भोजन नहीं करना चाहिये। वर्षा ऋतु में आराम से पच जाने वाले खाद्य पदार्थ लेना स्वास्थ्यकर रहता है। मधुर, अम्ल एवं लवण रसों का सेवन, हलका गरम दूध, घी, पुराने जौ, गेहूं व चावल, विशेष कर साठी के चावल लेना लाभकारी होता है।**

बिना जूते पहने नंगे पैर कीचड़ या गीली मिट्टी में चलना ठीक नहीं होता। गीले कपड़े नहीं पहनना चाहिये। वस्त्रों को समय-समय पर धूप में डालते रहना चाहिये या धोकर और सुखाकर अच्छी तरह प्रेस करने के बाद पहनने चाहिये। रहने की जगह भी ऐसी हो जहाँ सीलन या वर्षा की बौछारें न पहुँचती हों। वर्षा ऋतु में दिन में नहीं सोना चाहिये। अधिक परिश्रम करना, या धूप या ओस में बहुत ज्यादा समय तक रहना भी स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। बहुत अधिक व्यायाम या सेक्स भी वर्षा ऋतु में ठीक नहीं होता, हालाँकि आत्रेय विरचित सारसंग्रह में उपवन में टहलना और नियमित व्यायाम शक्ति संचय के लिये कल्याणकारी माना गया है। वर्षाऋतु के अन्त में जब शरदऋतु आने वाली होती है तब तक शरीर में पित्त का संचय होता रहता है और शरद ऋतु के आते ही संचित पित्त कुपित होने लगता है। अतः वर्षाऋतु के अन्त में अपने आयुर्वेदाचार्य की सलाह से तिक्तघृत या महातिक्तघृत का प्रयोग लाभकारी होता है।

भारत में छह प्रमुख वेक्टर जनित रोगों का भारी प्रकोप है। इनमें मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिएसिस, जापानी एन्सेफलाइटिस और विसरललि शमानियासिस शामिल हैं जो जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बढ़ सकते हैं। वर्षा ऋतु में तापमान की अधिकता के साथ ही जल की प्रचुरता से बैक्टीरिया, वायरस, मच्छर, मक्खी आदि का प्रकोप भी बढ़ जाता है। अध्ययन बताते हैं कि वर्षाऋतु में डेंगू-संक्रमित मच्छरों का प्रतिशत बढ़ जाने से आगे चलकर उनकी संक्रामकता बढ़ जाती है। साथ ही सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार, अपच, डायरिया आदि का प्रकोप भी बढ़ जाता है। ऐसी दशा में बीमार पड़ने पर प्रायः आयुर्वेद की वे औषधियां जो एन्टी-वायरल, एन्टी-बैक्टेरियल व एन्टी-इन्फेक्टिव प्रभाव वाली होती हैं उनसे शीघ्रता से लाभ मिलता है। विविध प्रकार के वायरल संक्रमण के कारण रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या में भारी कमी जानलेवा हो सकती है। अतः तुलसी, गुडूची, कालमेघ जैसे औषधीय पौधों से प्राप्त मानकीकृत औषधियाँ लाभकारी हो सकती हैं। इन प्रजातियों को घरों के आसपास उगाकर रखना और आयुर्वेदाचार्यों की सलाह से चिकित्सकीय उपयोग जीवन-रक्षा में मददगार हो सकता है।

इस सब चर्चा का हमारे लिये महत्व यह है कि यदि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना है तो समुचित ऋतुचर्या का पालन करना चाहिये। इससे अनावश्यक बीमार पड़ने से होने वालीधन की बर्बादी से बचा जा सकता है। दूसरी बात यह भी है कि ऋतुचर्या के पालन का अर्थ यह नहीं है कि आयुर्वेदोक्त दिनचर्या, रात्रिचर्या, स्वस्थवृत्त या सद्वृत्त आदि से छुटकारा मिल गया। सारांशतः देखें तो वर्षाऋतु में चार बातें सम्भालना आवश्यक है: प्रकुपित वात का शमन, मंद पड़ी जठराग्नि का प्रज्वलन, प्रदूषित जल व खाद्य सामग्री से पूर्ण बचाव, और वेक्टर-बॉर्न बीमारियों से बचाव व चिकित्सा। आचार्य चरक, सुश्रुत एवं वाग्भट आदि ने हालांकि यह स्पष्ट किया है कि वर्षा ऋतु में वात का प्रकोप बढ़ता है किन्तु समकालीन वैज्ञानिक अध्ययन और अनुभवजन्य ज्ञान स्पष्ट करता है कि आज दिनचर्या, रात्रिचर्या या ऋतुचर्या गड्डमड्ड होने के साथ ही प्रज्ञापराध या असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग से मुक्त जीवन जीना दूभर हो रहा है। ऐसी स्थिति में वर्षा ऋतु में केवल वात ही नहीं, बल्कि पित्त व कफ भी ठिकाने से भड़के रहते हैं। इसलिये वर्षाकाल में शरीर को स्वस्थ रखने के लिये केवल वात-नियामक, अग्नि-उद्दीपक और संक्रमण-मुक्त जीवनशैली नहीं बल्कि आयुर्वेदाचार्यों की सलाह से त्रिदोष-नियामक आहार-विहार और रसायन ही हमारा कल्याण कर सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# थक हार के इजरायल-ईरान की लड़ाई बंद हुई– आओ वर्तमान इजरायल के बारे में कुछ जानें



महावीर सिंह

**( यह लेख इजरायल, अरब देशों के तनाव से संबंधित, केवल कुछ बहुत सामान्य, ऐतिहासिक तथ्य पाठकों तक पहुंचने के लिए है )**

बात 1917 की है। संसार प्रथम विश्वयुद्ध में उलझा था। वस्तुत यह युद्ध विशुद्ध रूप से उपनिवेशवादी ताकतों के बीच अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र सुरक्षित रखने और विस्तार देने का था। भारत जैसे गरीब परतंत्र देशों का इस से कोई लेना-देना नहीं था, सिवाय इसके कि अंग्रेजों की भारतीय सेनाओं को भी युद्ध में झोंका गया। इस युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस, अमरीका, रूस, इटली, जापान इत्यादि देश एक तरफ थे और जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, ऑटोमन साम्राज्य (तुर्क) आदि दूसरी ओर थे। युद्ध सभी देशों की आर्थिक हालत पतली कर देता है। ब्रिटेन, अमरीका को भी जन सहयोग से धन प्राप्ति व अन्य प्रकार से सहयोग की आवश्यकता थी। समृद्ध यहूदी व्यवसायों में और आम यहूदियों ने हर प्रकार से इनकी सहायता की।

इस विविध प्रकार के सहयोग के फलस्वरूप ब्रिटेन ने पूरे संसार में बिखरे यहूदियों को उपकृत किया। 2 नवंबर 1917 में ब्रिटेन के विदेश मंत्री बालफोर ने एक आधिकारिक वक्तव्य दिया जिसे बालफोर घोषणा के रूप में जाना जाता है। इसका सार था कि फिलिस्तीन में यहूदियों के लिए एक राष्ट्रीय घर स्थापना के प्रति ब्रिटेन का समर्थन था। महत्वपूर्ण यह है कि यह पत्र एक प्रसिद्ध व्यवसाई व जियोनी संघ के अध्यक्ष वाल्टर रोथ्सचाइल्ड को लिखा गया। यह मात्र एक घोषणा थी। इजरायल देश की स्थापना तो कालांतर में 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के जरिए हुई। बालफोर घोषणा का असर यह हुआ कि जिन-जिन मध्यपूर्व यूरोपियन देश, जिनमें यहूदी विरोधी भावनाएं थी वहां से व अन्य पश्चिमी देशों से यहूदी इस क्षेत्र में आकर बसने लगे। 1900-17 के बीच, अनुमानत, जहां 50 हजार से भी कम यहूदी फिलिस्तीन क्षेत्र में थे, 1948 तक इनकी संख्या बढ़ कर 6-7 लाख हो गई। अनुमान है कि 2-ढाई लाख यहूदी तो वे थे जो नाजी लहर के चलते जर्मनी छोड़ कर इधर-उधर हो गए थे।

विश्वयुद्ध समाप्ति पर विजय शक्तियों ने पराजित ऑटोमन साम्राज्य के भूभाग का विभाजन विभिन्न अरब मुल्कों में कर दिया। नए बने देश फिलिस्तीन, जॉर्डन, सीरिया व इराक पर फ्रांस, ब्रिटेन का कब्जा हो गया जिसका गुप्त समझौता, युद्ध समाप्ति के काफी पहले 1916 में ही दोनों देश कर चुके थे। विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद गठित लीग आफ नेशन्स ने कुछ भूभागों का सामान्य प्रशासन चलाने के लिए अलग-अलग विजेता राष्ट्रों को अधिकृत किया। इन्हें मैनडेटेड क्षेत्र कहा गया। फिलिस्तीन का मैंडेट ब्रिटेन को सौंपा गया। फिर आ गया सेकेंड वर्ल्ड वार। नाजीवाद के अत्याचारों, नरसंहार आदि के चलते बहुत बड़ी संख्या में यहूदी जर्मनी छोड़ अन्य देशों में चले गए और यह अलग यहूदी राज्य की स्थापन की मांग का प्रमुख कारण बन गया। विश्व युद्ध की समाप्ति पर विश्व के देशों के बीच शांति स्थापित रखने, उनकी समस्याओं को निपटाने के लिए लीग आफ नेशन्स के स्थान पर, संयुक्त राष्ट्र के नाम के नए संगठन की स्थापना की जो अब इस कार्य के लिए लगभग 100 प्रतिशत असफल सिद्ध हो चुका है। ब्रिटेन में फिलिस्तीन क्षेत्र को, आगे के फैसलों के लिए, यूएनओ से अनुरोध किया। यूएनओ ने विभिन्न देशों की एक समिति गठित कर विचार मांगे। समिति में दो विकल्प सामने आए। एक था कि यहूदियों के लिए व फिलिस्तीनियों के लिए दो अलग-अलग देश बनाए जाए और दूसरा था कि दो स्वायत शासन क्षेत्र स्थापित किए जाएं जिन में से एक में फिलिस्तीनियों की व दूसरे में यहूदियों की अधिसंख्या हो और इन दोनों का एक संघ हो।

इस्लामिक अरब राष्ट्रों को दोनों नामंजूर थे और यहूदियों के नेताओं को स्वायत क्षेत्रों वाला प्रस्ताव अस्वीकार था। अंततः 29 नवंबर 1947 को बहुमत से यूएनओ का प्रस्ताव संख्या 181 पारित हुआ और स्वतंत्र यहूदी राज्य इजरायल की स्थापना हुई। मई 1948 में अमरीका, सोवियत संघ व उससे संबद्ध पोलैंड आदि में इजरायल को मान्यता दे दी। अमरीका, रूस के अतिरिक्त ईरान जो अब इजरायल का सबसे बड़ा दुश्मन है और तुर्क इजरायल की स्थापना के तत्काल बाद मान्यता देने वाले देश थे।

यूएनओ प्रस्ताव के बाद भी अरब देशों-मिश्र, सीरिया, जॉर्डन, इराक, लेबनान ने स्वतंत्र इजरायल को मान्यता न देकर, 1948 में उसके हिस्से वाले फिलिस्तीन में अरब वॉलंटियर्स के रूप में लड़ाई जारी रखी। इजरायल की भी कोई संगठित सेना नहीं थी। फिलिस्तीन में बसे यहूदियों के विभिन्न हथियार बंद संगठन बने हुए थे, उन्होंने अरब लीग वॉलंटियर्स या सैनिकों के साथ युद्ध किया। अंततः 1949 में यूएनओ के प्रयासों से, इजरायल वो सभी लड़ने वाले अरब स्टेट्स में अलग अलग युद्ध विराम हुआ और युद्धविराम रेखा बतौर अस्थाई सीमा रेखा कायम हुई।

इसके बाद भी इजरायल व पड़ोसी देशों या स्वतंत्रता चाहने वाले संगठनों अथवा इजरायल के गठन को अस्वीकार करने वाले समूहों में युद्धों का सिलसिला जारी रहा। 1967 में 8 अरब देशों में इजरायल का रिकॉग्निशन समाप्त किया। बाद में धीरे-धीरे वापिस भी राजनयिक संबंध बनाए। 1973 में फिर एक युद्ध हुआ जो योमकिप्पुर युद्ध के नाम से जाना जाता है। यह युद्ध सिनाय प्रायद्वीप और गोलन हाइटस, जो 1967 के युद्ध में इजरायल ने कब्जा ली थी, उनका कब्जा पुनः इजरायल से पाने के लिए लड़ा गया।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि इजरायल अरब देशों के बीच लगातार संघर्ष चलता आ रहा है, अब भी विभिन्न प्रकार से यह चल रहा है।

यहां यह स्मरण रखना भी बड़ा ही दिलचस्प है कि फिलिस्तीन का क्षेत्र यहूदियों, मुसलमानों व ईसाईयों सभी के लिए मायने रखता है। येरुशलम यही है जो तीनों धर्मों के लिए पवित्र है। इन तीनों धर्मों के धर्मावलंबियों में संघर्षों का इतिहास भी लंबा है। यह ओर भी दिलचस्प है कि तीनों धर्मों का आदिपुरुष या भगवान एक ही है। मोटे रूप से, कुछ भिन्नताएं को छोड़ कर तीनों ही एकेशवरवादी धर्म है। पाठकों के लिए इस संबंध में कुछ जानना रुचिकर होगा। अगले किसी अंक में इस पर मोटामोटी रूप से विचार करेंगे।

अब चलते चलते इस पर विचार करना कि विश्व में जहां भी देशों, संगठनों में जो तनाव चल रहे है उनके पीछे वैश्विक किरदार जो दिखते हैं वही हैं कोई पर्दे के पीछे कोई ओर होते हैं? ओर इन सारे संघर्षों में, आम आदमी की क्या हैसियत सिवाय आग्नेय अस्त्रों का चारा बनने के या किसी के पक्ष विपक्ष में जुलूस निकालने, नारे लगाने के!!!! गाजा में या अन्यत्र मारे जा रहे निहत्थों का, प्रताड़ितों क्या दोष?

**–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# अपशिष्ट पदार्थ डालने की वजह से नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ा

## देश की आजादी से पहले पावटा कस्बे में सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नहर का निर्माण करवाया था

**पावटा, (निसं)।** कस्बे की पुरा महत्व की नहर में अपशिष्ट पदार्थ डालने की वजह से नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। हालात ये हैं कि नहर से उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों को नाक पर रूमाल या हाथ रखकर गुजरना पड़ता है, जिससे आम-आदमी परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदारों को इसकी परवाह नहीं है।

स्थानीय बाशिंदों ने बताया कि पावटा कस्बे में सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नहर का निर्माण करवाया था। देश की आजादी के बाद तक इसका उपयोग हुआ, लेकिन बढ़ती आबादी एवं पेयजल के अन्यस्त्रोत विकसित होने के बाद इस नहर की उपेक्षा शुरू हो गई। नतीजतन, वर्तमान में यह नहर न सिर्फ अतिक्रमण का शिकार हो गई, बल्कि आसपास के लोगों द्वारा इसमें कचरा डाला जा रहा है, जिसके चलते इसने नहर के बदले कचरागाह का रूप ले लिया है। जानकारों की मानें तो यदि जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और नगरपालिका व प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली तो नहर का अस्तित्व मिट जाएगा। यहां नहर होना बीते दिनों की बात हो जाएगी और इसके स्थान पर पक्के निर्माण हो जाएंगे। नहर में डाले जाने वाले कचरे से उठने वाली सड़ांध हवा के रुख बदलते रहने पर आसपास क्षेत्र में फैलती है, जो नहर के आसपास के दुकानदारों, बाशिंदों, ग्राहकों, राहगीरों एवं वाहन चालकों को तकलीफदेय साबित हो रही है।

नहर से चंद मीटर दूरी पर ही विद्यालय एवं लोकल बस स्टैण्ड बना हुआ है। नहर से उठने वाले दुर्गंध से बस यात्री व विद्यार्थी एवं राहगीर भी परेशान रहते हैं। नहर को कचरागाह बनाने के बावजूद शासन-प्रशासन को इसकी अनदेखी कर ही रहा है, लेकिन शहर के पर्यावरण प्रेमी भी मौन है।



**पावटा कस्बे की पुरा महत्व की नहर में अपशिष्ट पदार्थ डालने से नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।**

- **नहर से चंद मीटर दूरी पर ही विद्यालय एवं लोकल बस स्टैण्ड बना हुआ है**
- **नहर से उठने वाले दुर्गंध से बस यात्री, विद्यार्थी एवं राहगीर भी परेशान रहते हैं**

यही कारण है कि कुछ लोग स्वयं की सुविधा के लिए नहर में कचरा डालते रहते हैं, जो इसमें सड़ता रहता है। जानकारों का कहना है कि इस नहर का भी सौन्दर्यीकरण किया जा सकता है।

सिंचाई विभाग एईएन शैलेन्द्र गढ़वाल ने बताया कि विभाग को बिना सूचित किए नगरपालिका द्वारा नहर की खुदाई व सफाई करवाई गई है। खुदाई करवाकर नहर के किनारों पर ही गंदगी छोड़ दी गई ज्योंकि गलत है। नया टेंडर करवाकर नहर पर हो रहे अतिक्रमण व उसकी साफ सफाई करवाई जाएगी।

# अंत्योदय संबल शिविर का लोगों को मिल रहा लाभ

**आसीन्द, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, नेगड़िया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना था। राजस्व, बिजली विभाग, पंचायती राज, चिकित्सा और जल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। नामांतरण और पट्टे जारी करने के साथ खाद्य सुरक्षा संबंधी कार्यों का भी निपटारा हुआ।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का नेगड़िया में अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई कर आमजन के आवश्यक कार्यों का त्वरित निस्तारण किया और विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेहरा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेगड़िया में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। वहीं खातोंला गांव के ग्रामीणों ने बिजली, पानी की समस्या को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश मेहरा को ज्ञापन सौंपा। चिकित्सा विभाग ने दिव्यगजनों आयुष्मान कार्ड गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, बच्चों के टीकाकरण, टीबी रोगियों की जांच, निशुल्क दवा, प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत की नेगडिया सरपंच ने ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील की थी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की। परिवार को नि:शुल्क पट्टा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रोहित सिंह, तहसीलदार जयसिंह, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीतम गुप्ता, डॉ. राजेंद्र मीणा, विकास अधिकारी भंवरसिंह, चिकित्सा विभाग से श्याम सिंह चुंडावत, आशा बैरवा, महेंद्र कुमार, पटवारी भूपेंद्र सिंह, सरस्वती प्रजापत, शबाना बानो, ललित जायसवाल, पारस देवी, सुगना बलाई, आशा सहयोगिनी उपस्थित थी वहीं सभी विभागों की अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस शिविर में क्षय रोग पीड़ित रोगियों को महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा बैरवा और पंचायती शिक्षक सुरेश चंद खटीक ने पोषण किट प्रदान किया।


# गोविंदगढ़ के वार्ड सात के लोग बूंद-बूंद पानी को तरसे

**गोविन्दगढ़/अलवर, (निसं)।** गोविंदगढ़ कस्बे के वार्ड नंबर सात गांधी पार्क के पीछे के हालात इतने खराब है कि आए दिन पानी की समस्या से लोग जूझ रहे है। तीन से चार दिन में पानी की सप्लाई दी जाती है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी 28 जून को भी पानी की सप्लाई वार्ड नंबर सात के ग्राम वासियों को नहीं मिल पाई। पानी की सप्लाई का भी कोई टाइम टेबल निर्धारित नहीं है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी समस्या होती है। कई बार तो रात को पानी की सप्लाई दी जाती है जिससे उपभोक्ताओं को चोरी एवं अन्य घटनाओं का भी डर बना रहता है। रात्रि के समय सप्लाई देने पर जिसकी शिकायत 181 राजस्थान पोर्टल पर भी की गई एवं संबंधित विभाग के कनिष्ठ अभियंता निशा मीणा, सहायक अभियंता जैकी शर्मा, अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार मीणा को दूरभाष के जरिए दी गई। परंतु समस्या का समाधान नहीं किया गया और एक दूसरे पर टालते हुए नजर आए।

- **पांच सौ रुपये में टैंकर मंगवा रहे हैं**

अधिकारी उपभोक्ताओं की पानी की समस्या को हल करने में नाकाम दिखाई दे रहे हैं। लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। 500 रुपये देकर टैंकरों द्वारा पानी डलवाकर अपनी पूर्ति कर रहे हैं। वार्ड नंबर सात गांधी पार्क के पीछे में ज्यादातर उपभोक्ता सेवानिवृत्त हैं, जिन्हें हर तीसरे दिन 500 रुपये का टैंकर डलवाना पड़ता है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### रविवार 29 जून, 2025

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, आश्लेषा नक्षत्र प्रातः 6:34 तक, वज्र योग सायं 5:58 तक, विष्टि करण प्रातः 9:15 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 6:34 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग प्रातः 6:34 तक है। यमघट योग प्रातः 6:34 से सूर्यास्त तक है। आज भद्रा प्रातः 9:15 तक है। शुक्र वृष दिन 2:09 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:22 से 9:05 तक, लाभ-अमृत 9:05 से 12:30 तक, शुभ 2:12 से 3:55 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:40, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। आज परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**कर्क**
धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। शुभ कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आज परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। आज मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**मकर**
परिवार कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मीन**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां, सत्ता और संगठन के बीच स्पष्ट समन्वय : प्रदेश प्रभारी

## भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने ली संगठनात्मक बैठक

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहनदास अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। राजधानी जयपुर में आयोजित बैठक में भाजपा के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सांसद एवं विधायक प्रत्याशी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां सत्ता और संगठन के बीच समन्वय स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।



भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

पार्टी में कार्यकर्ताओं को सदैव प्राथमिकता दी जाती है और उन्हीं के माध्यम से जनता की समस्याओं को चिन्हित कर सरकार द्वारा त्वरित समाधान किया जाता है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर उनकी बातों को सुनना और जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही भाजपा की कार्यशैली का मूल आधार है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने की नीति की सराहना करते हुए कहा कि देशभर में भाजपा सरकार का ग्राफ इसलिए निरंतर ऊंचा हो रहा है क्योंकि पार्टी जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक सक्रिय बनाकर आगामी समय में पार्टी की उपस्थिति को प्रत्येक गांव, शहर और कस्बे तक सशक्त किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं-जैसे आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना और जल जीवन मिशन- का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही लाभार्थियों से सीधा संवाद कर योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

भाजपा की संगठनात्मक बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अब समय आ गया है जब सत्ता और संगठन मिलकर राजस्थान की परंपरागत राजनीतिक सोच को तोड़ें। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार राज्य के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, और हमें यह सुनिश्चित करना है कि पांच साल बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार राजस्थान में दोबारा बने।

राठौड़ ने घोषणा की कि संगठन और सत्ता के बीच प्रभावी समन्वय के लिए भाजपा एक महामंत्री की नियुक्ति करेगी, जो कार्यकर्ताओं द्वारा सुझाए गए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार तक पहुंचाएंगे और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करवाएंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में जनता से जो वादे किए गए थे, उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक वादों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पहले ही कार्यकाल वर्ष में पूरा कर दिखाया है।

यह दर्शाता है कि भाजपा केवल वादे नहीं करती, बल्कि उन पर अमल भी करती है। राठौड़ ने कहा कि संगठन और कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका है।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे सरकार के जनहितैषी कार्यों को गांव-गांव, गली-गली तक ले जाएं ताकि हर नागरिक को भाजपा सरकार की नीतियों का लाभ मिल सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना है।

# पायलट बेटे की मौत के बाद मां ने भी दम तोड़ा



केदारनाथ हेलिकॉप्टर क्रैश में मारे गए जयपुर के पायलट राजवीर सिंह चौहान की मां विजय लक्ष्मी चौहान की शनिवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। गमगीन माहौल में शनिवार को उनका अंतिम संस्कार हुआ।

**जयपुर।** केदारनाथ हेलिकॉप्टर क्रैश में मारे गए जयपुर के पायलट राजवीर सिंह चौहान की मां विजय लक्ष्मी चौहान की शनिवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सैकड़ों लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को ही राजवीर की मौत के 12 दिन पूरे हुए थे। दरअसल, 15 जून को केदारनाथ हेलिकॉप्टर क्रैश में पायलट राजवीर सिंह चौहान समेत 7 लोगों की मौत हो गई थी। राजवीर आर्मी से लेफ्टिनेंट कर्नल पद से रिटायर थे। सेना से रिटायर होने के बाद राजवीर एक प्राइवेट एविएशन कंपनी के लिए हेलिकॉप्टर फ्लाइंग कर रहे थे।

राजवीर सिंह 4 महीने पहले ही जुड़वा बेटों के पिता बने थे। शनिवार सुबह शास्त्रीनगर राणा कॉलोनी में घर के बाहर परिवार और कॉलोनी के लोग बैठे हुए थे। इस दौरान विजय लक्ष्मी चौहान (58) पत्नी गोविंद सिंह चौहान के सीने में दर्द होने लगा। परिवार और कॉलोनी के लोग उन्हें लेकर कांवटिया अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।ज्ञात रहे कि राजवीर सिंह चौहान के सम्मान में सर्व समाज की ओर से रविवार को मां भारती के वीर सपूत के नाम पर एक विशेष कार्यक्रम प्रस्तावित था।

इसमें नंदी बाबा मंदिर के चौक और सड़क का नाम ले. कर्नल राजवीर सिंह चौहान करने, वीर तिरंगा यात्रा निकालने, सामूहिक श्रद्धांजलि सभा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ रखा गया था। इसी कार्यक्रम की चर्चा के लिए सोना कंवर अपने रिश्तेदारों और कॉलोनी के लोगों से बातचीत कर रही थी।

# नाक से अलगोजा बजाकर रचा इतिहास

## लोक कलाकार रामनाथ चौधरी की प्रतिभा को मिलेगा राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान

**जयपुर ।** राजस्थान की लोकधुनों को दुनिया भर में पहचान दिलाने वाले चाकसू क्षेत्र के गांव बाड़ा पदमपुरा निवासी अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अलगोजा वादक रामनाथ चौधरी ने आज सचिवालय में राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से भेंट की।

अपनी कला, उपलब्धियों और जीवन संघर्ष से अवगत कराते हुए उन्होंने आग्रह किया कि केंद्र सरकार द्वारा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाए।

- लोक कलाकार रामनाथ चौधरी से मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिए संकेत



अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अलगोजा वादक रामनाथ चौधरी ने शानिवार को सचिवालय में राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से भेंट की।

रामनाथ चौधरी कोई साधारण कलाकार नहीं हैं - वे दुनिया के पहले ऐसे कलाकार हैं जो नाक से अलगोजा बजाने की दुर्लभ कला में निपुण हैं, और उनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। अपनी 12 फीट लंबी ऐतिहासिक मूंछों,कच्ची घोड़ी नृत्य,परंपरागत वेशभूषा और अनूठे वादन से वे देश-विदेश में राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान बन चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यों के दस्तावेज, पुरस्कारों की सूची और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिए गए योगदान की जानकारी उपमुख्यमंत्री को सौंपी। इस पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि "राजस्थान की लोककलाएं हमारी आत्मा हैं, और रामनाथजी जैसे कलाकार हमारी पहचान। सरकार उनकी कला को देश के सर्वोच्च मंच तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।" उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार केंद्र को सिफारिश भेजेगी, जिससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लोककला क्षेत्र में पदक/सम्मान दिलाया जा सके। साथ ही, उन्होंने यह भी संकेत दिया कि रामनाथ चौधरी को राजस्थान सरकार द्वारा भी विशेष राज्य सम्मान दिया जाएगा। उनकी इस अद्भुत लोक कला और दस्तावेजों को देखकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि रामनाथ चौधरी सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि राजस्थान की आत्मा के वाहक हैं। उनकी नाक से फूंक कर बजाई गई धुनों में राजस्थान की मिट्टी की गूंज सुनाई देती है। उनकी मुलाकात और सरकार का सकारात्मक रुख निश्चित तौर पर लोककलाओं को मुख्यधारा में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# कोल्ड ड्रिंक की बोतल में फंगस, उपभोक्ता आयोग ने लगाया हर्जाना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** जिला उपभोक्ता आयोग क्रम-1, महानगर प्रथम ने गंदगी और फंगस वाली मिरंडा ब्रांड की कोल्ड ड्रिंक का बेचान करने को विक्रेता और निर्माता का सेवा दोष माना है।

इसके साथ ही आयोग ने बोतल विक्रेता श्रीजी एंटरप्राइजेज और निर्माण वरुण ब्रेवरेज लि. पर पन्द्रह हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही आयोग से बोतल के मूल्य के तौर पर वसूले गए 55 रुपए भी ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। आयोग अध्यक्ष सूबे सिंह यादव और सदस्य हेमलता अग्रवाल व आशुतोष चौधरी ने यह आदेश महेश कुमार गुप्ता के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए।

परिवाद में अधिवक्ता सत्यपाल ने आयोग को बताया कि घर पर मेहमान आने पर उसने 28 मई, 2016 को विपक्षी दुकानदार से मिरंडा की 1.25 लीटर की बोलत 55 रुपए में खरीदी थी।

परिवादी ने मेहमानों को परोसने के लिए जैसे ही बोतल खोलनी चाही, एक मेहमान की नजर बोतल में पड़े कचरे पर गई। मेहमान के टोकने पर परिवादी ने बिना खोले ही बोतल का निरीक्षण किया तो उसमें कचरे के साथ-साथ फंगस भी मिला। ऐसे में उसे क्षति राशि दिलाई जाए।

इसका विरोध करते हुए दुकानदार ने कहा कि वह बोतल के पेय का निर्माता नहीं है। वह दूसरे विपक्षी की ओर से निर्मित पेय को सिर्फ बेचने का काम ही करता है। ऐसे में यदि बोलत में फंगस है तो इसके लिए निर्माता की जिम्मेदारी है।

दूसरी ओर निर्माता वरुण ब्रेवरेज की ओर से कहा गया कि परिवादी ने बोतल की जांच के लिए उसे निर्माता की प्रयोगशाला में नहीं भेजा। ऐसा लगता है कि बोतल में एंटरपोल्यूषन कर कचरा डाला होगा। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद उपभोक्ता आयोग ने विक्रेता और निर्माता पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय काल : मदन राठौड़

## आपातकाल का काला अध्याय आज की पीढ़ी को जानना और समझना अत्यंत आवश्यक : अंकित चेची

**जयपुर ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची के नेतृत्व में शनिवार को जयपुर ग्रेटर नगर निगम के सभागार में "आपातकाल" की 50वीं बरसी के अवसर पर एक विशेष मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने की। राठौड़ ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय काल बताया और युवाओं से अपील की कि वे लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा को बनाए रखने के लिए सजग रहें। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को 25 जून 1975 का काला दिवस के बार में जानना चाहिए। कांग्रेसी नेताओं ने निरंकुश होकर जनता के मौलिक अधिकारों का हनन किया और जनता के साथ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस की आजादी तक छीन ली। भाजयुमो द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम एक प्रेरणास्पद पहल के रूप में उभरा, जो भविष्य में युवाओं को जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन करता रहेगा।

भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने कहा कि आपातकाल भारतीय संविधान और जनता की स्वतंत्रता पर किया गया कुठाराघात था, जिसे आज की पीढ़ी को जानना और समझना अत्यंत आवश्यक है। मॉक पार्लियामेंट का यह आयोजन उसी कडी में एक प्रयास है। इस आयोजन का उद्देश्य आपातकाल के काले अध्याय को स्मरण कर युवाओं को भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति जागरूक करना था। इस आयोजन ने न केवल युवाओं को राजनीतिक चेतना से जोड़ा, बल्कि उन्हें लोकतांत्रिक प्रणाली की बारीकियों को समझने का अवसर भी प्रदान किया। मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से युवाओं ने अपने विचारों को अभिव्यक्त किया और भारतीय लोकतंत्र की मजबूती में अपने दायित्व को पहचाना। चेची ने बताया कि मॉक पार्लियामेंट विभिन्न सत्रों में आयोजित की गई, जिनकी अध्यक्षता क्रमशः विधायक गोपाल शर्मा, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, राजेंद्र शेखावत और प्रमोद वशिष्ठ ने की। प्रतिभागियों ने संसद की कार्यवाही का जीवंत चित्रण करते हुए उस समय की परिस्थितियों, विरोधों एवं नागरिक अधिकारों के हनन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें से चार प्रमुख वक्ताओं को विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की भूमिका भी सराहनीय रही। इसमें जीएस राजपुरोहित, सौरभ सारस्वत, भाग्य श्री सैनी एवं बीडी रावत शामिल रहे। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री पूजा कपिल मिश्रा,जयपुर शहर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पुरूवंशी, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक नरपतदान चारण, कार्यक्रम के प्रदेश सह-संयोजक लोहित सिंह चौहान, दीपक शर्मा, अर्जुन सिंह धाबाई, अभिमन्यु सिंह राव, विशाल भारद्वाज, मानवेंद्र सिंह, दीपक मेहरा सहित अन्य कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

- आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजयुमो द्वारा मॉक पार्लियामेंट का आयोजन
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पीकर का पद संभाल शुरू की कार्यवाही

# जयपुर में कोरोना के 3 नए मामले सामने आए

- प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या हुई 120
- राज्य में कुल मरीजों की संख्या 718 पहुंची, जिसमें से जयपुर में 435 संक्रमित

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी होने के बावजूद अभी खतरा टला नहीं है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से धीरे-धीरे नए मामलों की पुष्टि हो रही है। 28 जून को कोरोना के 3 नए मामले सामने आए हैं, जिससे इस वर्ष कुल मरीजों की संख्या 718 हो गई है।

चिकित्सा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जयपुर में सामने आए इन तीन मामलों में ईएचसीसी, महात्मा गांधी और बी-लाल लैब से एक-एक संक्रमित की पुष्टि हुई है। संक्रमितों में 84 वर्षीय पुरुष व 54 वर्षीय महिला जयपुर से तथा 71 वर्षीय महिला सवाई माधोपुर से शामिल हैं। वर्ष 2025 में अब तक 718 रिपोर्टेड मरीज है, जिसमें से 595 स्वस्थ हो चुके है जबकि 120 एक्टिव है और अब तक तीन की मौत हो चुकी है। इसी प्रकार जयपुर में सबसे अधिक 435, उदयपुर 86, जोधपुर 41, बीकानेर 29, चित्तौड़गढ़ 14, अजमेर, डीडवाना 10, दौसा, झालावाड़ 09, टोंक 7, सवाई माधोपुर 6, अलवर, डुंगरपुर, करौली 5-5, भरतपुर, भीलवाडा, नागौर, राजसमंद, सीकर 4-4, खैरथल-टिजारा, कोटपुतली 3-3, बांसवाड़ा, बालोतरा, चुरु, डेग, झुंझुनूं, हनुमानगढ़, प्रतापगढ़ 2-2, बारमेर, बेवर, जालोर, कोटा, फालोडी, सिरोही, एमपी में 1-1 केस दर्ज किए गए है। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि सतर्कता जरूरी है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनें, हाथ धोते रहें और लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएं। वहीं दूसरी ओर विशेषज्ञों का कहना है कि संक्रमण अब हल्के रूप में सामने आ रहा है, लेकिन बुजुर्गों व गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

# रेलवे पटरी के पास मिला एक व्यक्ति का शव

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना इलाके में शनिवार सुबह रेलवे पटरी के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। किसी राहगीर ने पटरी किनारे लाश देख पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। वहीं घटनास्थल पर पुलिस ने शव की तलाशी ली,लेकिन मृतक के पास से कोई भी पहचान पत्र,दस्तावेज या कोई अन्य सामान नहीं मिला। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

- हादसा या हत्या,पुलिस हर एंगल से कर रही है जांच

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मामला हादसा या हत्या दोनों हो सकता है। यह आशंका जताई जा रही है कि यह व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आकर मर गया हो या फिर किसी ने इसकी हत्या कर शव को पटरी के पास फेंका हो।

पुलिस टीम हर एंगल से जांच में जुटी है। घटनास्थल पर आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का मानना है कि यह घटना रात या अल सुबह की हो सकती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और मृतक की पहचान होने के बाद ही कार्रवाई की गई जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मौखिक निर्देश की पालना में एपीओ करने के आदेश पर रोक

## ट्रिब्यूनल ने चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक और हनुमानगढ़ सीएमएचओ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को निदेशालय से दूरभाष से प्राप्त मौखिक आदेश से एपीओ करने पर रोक लगा दी है।

इसके साथ ही अधिकरण ने मामले में चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक और हनुमानगढ़ सीएमएचओ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अधिकरण के सदस्य चेतनराम देवड़ा और लेखराज तोसावडा ने यह आदेश डॉ. प्रदीप कडवासरा की अपील पर दिए।

अपील में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अधिकरण को बताया कि अपीलार्थी हनुमानगढ के नोहर में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। हनुमानगढ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य निदेशालय से दूरभाष पर प्राप्त मौखिक निर्देश पर गत 16 मई को अपीलार्थी को एपीओ कर दिया और उसे बीकानेर मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के कार्यालय में उपस्थिति देने को कहा।

इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा गया कि अपीलार्थी को राजस्थान सेवा नियम, 1951 के नियम 25क के प्रावधानों के विपरीत जाकर एपीओ किया गया है। अपीलार्थी को न तो मौखिक निर्देश की पालना में एपीओ किया जा सकता था और ना ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उसे एपीओ करने का अधिकार है। अपील में बताया गया कि अपीलार्थी मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी है। ऐसे में उसे एपीओ करने की शक्ति निदेशक स्तर के अधिकारी को ही प्राप्त है। इसलिए उसे एपीओ किए गए आदेश को रद्द किया जाए।

जिस पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने एपीओ आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

- अधिकरण के सदस्य चेतनराम देवड़ा और लेखराज तोसावडा ने यह आदेश डॉ. प्रदीप कडवासरा की अपील पर दिए।

# तीन स्पा सेंटर संचालक गिरफ्तार

**जयपुर।** चित्रकूट थाना पुलिस ने स्पा सेन्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन पुरुषों सहित पांच महिलाओं को डिटेन कर तीन स्पा सेंटर संचालक को गिरफ्तार किया है।अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि चित्रकूट इलाके के एलिमेंट्स मॉल स्थित के 3 एम स्पा और चित्रकूट स्थित स्टार लाइन स्पा सेंटर व मसाज की आड़ में अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिस पर पुलिस टीम का गठन कर संचालित के 3 एम स्पा और स्टार लाइन स्पा सेंटर में छापेमारी की गई तो स्पा एवं मसाज केन्द्र,निर्धारित मापदंडों पर खरा नहीं उतरा तथा उसमे नियमों का पालन सम्पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा था। जिस पर स्पा सेंटर के संचालक दिलखुश सिंह निवासी भीलवाड़ा हाल चित्रकूट जयपुर,सक्षम निवासी सीकर और बहादुर सिंह राठौड़ निवासी सीकर हाल झोटवाडा जयपुर को गिरफ्तार किया गया।

# प्रदेश की पहली बाइक ऑन रेंट सेवा का उदयपुर से हुआ आगाज

## सहकारिता मंत्री ने किया को-ऑप राइड का शुभारंभ

**जयपुर ।** संयुक्त राष्ट्र की ओर से वर्ष 2025 को सहकारिता वर्ष घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में सहकारिता विभाग सहकार से समृद्धि के ध्येय पर चलते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है। इसी कड़ी में उदयपुर में पर्यटन विकास में सहयोग तथा पर्यटकों को विश्वसनीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग की ओर से बाइक ऑन रेंट सेवा को-ऑप राइड की शुरूआत की।

सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने शनिवार को उदयपुर के सेक्टर 14 में प्रदेश में सहकारिता की ओर से पहली बाइक ऑन रेंट सेवा का शुभारंभ किया। को-ऑप राइड/बाइक ऑन रेंट सेवा को हरी झण्डी दिखाते हुए सहकारिता मंत्री दक ने कहा कि को-ऑप राइड/बाइक ऑन रेंट सेवा शहरवासियों एवं पर्यटकों के लिए एक किफायती परिवहन विकल्प प्रदान करेगी। यह सेवा खासकर युवाओं, छात्रों, पर्यटकों और दैनिक यात्रियों के लिए लाभकारी होगी। नवाचार के रूप में यह सेवा राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र में प्रथम बार उदयपुर भण्डार द्वारा प्रारम्भ की गई है।

- सेक्टर 14 में सहकारी सुपरमार्केट का भी लोकार्पण

मंत्री दक ने उदयपुर के हिरण मगरी सेक्टर 14 में उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार लिमिटेड के नवीन सहकारी सुपरमार्केट का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उपभोक्ता भण्डार का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है, यह कार्य उदयपुर भण्डार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के अपने नवीन सुपरमार्केट प्रारम्भ कर किया जा रहा है। उन्होंने उदयपुर भण्डार को सहकारिता के माध्यम से लाभदायिकता के साथ उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए कहा। भण्डार प्रशासक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार गुंजन चौबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए भण्डार में उपभोक्ताओं के लिए चल रही विभिन्न सुविधाओं एवं स्कीमों की जानकारी प्रदान की गई। भण्डार महाप्रबंधक डॉ प्रमोद कुमार द्वारा बताया कि नवीन सहकारी सुपरमार्केट सेक्टर नंबर 14 का शुभारम्भ आम जनता को उचित दर पर गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए किया गया है एवं को-ऑप राइड/बाइक ऑन रेंट सेवा पर्यटकों एवं आम जन को किफायती दर पर उपलब्ध करवायी जावेगी। महाप्रबंधक ने बताया की राज्य सरकार की बजट घोषणा की पालना में उपभोक्ताओं को मोटा अनाज (मिलेट्स फुड) उपलब्ध कराने हेतु नवीन सुपरमार्केट में अलग से काउंटर लगाया गया है।

# शराब ठेकेदार के हत्यारों को पकड़ने के लिये पुलिस ने फायरिंग की, चार बदमाश घायल

## शराब ठेकेदार सुनील उर्फ टूल्ली की गोली मारकर हत्या मामले का पर्दाफाश, चार बदमाशों को गिरफ्तार किया

- पुलिस मुठभेड़ में बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में चारों बदमाश घायल हो गये
- गत मंगलवार को दो बाइकों पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था, मुख्य आरोपी कृष्ण पहलवान फरार
- पुलिस ने 27 जिंदा राउंड 9 एमएम, एक खाली मैगजीन मेड इन अमेरिका पिस्टल भी बरामद की
- घटना के मुख्य आरोपी कृष्ण पहलवान ने क्षेत्र में दहशत फैलाने के इरादे से घटना की जिम्मेदारी लेने का वीडियो वायरल किया था



चारों बदमाशों का पुलिस मजूदगी में जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के अलवर बायपास रोड पर बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े गोली मारकर शराब ठेकदार सुनील उर्फ टूल्ली की हत्या करने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विदेशी हथियार भी बरामद किए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया कि कृष्ण पहलवान ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीमों का गठन किया गया। शुक्रवार रात को मुखबीर से सूचना मिली कि कृष्ण पहलवान अपने साथियों के साथ कार में सवार होकर बानसूर की तरफ आ रहा है, जिसमें मनीष गुर्जर, मनोज मीणा, पवन सैनी और अखिल सैनी साथ है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हमीरपुर के पास बिजलीघर के सामने कार से बदमाश जंगल की तरफ भागते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने इनके पीछे गाड़ी लगाई और जंगल में सर्च किया। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग कार्रवाई करते हुए चार आरोपी मनीष गुर्जर, मनोज मीणा, पवन सैनी, अखिल सैनी को डिटेन किया जिनके पास से 27 जिंदा राउंड 9 एमएम, एक खाली मैगजीन मेड इन अमेरिका पिस्टल भी बरामद की गई है। मुठभेड़ में मनीष गुर्जर, मनोज मीणा, पवन सैनी और अखिल सैनी घायल हो गए, जिसमें दो आरोपियों के पैरों में गोली लग गई और एक आरोपी के पैर को छूकर गोली निकल गई। जिससे तीनों आरोपी घायल हैं, जिनका इलाज जिला अस्पताल कोटपुतली बीडीएम में पुलिस की मौजूदगी में जारी है। सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हालांकि घटना का मुख्य आरोपी कृष्ण पहलवान अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। एसपी राजन दुष्यंत ने दावा किया है कि पुलिस मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के काफी करीब हैं जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे बालावास के रहने वाले शराब ठेकेदार सुनील यादव उर्फ टूल्ली बानसूर के अलवर बायपास पर टेलर की दुकान पर कपड़े लेने गया था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने सुनील यादव पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए, जिसमें सुनील यादव की कोटपुतली जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। घटना के कुछ देर बाद ही बालावास के रहने वाले कृष्ण पहलवान ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर सुनील यादव की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सतर्क हो गई और एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी कोटपुतली राजेंद्र बुरड़क डीएसपी बानसूर दशरथ सिंह व 6 थाना प्रभारी के नेतृत्व में 4 टीमों का गठन किया गया। जिसमें पुलिस को शुक्रवार रात सफलता मिली है। एक दिन पहले ही शुक्रवार को जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा ने घटना को लेकर चार बदमाशों पर 50-50 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था, मुख्य आरोपी कृष्ण पहलवान पकड़ से दूर है। जिला एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि डीएसटी टीम जिला कोटपूतली बहरोड के कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह व कांस्टेबल मनिंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

# संविदाकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

- भाई ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की रिपोर्ट दी, एयरपोर्ट पर एयर इंडिया में संविदा कर्मचारी के तौर पर कार्य करता था
- आरोप है कि एयर इंडिया के कर्मचारियों और अधिकारियों ने कामकाज के लिए प्रताड़ित कर स्टाफ के सामने खरी-खोटी सुनाई थी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में एयर इंडिया सर्विसेज लिमिटेड में कार्यरत एक संविदा कर्मचारी ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रताड़ना से दुखी होकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना 24 जून की है और इस बारे में अब एयरपोर्ट थाने में नामजद रिपोर्ट दी गई है। मृतक के भाई ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने का आरोप लगाया है। मृतक को अपशब्दों से अपमानित किए जाने का भी आरोप है। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट और आत्महत्या दुष्प्रेरण में केस दर्ज किया है। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया था। इसमें अब अग्रिम जांच की जा रही है।

एयरपोर्ट थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि सांसी कॉलोनी पांच बत्ती निवासी 24 साल का विजय पुत्र दौलतराम यहां एयरपोर्ट पर एयर इंडिया में संविदा कर्मचारी के तौर पर कार्य करता था। उसने 24 जून को अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। तब शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया था।

थानाधिकारी चौधरी ने बताया कि इसमें अब मृतक के भाई दीपक ने आरोप लगाया कि एयर इंडिया के कर्मचारियों और अधिकारियों जिनमें मदनसिंह राजपुरोहित, कुलदीप भाटी, सोनाराम एवं एक महिला कर्मचारी ने उसे भाई को कामकाज के लिए प्रताड़ित करते हुए स्टाफ के सामने खरी खोटी सुनाई थी। उससे अपशब्दों में बोला गया और नौकरी से तीन माह तक के लिए निलंबित कर दिया गया। स्टाफ के सामने उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इन लोगों की प्रताड़ना से दुखी होकर उसके भाई विजय ने 24 जून को फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। प्रकरण दर्ज कर अब जांच की जा रही है। जांच एसीपी पूर्व हेमंत कलाल की तरफ से की जा रही है।

# जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जमीनी विवाद में जानलेवा हमले के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कलिंजरा थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि गत 23 जून को नरेश चन्द्र पुत्र चंपालाल परमार निवासी नौगामा हाल सरपंच ग्राम पंचायत नौगामा ने रिपोर्ट दी कि गांव चौरड़ा तलाई में उसके शामलात खाते की एवं स्वयं की खाताबंदी का खेत है जिस पर वह वर्षों से खेती करते हुए आ रहा है। प्रातः 11 बजे वह अपनी पत्नी संतोष परमार व राजेन्द्र परमार खेत में मक्का के बीज बो रहे थे कि आरोपी दीपक पुत्र सुलेमान, रीशम पत्नी सुलेमान निवासी चौरड़ी तलाई गालियां देते हुए आये और खेती करने से रोकने लगे। विरोध करने पर आरोपी दीपक ने प्रार्थी की पत्नी संतोष के गले में तथा बाबा के लड़के राजेन्द्र के पेट में चाकू से वार कर दिया वहीं रीशम ने प्रार्थी के सिर पर पत्थर मारकर घायल कर दिया। थानाधिकारी ने घटना से तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया एवं पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। इलाज के दौरान राजेन्द्र की मौत होने पर मामले में हत्या की धारा जोड़ दी गयी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश भारद्वाज व बागीदौरा वृताधिकारी संदीप सिंह शक्तावत के निकट पर्यवेक्षण में दोनों पक्षों के बीच में होने वाले संभावित विवाद व कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावनाओं को लेकर मामले में पूर्ण निगरानी रखते हुए मृतक राजेन्द्र का पोस्टमार्टम करवाकर सामूहिक प्रयासों से अभियुक्त दीपक पुत्र सुलेमान व रीशम पत्नी सुलेमान को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किये गये।

# केमिकल से भरा टैंकर पलटा, बड़ा हादसा टला



क्रेन की मदद से पलटे हुये टैंकर को सीधा करवाया।

- टैंकर पलटने से जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा
- सूचना पर प्रशासन सहित चार दमकल गाड़ियां, सात हाइड्रो क्रेन, चार एंबुलेंस, सिविल डिफेंस टीम और अन्य राहत दल पहुंचे
- ट्रैफिक को दोसा मोड़ से डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ गाड़ियों को मनोहरपुर थाने के सामने से सर्विस रोड की ओर भेजा

**मनोहरपुर,** (निसं)। थाना क्षेत्र के खोजावाला मोड़ पर शनिवार को एक केमिकल से भरा टैंकर अचानक पलट गया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। टैंकर पलटने से जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा।

घटना की सूचना मिलते ही मनोहरपुर थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा तुरंत मौके पर पहुंचे और मुस्तैदी दिखाते हुए यातायात को रोककर उसे डायवर्ट कराया। सूचना पर प्रशासन सक्रिय हुआ और मौके पर चार दमकल गाड़ियां, सात हाइड्रो क्रेन, चार एंबुलेंस, सिविल डिफेंस टीम और अन्य राहत दल पहुंचे। टैंकर को सीधा करने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, जो करीब तीन घंटे तक चला। अंततः टैंकर को खड़ा कर ट्रैफिक को पुनः बहाल किया गया। मौके पर एसडीएम संजीव खेदड़, डीएसपी मुकेश चौधरी, पटवारी राजेन्द्र गुर्जर सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे और हालात पर नजर बनाए रखी।

थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा ने बताया कि ट्रैफिक को दोसा मोड़ से डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ गाड़ियों को मनोहरपुर थाने के सामने से सर्विस रोड की ओर भेजा गया। तीन घंटे तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही, जाम की कतार लखेर तक पहुंच गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एनएचआई द्वारा सड़क की समय पर मरम्मत नहीं करवाने और सड़क के धंसने की वजह से यह हादसा हुआ। टैंकर सड़क किनारे धंसी जगह पर असंतुलित होकर पलट गया। समय पर राहत और बचाव कार्य शुरू होने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, केमिकल लीक होने की आशंका को देखते हुए दमकल दल पूरी तरह सतर्क रहा।

# स्विफ्ट कार से स्मैक बरामद, तीन युवक गिरफ्तार



हमीरगढ़ पुलिस ने स्मैक बरामद कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया।

- यह स्मैक भीलवाड़ा शहर और गुलाबपुरा में बैची जानी थी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की हमीरगढ़ थाना पुलिस ने स्विफ्ट कार से 21 ग्राम स्मैक बरामद कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह स्मैक भीलवाड़ा शहर और गुलाबपुरा में बैची जानी थी।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेश से हमीरगढ़ थाना प्रभारी संजय गुर्जर लोकल स्पेशल एक्ट की कार्रवाई के लिए एनएच 48 चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा हाइवे स्थित होटल एसके प्लाजा के सामने पहुंचे और नाकाबंदी की। इस दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर से आई एक स्वीफ्ट कार की फाटक के शीशों पर काली फिल्म चढ़ी थी। चालक ने पुलिस नाकाबंदी देखकर कार को पुनः उसी दिशा में ले जाने की कोशिश की, जिसे थाना प्रभारी ने जाब्ते के साथ बेरिकेड लगाकर रुकवा लिया। पुलिस ने कार चालक से पूछताछ की तो उसने खुद को वार्ड नंबर नौ, लेबर कॉलोनी निवासी अरबाज खान (21) पुत्र हबीब खान, खलासी सीट पर बैठे व्यक्ति ने खुद को मोतीनगर कॉलोनी, गुलाबपुरा निवासी अपसर अली (23) पुत्र इदरीस खान और पीछली सीट पर बैठे व्यक्ति ने खुद को भोपाल माइनिंग के सामने, जवाहर नगर निवासी परवेज खान (20) पुत्र नजीर खान होना बताया। इन तीनों से पुलिस ने जब कार को पुनः घूमाकर भागने का प्रयास करने का कारण पूछा तो वे संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो डेसबोर्ड में एक प्लास्टिक की थैली में स्मैक पाउडर मिला। स्मैक का वजन करवाने पर 21 ग्राम पाया गया। पुलिस ने स्मैक सहित कार जब्त कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच मंगरोप थाना प्रभारी विजय मीणा को सौंपी गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने कबूल किया कि पकड़ी गई स्मैक वे भीलवाड़ा शहर के साथ ही डिमांड के अनुसार गुलाबपुरा में बैचने वाले थे।

# युवक ने आत्महत्या की

- आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाडेरा डूंगरपुर हाल विजयसिंह पथिक नगर सविना निवासी जयेश (22) पुत्र हरिश कटारा ने शुक्रवार रात में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसी की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे फंदे से निचे उतार चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर एएसआई चतरसिंह ने मृतक का पोस्टमर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। जयेश पेट्रोल पंप पर नौकरी करता था। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

# युवक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। सुखेर थाना क्षैत्र में तालाब पर नहाते समय पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गणेश पुत्र उमाजी गमेती निवासी लखावली भीलवाड़ा फला अपने बच्चे को लेकर लखावली तालाब पर नहाने गया था, जहां नहाते समय गहरे पानी में डूबने वह डूब गया। इसको देख दौड़कर आए बच्चे ने परिजनों को घटना बताई।

# जंगली जानवर के हमले में 35 भेड़ों की मौत

- बाड़े में करीब 80-85 भेडें थीं, चारों तरफ तारबंदी होने के बावजूद जंगली जानवर अंदर घुस गया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के चकछाबा गांव में शक्रवार रात एक जंगली जानवर ने बाड़े में घुसकर भेड़ों पर हमला कर दिया। हमले में 35 भेड़ों की मौत हो गई और छह भेड़ें घायल हो गई।

घटना में अमरसिंह गुर्जर और मुंशी माली की भेड़ें शिकार बनीं। बाड़े में करीब 80-85 भेडें थीं। चारों तरफ तारबंदी होने के बावजूद जंगली जानवर अंदर घुस गया। घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को मिली। सरपंच महेश सिंह जादौन और छुट्टन लाल बैरवा ने वेटरनरी डॉक्टर और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की अधिकारी मुकेशी मीना ने बताया कि मृत भेड़ों का पंचनामा तैयार कर लिया गया है। मुआवजे के लिए थाने में मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने क्षेत्र में जंगली जानवरों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। पटवारी राजाराम गुर्जर के अनुसार एक मृत भेड़ की कीमत 12 हजार और घायल भेड़ की 6 हजार रुपए तय की गई है। कुल नुकसान 4 लाख 56 हजार रुपए का आंका गया है। मुआवजे के लिए रिपोर्ट सरकार को भेजी जा रही है। मौके से जंगली जानवर के पदचिह्न मिले हैं, जिनके फोटो और वीडियो लिए गए हैं।

# प्रदेश की पहली ''बाइक ऑन रेंट सेवा'' का उदयपुर से शुभारंभ

## को.ऑप राइड बाइक ऑन रेंट सेवा शहरवासियों एवं पर्यटकों के लिए एक किफायती परिवहन विकल्प प्रदान करेगी : सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक



सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बाइक ऑन रेंट सेवा का शुभारंभ किया।

**उदयपुर,** (निसं)। उदयपुर में पर्यटन विकास में सहयोग तथा पर्यटकों को विश्वसनीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग की ओर से बाइक ऑन रेंट सेवा को.ऑप राइड की शुरूआत की। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने शनिवार को सेक्टर 14 में प्रदेश में सहकारिता की ओर से प्रदेश की पहली बाइक ऑन रेंट सेवा का शुभारंभ किया।

को.ऑप राइड बाइक ऑन रेंट सेवा को हरी झण्डी दिखाते हुए सहकारिता मंत्री दक ने कहा कि को.ऑप राइड बाइक ऑन रेंट सेवा शहरवासियों एवं पर्यटकों के लिए एक किफायती परिवहन विकल्प प्रदान करेगी। यह सेवा खासकर युवाओं, छात्रों, पर्यटकों और दैनिक यात्रियों के लिए लाभकारी होगी। नवाचार के रूप में यह सेवा राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र में प्रथम बार उदयपुर भण्डार द्वारा प्रारम्भ की गई है। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि जिला प्रमुख ममता कुंवर, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, समाजसेवी प्रमोद सामर, गजपाल सिंह राठौड़, दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष किरण जैन, उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अध्यक्ष डांल चंद डांगी, पार्षद संतोष मेनारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मंत्री दक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। मंत्री दक ने हिरण मगरी सेक्टर 14 में उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लिमिटेड के नवीन सहकारी सुपर मार्केट का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उपभोक्ता भण्डार का मुख्य उद्धेश्य आम उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है, यह कार्य उदयपुर भण्डार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के अपने नवीन सुपर मार्केट प्रारम्भ कर किया जा रहा है। उन्होंने उदयपुर भण्डार को सहकारिता के माध्यम से लाभदायिकता के साथ उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए कहा।

भण्डार प्रशासक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार गुंजन चौबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए भण्डार में उपभोक्ताओं के लिए चल रही विभिन्न सुविधाओं एवं स्कीमों की जानकारी प्रदान की। भण्डार महाप्रबन्धक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि नवीन सहकारी सुपरमार्केट सेक्टर नम्बर 14 का शुभारम्भ आम जनता को उचित दर पर गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए किया गया है एवं को.ऑप राइड बाइक ऑन रेंट सेवा पर्यटकों एवं आम जन को किफायती दर पर उपलब्ध करवायी जायेगी।

# 75 लाख रुपये का अवैध डोडा-पोस्त सहित कार जब्त




जालोर जिले के सायला पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त बरामद किया।

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के सायला पुलिस ने शनिवार का 477.500 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त जब्त कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियों को जब्त किया। बरामद अवैध डोडा पोस्त की अनुमानित बाजार कीमत 75 लाख रूपये आंकी गई है। वहीं पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त जब्त वाहन स्कोर्पियों की कीमत 20 लाख रूपये की गाड़ी को भी जब्त किया है।

जालोर जिले के सायला पुलिय थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह निरीक्षक के नेतृत्व में महिपालसिंह उप निरीक्षक मय टीम ने शनिवार सुबह थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान जिला पुलिस कंट्रोल रूम व डीएसटी टीम से दो संदिग्ध स्कोर्पियों के आने की सूचना अनुसार थाने के सामने नाकाबंदी में जालोर की तरफ से एक ब्लेक स्कॉर्पियो बिना नम्बरी जो प्रथम नाकाबंदी को तोड़कर आगे जाने पर द्वितीय नाकाबंदी टीम को देखकर पुनः रिवर्स लेकर जालोर की तरफ भगाने लगा। इतने में पीछे से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो आई जो पुलिस नाकाबंदी को देखकर रिवर्स लेकर भगाने का प्रयास करने पर पुलिस वाहन को सामने भिड़ाकर रोका गया। इतने में गाडी में बैठे चालक व पास की सीट पर बैठा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी से भागकर दूसरी ब्लेक स्कॉर्पियो के साईड में लटककर भागने में सफल हो गये। दस्तयाबशुदा वाहन की तलाशी ली गयी तो वाहन में डोडा-पोस्त से भरे 24 कट्टों में 477.500 कि.ग्रा. डोडा बरामद किया और वाहन में मिले मोबाइल व अलग-अलग नम्बर की नम्बर प्लेट्स एवं प्रयुक्त वाहन को जब्त कर अज्ञात मुलजिमानों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

# नागौर में करोड़ों रु. की डोडा-पोस्त तस्करी में लिप्त 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी पर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का करारा प्रहार

**जयपुर** । राजस्थान में संगठित अपराध और मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चल रहे एक बड़े अभियान में स्टेट क्राइम ब्रांच की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने ऐसे कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिस पर नागौर पुलिस ने 10 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

एडीजीपी दिनेश एमएन ने बताया कि हमें खुफिया जानकारी मिली थी कि नागौर जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामलों में वांछित बदमाश भीलवाड़ा में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही एजीटीएफ टीम ने तत्काल एक्शन लिया और सदर थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर इनामी अभियुक्त नारायण लाल जाट (33) निवासी बडलियास जिला भीलवाड़ा को दबोच लिया। उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए नागौर पुलिस को सौंपा जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी झारखंड से भारी मात्रा में डोडा पोस्त की तस्करी कर नागौर जिले और आसपास के क्षेत्र में सप्लाई किया करता था।



फिलहाल पुलिस की टीम आरोपी से गहनता से पूछताछ कर इनके नेटवर्क और अन्य अपराधों के बारे में खंगाल रही है।

- पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी नारायण लाल जाट को दबोचा, अब उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए नागौर पुलिस को सौंपा

### करोड़ों के डोडा पोस्त तस्करी का मास्टरमाइंड

नारायण लाल जाट नागौर पुलिस द्वारा दर्ज तीन करोड़ रुपये से अधिक कीमत के अफीम डोडा पोस्त जब्ती के दो बड़े मामलों में वांछित था। 5 जुलाई 2024 को नागौर पुलिस ने गोगेलाव में लगभग 1.6 टन (1655.200 किलोग्राम) अवैध डोडा पोस्त से लदा एक ट्रक जब्त किया था। इस मामले में ट्रक चालक राजू पुत्र पप्पू मंसूरी को गिरफ्तार किया गया था, जिसकी पूछताछ में नारायण लाल का नाम सामने आया। 9 नवंबर 2024 को खाटू बड़ी थाना पुलिस ने डारोली चौराहा पर 367 किलोग्राम 470 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया था, जो एक इनोवा क्रिस्टा वाहन में ले जाया जा रहा था। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों लालाराम और श्यामलाल ने खुलासा किया था कि उन्होंने यह डोडा पोस्त नारायण लाल से खरीदा था।

एडीजीपी दिनेश एम.एन. ने इस शानदार सफलता के लिए इंस्पेक्टर राम सिंह और उनकी पूरी एजीटीएफ टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कांस्टेबल गोपाल धाबाई और विजय सिंह की विशेष भूमिका और सदस्य एसआई प्रताप सिंह, एएसआई बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, महावीर सिंह शेखावत, हेमंत शर्मा, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, गंगाराम और चालक दिनेश शर्मा की सराहना की। यह गिरफ्तारी राजस्थान में मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क पर एक और बड़ा प्रहार है।

# ग्रेटर कमिश्नर ने जांची सफाई और बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था

**जयपुर** । नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शनिवार को विद्याधर नगर और मुरलीपुरा जोन की सफाई व्यवस्था, नालों की स्थिति, आपदा राहत की तैयारी के संबंध में बाढ़ नियंत्रण केंद्रो का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त ओमप्रकाश थानवी, विद्याधर नगर, मुरलीपुरा जोन उपायुक्त, गैराज (उपायुक्त)संबंधित अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने मुरलीपुरा एवं विद्याधर नगर जोन के जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया

- मुरलीपुरा-विद्याधर नगर क्षेत्र में जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया और चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए

वहां पर आमजन को सूचना हेतु चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए । अंबाबाड़ी में डोर-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को देखा। आमजन से भी सफाई व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया और सड़कों से कचरा तुरंत उठाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सीकर रोड पर जल भराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया इसके साथ ही बाढ़ नियंत्रण केंद्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक संसाधनों की भी जानकारी ली। आयुक्त ने आमजन द्वारा की जाने वाली शिकायतों को दर्ज करने वाले रजिस्टर को भी जांचा। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को कहा कि आमजन की शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए । आयुक्त ने विद्याधर नगर के परशुराम सर्किल स्थित गैराज का भी निरीक्षण किया।

## बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । कानोता पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक पिस्टल और तीन कारतूस सहित एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। आरोपित विक्रम मीणा खेडली जिला अलवर हाल खोह नागोरियान जयपुर का रहने वाला है। उसके पास से एक पिस्टल, तीन कारतूस सहित व चौपहिया वाहन बरामद किया।

# 224 अधिकारी और कर्मचारी डी.जी. डिस्क और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने शनिवार को झालाना डूंगरी जयपुर स्थित एसीबी मुख्यालय में एसीबी महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) सम्मान समारोह में 224 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

ब्यूरो प्रमुख डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा में कहा कि एसीबी राजस्थान में कार्यबल कम है परन्तु हमारे सतत प्रयास के कारण जिसके चलते पूरे मनोयोग से हमनें आमजन में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि एसीबी हेल्पलाइन नंबर 1064 एवं व्हाट्सअप हेल्पलाइन 94135-02834 को भी हमने सुदृढ़ बनाया है। एसीबी महानिदेशक डॉ. मेहरड़ा ने कहा कि एसीबी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए असाधारण कार्य प्रदर्शन कर्तव्य परायणता तथा सराहनीय कार्य के फलस्वरूप डीजी डिस्क व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा रहा है।

इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव, उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी, राजेश सिंह, कालूराम रावत, अनिल कुमार, हरेंद्र महावर, राजेन्द्र प्रसाद गोयल, शिवराज मीना, पुलिस अधीक्षक प्रशासन डॉ. प्यारे लाल शिवरान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु, ज्ञान प्रकाश नवल, उप अधीक्षक पुलिस सुरेश कुमार स्वामी, पारसमल पंवार, परमेश्वर लाल यादव, पुलिस निरीक्षक रघुवीर शरण, सीताराम सोनी, सज्जन कुमार, सरोज घायल, उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार, ताराचन्द खींची, ज्ञानचन्द शर्मा, मुख्य आरक्षक सुरेश चन्द वर्मा, चन्द्रकान्त व्यास, जगदीश राम, रमेश चन्द मीणा, भगवत सिंह झाला, नरेश कुमार, दौलतराम, अमित ढाका, राकेश कुमार, कालूराम कुमावत, राजेन्द्र यादव, कांस्टेबल फूलचन्द, पिंकी कंवर शेखावत, रघुनन्दन पांडे, विरेन्द्र कुमार शर्मा, अर्जुन टांकी,मनु शर्मा, इन्द्र सिंह राठौड़, अजय कुमार, धमेन्द्र कुमार, बाबूलाल शर्मा,ओमप्रकाश निठारवाल, ऋषि कपूर,विनोद कुमार,मूलचंद सैनी, कन्हैयालाल, मदन लाल जाट, नमोनारायण मीणा, श्रवण कुमार कांस्टेबल चालक हरसहाय, बजरंग लाल, गोविन्द सिंह, को महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया एवं शंकर सिंह,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को महानिदेशक प्रशस्ति पत्र से सम्मनित किया गया। साथ ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में पदस्थापित सुमन मान्तुवाल, सहायक निदेशक, अरूणा, कनिष्ठ अभियंता, अनिल कौशिक, अति. प्रशासनिक अधिकारी (निजी सहायक), जयप्रकाश, नरपत सिंह, वरिष्ठ सहायक, शिवराज सिंह, हनुमान प्रसाद, सहायक उप निरीक्षक, भरत सिंह, ईश्वर लाल, हैड कांस्टेबल को एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हैड कांस्टेबल चालक जीवण राम, कांस्टेबल भंवर सिंह, लांगाराम, हरसहाय, शब्बीर अली और बंशीलाल को भी डीजी राजस्थान सेवा डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा।



**ए.सी.बी. महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने शनिवार को उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया।**

## बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**जयपुर** । बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शनों के लिए शनिवार को मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में 451 यात्रियों का जत्था दस बसों और दो छोटी गाडिय़ों से रवाना हुआ। सभी यात्री पहले पंचशील मार्ग, सी-स्कीम पर एकत्र हुए। यहां से मोती डूंगरी गणेश जी के दर्शन किए।

यात्रा संयोजक राजकुमार गोयल,गंगा गोयल, आदित्य गोयल , पीयूष गोयल, पप्पू मीणा, राजेंद्र यादव, मुकेश चौधरी, मोहनलाल चौधरी, विजय सेन, संजय शर्मा, कैलाश प्रजापत, भीमराज सैनी, बनवारी गुर्जर, सोजी राम गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने गणेश जी महाराज को ढोक देकर यात्रा के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की। इसके बाद हर-हर महादेव, जय बाबा अमरनाथ के गगनभेदी जयकारों के साथ बसों में बैठे। रिश्तेदारों ने यात्रियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। यात्रियों ने शनिवार को बाबा खाटूश्याम जी, श्री सालासर बालाजी के दर्शन कर रात्रि विश्राम देशनोक करणी माता मंदिर में किया। रविवार को जत्था अमृतसर प्रस्थान करेगा। जलियांवाला बाग और स्वर्ण मंदिर के दर्शन के बाद हिमाचल प्रदेश में चिंतपूर्णी माता के दरबार में रात्रि विश्राम होगा। आगे यात्रा ज्वाला माता, चामुण्डा माता और कांगड़ा देवी के दर्शन कर कटरा की ओर यात्रा अग्रसर होगी। कटरा पहुंचकर माता वैष्णो देवी के दर्शन होंगे। तीन जुलाई की रात्रि को यात्रा बालटाल पहुंचेगी।

# यात्री ने की महिला एयर होस्टेस के साथ छेड़खानी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में महिला एयर होस्टेस के साथ पैसेंजर ने छेड़खानी की। जानकारी के अनुसार पैसेंजर पाबंदी के बावजूद फ्लाइट में शराब पी रहा था। उसे रोका गया तो हंगामा करने लगा। पूरी यात्रा के दौरान कई बार उसने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट के पहुंचने के बाद क्रू मेंबर ने सीआईएसएफ जवानों को बुलाया। जहां सीआईएसएफ ने पैसेंजर को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने में एयर होस्टेस के साथ छेडखानी की शिकायत भी दी गई है।

एयरपोर्ट थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि को फ्लाइट आईएक्स-196 दुबई से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। जहां रात 2:40 बजे फ्लाइट जयपुर पहुंची थी। जहां 5-बी सीट पर बैठे पैसेंजर दिनेश पाबंदी के बावजूद फ्लाइट में शराब पी रहा था। जहां स्टाफ ने फ्लाइट में शराब पीने से मना किया। पैसेंजर से ग्लास देने के लिए कहा। वह बहस करने लगा। एयर होस्टेस ने अन्य एयर होस्टेस की मदद से ग्लास ले लिया।

इसके बाद पैसेंजर ने नशे में हंगामा करना शुरू कर दिया। थोड़ी देर बाद नशे में पैसेंजर शराब का ग्लास मांगने के लिए केबिन की ओर आ गया। जहां आरोपित पैसेंजर ने एयर होस्टेस के करीब आने की कोशिश की। स्टाफ ने ग्लास देने से साफ मना कर दिया। इसके कुछ देर बाद वह अपनी सीट के पास पहुंच गया।

- एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की घटना
- प्लेन में शराब पीने से रोकने पर यात्री ने किया हंगामा

उड़ान के दौरान जब एयर होस्टेस पैसेंजर की सीट के नजदीक पहुंची,तब उसकी पीठ पैसेंजर की तरफ थी। पैसेंजर ने गलत तरीके से टच किया। वह पूरी उड़ान के दौरान परेशान करता रहा। लैंडिंग के बाद भी उसने अपनी गलती नहीं मानी।

जब आरोपित पैसेंजर को लगा कि अब ये लोग शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं, तब माफी मांगने लगा। फ्लाइट के जयपुर पहुंचने के बाद उसने अपना बोर्डिंग पास देने से इनकार कर दिया। बोर्डिंग पास को अपने पासपोर्ट में रख लिया और परेशान करने लगा। इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों को बुलाया और फिर पुलिस को सूचित कर किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## सार-समाचार

### गीत-संगीत के साथ शिविर सम्पन्न



**जयपुर** । लैंडमार्क संस्था, श्याम नगर जयपुर की और से शनिवार को ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उपस्थित सभी अभिभावक तथा बच्चों का स्वस्थ पर्यावरण के मधे नज़र गुलाब के पौध द्वारा सम्मानित व स्वागत किया गया। संस्था के डायरेक्टर रविंद्र शर्मा ने गीत सुनाया और श्रीमती कुलदीप शर्मा ने शिविर आयोजन सम्बन्धी जानकारी देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने संस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी । संस्था द्वारा 25 सालों से बच्चों को स्किल डेवलपमेंट के विभिन्न कोर्स करवाए जाते हैं। यहां 8000 से भी ज्यादा बच्चों ने ट्रेनिंग ली है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत संगीत और नृत्य के मनभावक कार्यक्रम प्रस्तुत किए साथ ही सेल्फ डिफेंस का प्रस्तुतीकरण किया गया। मंच संचालन नयना शर्मा द्वारा किया गया।

### दुपहिया वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े



**जयपुर** । मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चुराई गई एक दुपहिया वाहन भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने शातिर वाहन चोर विशाल बर्मन निवासी कूच बिहार हाल मालवीय नगर और बबलू दास निवासी मालवीय नगर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चुराई गई एक दुपहिया वाहन बाइक भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने के आदि है और जो रैकी कर मकानों-दुकानों के बाहर खडी बाइकों को चुराने की वारदात करते है। आरोपित चुराए गए दुपहिया वाहनों के पुर्जो को अलग-अलग कर रास्ते में आते-जाते ठेले वाले कबाडियों को बेच कर मिले पैसों से नशा पूर्ति करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### मुजतबा हसन ने की सुरों की बौछार

**जयपुर** । फनकार मुजतबा हसन निसार ने अपने कमाले फन से सितार साज पर सुरों की बौछार कर मौजूद दानिशमंद श्रोताओं को जमकर भिगोया। मौका था संगीत आश्रम संस्थान के शनिवार को तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के आगाज का। समारोह के पहले दिन शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में संजोए क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट में इंटरनेशनल परफॉर्मर उत्तरप्रदेश के मुजतबा हसन निसार ने विभिन्न राग-रागनियों की बंदिशों की दिलकश प्रस्तुतियों में सुर,लय और ताल का तिलिस्म बिखेरा। रामपुर सहसवान ग्वालियर घराने के इस आला फनकार ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत राग यमन से की। उन्होंने सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव से राग यमन का शृंगार किया। सुर बहार के निष्णात कलाकार इस कलाकार ने सितार पर सुरों की खूबसूरत आईनबंदी कर एक ताल में निबद्ध विलंबित गत, एक ताल में तराना और फिर तीन ताल में निबद्ध बंदिश ऐरी आली पिया बिन सखी... की सुरीली प्रस्तुति में गायकी अंग का बेहतरीन नजारा पेशकर माहौल में शास्त्रीय संगीत की मिठास घोल दी।

### विधायक कोष से 25 लाख रु. की घोषणा

**जयपुर** । बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान में शनिवार को भवानी शंकर शर्मा और हेमलता शर्मा की मधुर स्मृति में अलौकिक ग्रुप एवं शर्मा परिवार के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 17 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर का उद्घाटन सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। विधायक शर्मा ने कहा कि बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान के क्रियाकलापों में सेवाभाव और मानवीय संवेदनशीलता का संगम है। दशकों से सक्रिय इस संस्थान द्वारा समाज में उल्लेखनीय योगदान किया जा रहा है। महर्षि रमण के नाम से संचालित डायग्नोस्टिक सेंटर भारतीय संस्कृति के सेवाभाव का प्रतीक है। यहां की उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं और चिकित्सकीय टीम की तत्परता बहुत प्रभावशाली है। निःशुल्क जांच शिविर न केवल भवानीशंकर शर्मा और प्रेमलता देवी के प्रति हमारी सामूहिक श्रद्धांजलि है, बल्कि समाज के हर जरूरतमंद तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का संकल्प भी इसमें निहित है। गोपाल शर्मा ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए विधायक कोष से ट्रस्ट के विकास के लिए 25 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### होटल से कार व साढ़े चार लाख रु. चोरी

**जयपुर** । एयरपोर्ट थाना इलाके में दो कर्मचारी होटल से कार व साढ़े चार लाख रुपए लेकर फरार हो गए। इस सम्बंध में होटल प्रशासन ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार जीवांश होलीडेज प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर गुलाब चंद गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि सिद्धार्थ नगर स्थित होटल रायल ओसियन में मनोहर गुर्जर और सुरेंद्र गुर्जर काम करते थे। आरोपी होटल से मोबाइल , 4.47 लाख और कार लेकर फरार हो गए। घटना 11 जून की बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के गले से सोने की चेन पार

**जयपुर** । गोविंद देव जी मंदिर दर्शन करने आई महिला के गले से किसी ने सोने की चेन पार कर ली। पीडिता ने माणकचौक थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार तारा नगर खिरणी फाटक झोटवाडा निवासी नीतू राव ने मामला दर्ज करवाया कि वह गोविंद देव जी मंदिर दर्शन करने आई थी। जनता मार्केट रोड पर वह मोबाइल पर बात करते हुए सब्जी मंडी की तरफ जा रही थी इसी दौरान किसी ने उसके गले से सोने की चेन पार कर ली। घटना का पता उसे मोबाइल पर बातचीत बंद करने के बाद जब उसने सोने की चेन संभालने पर लगा। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

# 300 वर्षों की संगीत साधना को मिला नया स्वर

**जयपुर** । भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात वीणा वादक पद्म भूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट ने आज राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से शासन सचिवालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके सुपुत्र और विख्यात संगीतकार सलिल भट्ट भी मौजूद रहे।

मुलाकात के दौरान सलिल भट्ट ने अपने द्वारा विकसित किए गए अनूठे वाद्य यंत्र सात्विक वीणा का लाइव प्रेजेंटेशन उपमुख्यमंत्री को दिया। यह वाद्य यंत्र गिटार और वीणा का मेल है, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत की आधुनिक अभिव्यक्ति को दर्शाता है।

इस अवसर पर पं. विश्व मोहन भट्ट ने कहा कि जयपुर राजपरिवार और इस सांस्कृतिक नगरी का उनके परिवार से गहरा नाता रहा है। उन्होंने बताया कि आज से लगभग 300 वर्ष पहले उनके पूर्वज, जो संगीत, साहित्य और संस्कृत के विद्वान थे, तेलंगाना से जयपुर आमंत्रित किए गए थे। जयपुर राजपरिवार ने उन्हें न केवल यहां बसाया, बल्कि चौड़ा रास्ता में एक हवेली भी प्रदान की। आज भी उनके नाम पर भट्ट जी का रास्ता नामक गली मौजूद है। पं. भट्ट ने जयपुर राजघराने और विशेष रूप से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजपरिवार के संरक्षण के कारण ही वे संगीत की परंपरा को आगे बढ़ा पाए और भारत सहित विश्व में उसे स्थापित कर सके। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान सरकार राज्य की सांस्कृतिक, कलात्मक और संगीत विरासत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से मिलकर पं. विश्व मोहन भट्ट ने जताया आभार

# शिव महापुराण में प्रकृति-जीव सेवा और धमार्थ शस्त्र उठाने का संदेश : संतोष सागर महाराज

**जयपुर** । जंगलेश्वर महादेव मंदिर के निकट क्रांति चंद्र रोड बनीपार्क में श्री शिव महापुराण कथा समिति की ओर से आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में तृतीय दिवस को संतोष सागर महाराज ने सृष्टि खंड का वर्णन करते हुए वर्तमान के व्यावहारिक जीवन में शिव महापुराण के महत्व को बताया।

उन्होंने ने कहा कि शिव महापुराण जीव जंतु सेवा, प्रकृति पूजन और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाने का संदेश देती है। प्रकृति में जिसने भी हमें कुछ दिया है हमने उनको भगवान मानकर उसकी पूजा की है। इसलिए हमारी संस्कृति में पशु, पक्षी, पेड़, पौधों को भी पूज्य माना है।

बिल्व वृक्ष की महिमा बताते हुए संतोष सागर महाराज ने कहा कि शिवलिंग पर बिल्व पत्र चढ़ाने का विशेष माहात्म्य माना है, यह महान पुण्य को देने वाला है और यह सर्व मनोकामना को पूर्ण भी करता है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति स्वयं के द्वारा लगाए गए बिल्व के वृक्ष से बिल्व पत्र शिवलिंग पर चढ़ाए, इसका बड़ा कोई पुण्य नहीं। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक बिल्व के पौधे लगाने चाहिए। बिल्व की उत्पत्ति मां लक्ष्मी से हुई है। इसलिए मां लक्ष्मी को भी बिल्व अर्पित करने से महान फल मिलता है।



**जंगलेश्वर महादेव मंदिर के निकट बनीपार्क में शिव महापुराण कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे।**

- आईजी सिक्योरिटी विष्णु कांत, वरिष्ठ प्रचारक आरएसएस सुदामा, चंपालाल गैदर ने कथा सुनी

शिव महापुराण के सृष्टि खंड में पंच तत्व की उत्पति के बारे में, मानव देह की सार्थकता, सृष्टि के निर्माण की कथा, मानव के मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताया गया है। श्री शिव महापुराण कथा समिति के पदाधिकारियों के अतिरिक्त अतिथि आईजी सिक्योरिटी विष्णु कांत, वरिष्ठ प्रचारक आरएसएस सुदामा, भाजपा नेता चंपालाल गैदर, भगवती चौधरी, रमेश सोमानी, अरुण शर्मा, जोरावर सिंह पालावत, प्रकाश शर्मा, प्रताप भानु, महेंद्र यादव एवं श्रोताओं ने कथा सुनी।

# दम्पती सुसाइड मामला : पत्नी से झगड़ने के बाद कार में बैठकर पी थी धर्मेन्द्र ने शराब

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना इलाके में आईसीआईसीआई बैंक में इंश्योरेंस मैनेजर धर्मेंद्र चौधरी (40) और उनकी पत्नी सुमन चौधरी (36) ने शुक्रवार शाम को दादूदयाल नगर स्थित राधा रानी अपार्टमेंट के फ्लैट में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था।

शनिवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने धर्मेंद्र और उसकी पत्नी का मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस दोनों की कॉल डिटेल सहित अन्य जानकारी खंगाल रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद दोनों पार्किंग में आ गए। यहां पर भी उनकी बहस हुई। फ्लैट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में पत्नी पार्किंग उसे कार लेकर जाने से रोकती नजर आई।

- मुहाना थाना पुलिस ने जब्त किए मोबाइल, सीसीटीवी कैमरों की सी.डी.आर. निकलवाने में जुटी

थानाधिक गुरभूपेंद्र सिंह ने बताया कि पति पत्नी में झगड़ा हुआ था। झगड़े बाद पार्किंग से पत्नी वापस कमरे में चली गई। पार्किंग में कार में बैठकर धमेंद्र ने शराब पी। इसके बाद जब वह अपने फ्लैट में पहुंचा तो वहां पर पत्नी फंदे से लटकी मिली। इसके बाद उसने पत्नी को फंदे से उतारा और फिर उसी से फंदा लगाकर जान दे दी।

### पार्किंग में महिला पति को रोकती नजर आई

बिल्डिंग की पार्किंग के एक सीसीटीवी फुटेज में धर्मेंद्र कार स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सुमन उन्हें रोक रही है। सुमन धर्मेंद्र के पास जाकर खड़ी हो जाती है और गाड़ी स्टार्ट नहीं करने देती है। इसके बाद धर्मेंद्र सुमन को एक तरफ हटाता है और गाड़ी को पीछे करता है। धर्मेंद्र गाड़ी लेकर जाने की कोशिश करता है, लेकिन सुमन जाने नहीं देती। इसके बाद धर्मेंद्र वापस पार्किंग में गाड़ी लगाता है। दोनों के बीच लंबे समय तक बहस होती है। फुटेज में यह भी साफ नजर आता है कि सुमन की बातों के बाद धर्मेंद्र कार से उतरता है। कुछ मिनटों तक बाहर बातचीत चलती है और फिर दोनों एक साथ बिल्डिंग के अंदर दाखिल हो जाते हैं। बातचीत के दौरान सुमन धर्मेंद्र के कंधे पर सिर भी रखती नजर आ रही है। सुमन धर्मेंद्र को लगातार मनाने की कोशिश करती दिख रही है।

शुक्रवार को जब धर्मेंद्र बैंक नहीं पहुंचे और फोन उठाना बंद कर दिया तो सहकर्मियों ने उनके एक दोस्त को सूचना दी। दोस्त की बेटी फ्लैट पहुंची और दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिला। जैसे ही दरवाजे को धक्का लगाया तो खुल गया। दंपती पहले किराए के मकान में रहते थे और कुछ समय पहले यह नया फ्लैट लिया था। धर्मेंद्र के परिवार की आर्थिक स्थिति भी अच्छी है।

## अमरापुर स्थान में 539 कन्याओं को कराया भोजन

**जयपुर।** श्रद्धा, सेवा और समर्पण के केन्द्र श्री अमरापुर स्थान में सिंध प्रांत के महान संत प्रेम प्रकाश मंडल के संस्थापक युगपुरुष कर्मयोगी आचार्य स्वामी टेऊंराम जी महाराज के 139वें पंच दिवसीय जन्मोत्सव के तीसरे दिन 539 कन्याओं को भोजन कराया गया। धार्मिक विधि-विधान से कन्याओं का पूजन कर तिलक लगाया गया। प्रसादी के बाद संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं ने कन्याओं को विविध उपहार भेंट किए। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक निम्बाराम, श्री नहर के गणेशजी मंदिर के महंत जय शर्मा, युवाचार्य मानव शर्मा, वेद स्वाध्याय गुरुकुल के योगेश आचार्य, हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के स्वामी अमरनाथ महाराज मौजूद थे।



## World Industrial Design Day is here

Industrial designers envision products that fill homes, offices, hospitals, and schools. These visionaries serve diverse working environments and create innovations to help serve the leaders of the global economy. They work tirelessly and out of sight to give people the best tools of the trade. World Industrial Design Day is a day dedicated to the industrial designers who create the vision of the future. This day is for teaching people about the history of industrial design and potentially getting people interested in the profession. Begin celebrating World Industrial Design Day by attending an industrial design expo. Learn about some of the most influential industrial designers of the past and the most modern ones!

#MOTIVATIONAL

# Giving Up Too Soon

The next time you go to buy rice or some other grain, notice what the seller does!








Mirza Yawar Baig
*Naturalist and Wildlife Conservationist*

Have you ever seen a traditional weighing scale in a shop in India selling food grains? It is called a 'Balance' and has two pans; one on either side of a pivot, hanging from a horizontal beam at the top. The weight measure is put in one pan and material being weighed in the other. There is an extremely important life lesson to be learnt in this. The next time you go to buy rice or some other grain, notice what the seller does.

First, he puts the weight measure in one pan. Say 20 kilos. Then, he uses a scoop and starts to put rice into the other pan. As the pan fills, even when he has put 19 kilos in it, what do you see happening to the pans? Nothing. There is no change in the situation. The pan with the weight remains firmly on the counter top. And the pan with the rice remains in the air. However, you notice that the man does not stop putting the rice into the pan because he is not seeing any result to his efforts. He knows the result will come and continues to put the rice in with his scoop until he sees a small movement in the pans and the pan with the rice starts to descend. Once that happens and the pans are almost level, the man changes his method of putting in the grain. Now instead of the scoop, he uses his hand. He takes a handful of rice, and very gently, he drops a few grains at a time into the pan. And then lo and behold, the pan with the rice descends to the counter top and the pan with the weight rises in the air.


When I saw this, I learnt two essential lessons in life; both equally true:

Lesson # 1: Until 19 kilos, nothing will happen.

Lesson # 2: The last few grains always make the difference.

So also in life, even when 19 kilos of effort have gone into the issue and we start to lose hope because 'nothing is happening,' it is good to remember that nothing is supposed to happen. One who understands this does not lose hope or energy but smiles in anticipation of reaching the last stage when he knows that the pan will start to descend to the counter top.





# We Love Our Tigers... To Death





In the incident is the second tiger-related death in Ranthambore within a month. On April 16, a 7-year-old boy was killed by a tiger while he was returning from the Trinetra Ganesh temple with his grandmother. The tiger dragged the child into the forest and stayed with the body for a long time. The attack took place in the Amrai forest area. Interestingly, Arrowhead ventured into her daughter Riddhi's territory, which was once her own, in her last days. "Riddhi didn't put up a fight. She just gave her mother space to lie down and rest," Mr. Rai says, tearing up.



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

On multiple safaris to Rajasthan's iconic Ranthambore tiger reserve last year, a veteran chronicler repeatedly spotted something unusual: tigers crouching at the edge of undergrowth, a few metres away from a wall by the road at the Jogi Mahal gate that leads to tourist zones around the lakes Padam talao, Rajbagh and Malik talao.

The gaze of these tigers, he noticed, was fixed on one of the two small rooms behind the wall. On closer inspection, he heard low grunts of a buffalo on the other side of the closed doors. It turned out that forest staff were using that room to stock a live buffalo to be presented as weekly bait to a well-known tigress called *Arrowhead*. Aghast, the veteran warned the staff on duty that they 'may have to pay the price for luring tigers so close.'

On Sunday, forest range officer Devendra Singh Choudhury was killed a few metres from that spot. It was the second death inside Ranthambore in less than a month which, experts say, was precipitated by a series of 'thoughtless interventions and oversights.' The incident took place around 3 P.M. near Jogi Mahal in zone 3 of Ranthambore National Park. Recently promoted forest range officer Devendra Chaudhary was on routine patrolling and tracking duty near the ancient Yagyashala area when he was suddenly attacked by a tiger near the 'Chhoti Chhatri' area. According to the information, Ranger Devendra Chaudhary came to Jogi Mahal from Gudha Naka at around 3 PM on Sunday. He also had additional charge of Jogi Mahal.

According to eyewitnesses, the tiger dragged them into the forest and sat on the ranger's body for about 20 minutes. The forest workers chased the tiger away after a lot of effort. The tiger attacked the ranger's neck with its teeth and nails. Devendra was taken to the district hospital, where the doctor declared him dead. After receiving information from the forest workers, forest department officials reached the spot.

### Forest department closed the road to Trinetra Ganesh Temple

After the incident, the forest department has ordered the closure of the Trinetra Ganesh Temple route from May 12 till further orders. Officials said that tiger activity has increased near the Mandir Marg, Fort and Jogi Mahal area and about 13-14 tigers have been sighted in recent days.

According to forest guard Amit, Devendra was dropped off just before the Jogi Mahal gate for patrolling. Around the same time, tigress Riddhi's and Arrowhead's cubs were also reportedly active in the same area.

In an exclusive update from the Ranthambore National Park forest department, it has been revealed that *Avni* (Kankati), daughter of tigress T-84 aka Arrowhead, has been found to be the killer in the case of Ranger Devendra Singh Chaudhary's death. The pictures captured in the forest department's camera have confirmed that Avni is the killer.



#WILD IS WILD



### Second Tiger Attack Death in One Month

This incident is the second tiger-related death in Ranthambore within a month. On April 16, a 7-year-old boy was killed by a tiger while he was returning from the Trinetra Ganesh temple with his grandmother. The tiger dragged the child into the forest and stayed with the body for a long time. The attack took place in the Amrai forest area.

Preliminary assessments suggest that the tiger involved in both attacks may be one of the cubs of Tigress Arrowhead. These cubs, estimated to be around 20 months old, have reportedly exhibited increasingly bold behaviour around humans.

According to officials, aware of the details, said that after the boy's death in April, RTR authorities recommended relocating the tiger cubs to a non-tourism zone, specifically Lapur in the Khandar area of the reserve, but no decision was made at the time.

The young tigress who is suspected to have mauled two people, including a forest ranger at Rajasthan's Ranthambore National Park, was moved to Mukundara Tiger Reserve. This came on a day when her mother Arrowhead died of a tumour. This comes days after a video of Arrowhead showed her waiting in ambush and eventually



hunting and killing a crocodile on the banks of Padma talao pond near Jogi Mahal in Ranthambore's Zone Number 3.

The young suspect tigress, Kankati, was first seen with her mother Arrowhead and two siblings in Zone No. 2 at Ranthambore Tiger reserve on July 25, 2023. Arrowhead is the daughter of the legendary 'Machali,' arguably Ranthambore's most photographed tigress. Her male cub had been moved to Keladevi Sanctuary in Karauli.

Chief Conservator of Forest Suganaram confirmed the move. "The tigress will be kept in a soft enclosure of Dara in Mukundra. This enclosure is over 8,000 sq. metre, which will provide enough space for the tigress to venture and move around," he said. With Kankati being moved there, Mukundara now has four tigers, one male and three females.

Indian wildlife photographer Sachin Rai still remembers tigress 'Arrowhead' pouncing on a crocodile and tearing away its leathery flesh with her teeth. Mr. Rai had been photographing the iconic tigress in western Rajasthan state's Ranthambore National Park since she was a cub. Her death, caused by an illness, was mourned by hundreds of wildlife enthusiasts, photographers and tour guides who had flocked to the park to get a glimpse of her.

Arrowhead's legendary status comes partly from her lineage; she is the daughter of Krishna and granddaughter of



Machli, majestic tigresses who, once upon a time, dominated vast home ranges in Ranthambore with ferocity.

They were also skilled crocodile-killers, known to incapacitate the massive creatures by crushing their skulls in their powerful jaws.


Mr. Rai says that Arrowhead, named such by another wildlife photographer after the distinct arrow-shaped stripes on her cheek, took to killing crocodiles after her health began failing her. "But even though she was weak and frail, the crocodiles were no match for her," Mr. Rai says. Her kills earned her the nickname 'crocodile-hunter' by her fans, he adds. In fact, she killed a crocodile just days before her death.

Though graceful and fierce, Arrowhead had a difficult life, Mr. Rai says. She was chased out of her territory by her own daughter, Riddhi, and had to mate multiple times in order to find a place she could call home. (A male tiger shares his territory with his mate, offering her a space to bring up their cubs.) Arrowhead gave birth to four litters in her lifetime, but not all of her children survived. She grew weak after developing a tumour and park officials would have to bring her food when she couldn't hunt for days. However, this was stopped after some of her cubs attacked and killed people. Mr. Rai, who was around when Arrowhead was nearing her end, says that it was heart-breaking to see a powerful, majestic creature become so weak and powerless.

"I saw her struggling to walk. Every step seemed like an effort and she kept falling down," he says. Interestingly, Arrowhead ventured into her daughter Riddhi's territory, which was once her own, in her last days.

"Riddhi didn't put up a fight. She just gave her mother space to lie down and rest," Mr. Rai says, tearing up.

rajeshsharma1049@gmail.com



#EXPLAINED

# Atlantification of the Arctic



The Arctic has warmed by around 2 degrees Celsius since 1900. But this early Atlantification did not appear in existing historical climate models.



This Ocean invaded its neighbour earlier than anyone thought. A process called Atlantification is part of the reason the Arctic is warming faster than any other ocean.

Arctic. Atlantic. Long ago, the two oceans existed in harmony, with warm and salty Atlantic waters gently flowing into the Arctic. The layered nature of the Arctic, sea ice on top, cool freshwater in the middle, and warm, salty water at the bottom, helped hold the boundary between the polar ocean and the warmer Atlantic.

But everything changed when the larger ocean began flowing faster than the polar ocean could accommodate, weakening the distinction between the layers and transforming Arctic waters into something closer to the Atlantic. This process, called Atlantification, is part of the reason the Arctic is warming faster than any other ocean.

Satellites offer some of the clearest measurements of changes in the Arctic Ocean and sea ice. But their records only go back around 40 years, obscuring how the climate of the ocean may have changed in prior decades.

In a paper published in the journal *Science Advances*, Tesi and colleagues were able to turn back time with yardlong sediment cores taken from the seafloor, which archived 800 years of historical changes in Arctic waters. Their analysis found that Atlantification started at the beginning of the 20th century, decades before the process had been documented by satellite imagery. The Arctic has warmed by around 2 degrees Celsius since 1900. But this early Atlantification did not appear in existing historical climate models, a discrepancy that the authors say may reveal gaps in those estimates.

Mohamed Ezat, a researcher at the Tromso campus of the Arctic University of Norway and who was not involved with the research, called the findings 'remarkable.'

"Information on long-term past changes in Arctic Ocean hydrography are needed, and long overdue," Ezat wrote in an email.



In 2017, the researchers extracted a sediment core from the seafloor of Kongsfjorden, a glacial fjord in the east end of the Fram Strait, a gateway between the Norwegian archipelago Svalbard and Greenland, where Arctic and Atlantic waters mingle.

The researchers sliced up the core at regular intervals and dried those layers. Then came the painstaking process of sifting out and identifying the samples' foraminifera, single-celled organisms that build intricate shells around themselves using minerals in the ocean.

When foraminifera die, their shells drift to the seafloor and accumulate in layers of sediment. The creatures are crucial clues in sediment samples; by identifying which foraminifera are present in a sample and analyzing the chemistry of their shells, scientists can glean the properties of past oceans. The sheer amount of sediment was so high that the researchers could assemble a chronology of past climate down to five- or 10-year increments. Additionally, a molecular biomarker could pinpoint a specific year, 1916, when coal mining began in Kongsfjorden. Since the foraminiferal shift occurred just before this marker, the researchers estimate Atlantification began around 1907, give or take a decade.

When the researchers compared the data from their paleoclimate model with others to see if they overlapped, they found that existing climate models had no sign of this early Atlantification. The researchers suggest a number of possible reasons behind this absence, such as an underestimation of the role of freshwater mixing in the Arctic or the region's sensitivity to warming.

Lenn, who was not involved with the research, sees a difference between this early Atlantification and the present, rapid Atlantification, which is largely driven by melting Arctic sea ice. "It's too soon after the start of the Industrial Revolution for us to have accumulated excess heat in the planetary system for it to be anthropogenic at that point," Lenn said.


The authors are not sure of the precise reasons behind the early Atlantification. If human influences are the cause, then "the whole system is much more sensitive to greenhouse gases than we previously thought," Muschitiello said.

In another possibility, earlier natural warming may have made the Arctic Ocean much more sensitive to the accelerated Atlantification of recent decades. "Could it be that we destabilized a system that was already shifting?" Tesi said.

Although this is true of humans, it is not true of corals in the Fram Strait. The long-lived animals record changes in climate and other parameters, making them excellent sentinels of climate history. Tesi hopes to study the strait's cold-living corals next, to see what insight they may offer into the Atlantic's usurpation of the Arctic.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कांडला से आ रहे वेस्ट ऑयल में केमिकल मिलाकर बन रहा नकली डीजल

## पेट्रोल पंपों पर डीजल 91.73 रुपए प्रति लीटर है, लेकिन केमिकल मिला नकली डीजल 70-75 रुपए में ही मिल रहा है

**बीकानेर,** (निसं)। गुजरात के कांडला पोर्ट पर विदेशों से आने वाले वेस्ट ऑयल में केमिकल मिलाकर डीजल के रूप में बेचा जा रहा है। पेट्रोल पंपों पर डीजल 91.73 रुपए प्रति लीटर है, लेकिन केमिकल मिला नकली डीजल 70-75 रुपए में ही मिल रहा है और लोग धड़ल्ले से खरीद रहे हैं।

जानकारी के अनुसार विदेशों से गुजरात के कांडला पोर्ट पर बड़ी मात्रा में वेस्ट ऑयल आता है जो बड़े बॉयलर, क्रशर, फैक्ट्रियों, भट्टियों में फ्यूल के रूप में काम में लिया जाता है। यह ऑयल अधिकृत लाइसेंसधारकों को ही मिलता है, लेकिन, लाइसेंसधारक इस ऑयल को


- **यह गोरखधंधा पड़े पैमाने पर चल रहा है, कांडला से रोजाना 25 से ज्यादा टैंकर राजस्थान के जिलों में पहुंच रहे हैं**

मुनाफा कमाकर आगे सबलेट कर रहे हैं और खरीदार इसमें केमिकल मिलाकर डीजल के रूप में बेच रहे हैं। पेट्रोल पंपों पर डीजल 91.73 रुपए प्रति ली. है, लेकिन, केमिकल युक्त नकली डीजल 70 से 75 रुपए लीटर में आसानी से मिल जाता है। डीजल से 25-30 रुपए सस्ता मिलने के कारण ट्रक-बसों के ड्राइवर और भट्टियों-फैक्ट्रियों में फ्यूल के रूप में काम लेने वाले लोग इसे बड़े पैमाने पर खरीद रहे हैं। इससे पेट्रोल पंपों पर डीजल की खपत कम होने लगी है और सरकार को भी टैक्स का नुकसान हो रहा है। नोखा में 19 जून की रात को और हनुमानगढ़ के पल्लू में पुलिस ने केमिकल युक्त ऑयल के टैंकर पकड़े और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि यह गोरखधंधा पड़े पैमाने पर चल रहा है। कांडला से रोजाना 25 से ज्यादा टैंकर राजस्थान के जिलों में पहुंच रहे हैं।

टैंकर चालकों के पास बिल्टी हरियाणा, दिल्ली की मिली, लेकिन केमिकल युक्त ऑयल बीकानेर-हनुमानगढ़ में बेचा गया। बीकानेर रेंज के चारों जिलों के पुलिस थानों का रिकॉर्ड खंगाला तो सामने आया कि तीन सालों में अवैध डीजल, पेट्रोल, केमिकल ऑयल के 39 मुकदमे दर्ज हुए जिनमें 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान लाखों लीटर केमिकल युक्त ऑयल, नकली डीजल-पेट्रोल पकड़ा गया। पुलिस ने 30 से ज्यादा वाहन पकड़े।

बीकानेर के नोखा में माडिया गांव में गुजरात के कांडला से केमिकल युक्त ऑयल से भरा टैंकर पहुंचा, जिससे नकली डीजल बनाया जा रहा था। पुलिस ने 19 जून को 4000 लीटर नकली डीजल बरामद कर बाड़मेर निवासी जस्साराम जाट और चिक विजयसिंहपुरा निवासी श्यामसुन्दर बिश्नोई को गिरफ्तार किया। मौके पर दो पिकअप गाड़ियों में बनी टंकियों में नकली डीजल भरा जा रहा था। दोनों गाड़ियां और टैंकर जब्त किया गया। इसी तरह हनुमानगढ़ के पल्लू में बीकानेर रेंज के स्पेशल टीम ने एएसपी विजिलेंस पवन कुमार भदौरिया के नेतृत्व में महादेव होटल की आड़ में चल रही अवैध डीजल बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। मौके से 40,200 लीटर केमिकल युक्त डीजल बरामद किया। मौके से जयपुर निवासी बनवारीलाल, श्रीगंगानगर निवासी नेतराम और हनुमानगढ़ निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया गया।

# मूसलाधार बरसात में जनता को जैसलमेर दुर्ग से खतरा



**जैसलमेर दुर्ग की दीवार से नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह द्वारा छेड़छाड़ करवाई जा रही है**

**जैसलमेर,** (निसं)। जैसलमेरशहर में गुरुवार व शुक्रवार को 115 मिमी हुई मूसलाधार बरसात से जनता को किले की दीवार गिर जाने एवं उससे जानमाल का खतरा लग रहा है।

गौरतलब है कि नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा अपनी जिद में बिना पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की अनुमती के लक्ष्मीनाथ मंदिर के मुख्य मार्ग पर किले की दीवार से छेड़छाड़ करवा रहे हैं। किले की नीव सामने नजर आ रही है। किला घिया पत्थर के पहाड़ पर टिका हुआ है। नींव में पानी जाने से

- **नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा लक्ष्मीनाथ मंदिर के मुख्य मार्ग पर किले की दीवार से छेड़छाड़ करवा रहे हैं**

घिया पत्थर फूल जाता है। उससे दीवार गिरने का पूरा खतरा है। पूर्व में पुरातत्व दिल्ली की सर्वेक्षण टीम ने भी चेतावनी दे रखी है।

शहर के वरिष्ठ नागरिक चम्पालाल ने बताया कि मंदिर के भक्तों की स्थिति खतरे में है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा अपनी जिद में अड़े हुए हैं। कलेक्टर प्रतापसिंह द्वारा कार्य बंद करवाने का कहने के बाद भी नहीं मान रहे हैं। पूरे प्रकरण की जानकारी एक रहवासी ने सूचना के अंतर्गत मांगी है। शहरवासी एवं पूर्व पार्षद मगन सैन ने लिखा है कि आयुक्त लजपालसिंह को रोकने वाला कोई नही वो कुछ भी करवा सकते है। वर्तमान पार्षद नारायणसिंह ने भी आयुक्त के इस कार्य की भर्त्सना की है।

## युवक ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पण्डेर थाना क्षेत्र के सावर चौराहे के पास खेल स्टेडियम के टीनशेड पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं घटना की सूचना पर पण्डेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक के शव को लोगों की सहायता से फंदे से नीचे उतरवाकर पण्डेर मोर्चरी में रखवाया। पण्डेर थाने के दीवान जगदीश जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र सावर चौराहे के खेल स्टेडियम के टीनशेड पर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंचे और मृतक युवक के शव को लोगों की सहायता से फंदे से नीचे उतरवा कर पण्डेर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां मृतक की जानकारी करने पर कुसायता (सावर) निवासी शक्तिमान पुत्र महावीर खारोल के रूप में जानकारी हुई।


# वीर तेजाजी धाम सुरसुरा में पैनोरमा का निर्माण जल्द होगा : केंद्रीय मंत्री चौधरी

**अजमेर,** (कासं)। वीर तेजाजी महाराज के बलिदान स्थल सुरसुरा में अभी हाल ही राजस्थान सरकार के बजट 2025-26 में वीर तेजाजी पैनोरमा निर्माण की स्वीकृति मिली थी, यह स्वीकृति केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री और स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के अथक प्रयासों से हुई। केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने ग्रामीणजनों और श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर बजट सत्र में घोषणा हेतु मांग रखी, जिस पर राजस्थान सरकार ने अविलंब वीर तेजाजी पैनोरमा की स्वीकृति दी थी। पैनोरमा स्वीकृति के बाद शनिवार को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी

- **केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी सुरसुरा पहुंचे और पैनोरमा स्थल का निरीक्षण कर पैनोरमा से संबंधित चर्चा की**
- **केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के प्रयासों से हाल ही राजस्थान सरकार के बजट 2025-26 में वीर तेजाजी पैनोरमा निर्माण की स्वीकृति मिली थी**

सुरसुरा पहुंचे, उन्होंने वहां पहुंचकर पैनोरमा स्थल का निरीक्षण कर पैनोरमा से संबंधित आवश्यक चर्चा की।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने पैनोरमा स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि जल्द ही भव्य पैनोरमा का निर्माण होगा, यह पैनोरमा न केवल वीर तेजाजी धाम सुरसुरा को एक नई पहचान और स्वरूप देगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को वीर तेजाजी के त्याग और बलिदान से भी परिचित कराएगा एवं इसके बनने से आमजन व श्रद्धालुओं की आस्था भी प्रबल होगी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह पैनोरमा वीर तेजाजी के शौर्य, बलिदान और लोक आस्था को संजोकर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राजस्थान में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आस्था स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि वीर तेजाजी महाराज किसान वर्ग सहित आमजन के आराध्य लोक देवता हैं, जिन्होंने लाछा गूजरी की गायों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान स्थल सुरसुरा में ऐतिहासिक और भव्य पैनोरमा का जल्द निर्माण होगा इसके लिए लगातार प्रयासरत है।



**नागौर। राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित और प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आर्टिस्ट प्रेमचंद साँखला के सान्निध्य में आर्ट एरा के बाल एवं युवा कलाकारों ने एक अनोखी पहल की है। कलाकारों ने अमरसिंह राठौड़ की छतरियों को अपने केनवास पर उकेरकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कलाकार इलाहीबक्स ख़िलजी ने ऐतिहासिक स्थलों के चित्रण की बारीकियां समझाई।**

## कोटा केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण

**कोटा,** (निसं)। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को केन्द्रीय कारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि यह औचक निरीक्षण आई.ए.एस (प्रशिक्षु) आराधना चौहान एवं शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में किया गया। केन्द्रीय कारागृह में किये गये औचक निरीक्षण में पुलिस उपअधीक्षक वृत प्रथम योगेश शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक वृत द्वितीय गंगा सहाय शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक वृत चतुर्थ मनीष शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक वृत पंचम लोकेन्द्र पालीवाल, साईबर सेल के पुलिस उपअधीक्षक विनोद कुमार सहित 20 थानों के थानाधिकारी और 170 जवान शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान टीम ने केन्द्रीय कारागृह का एक-एक कोने की जांच की।

# व्याख्याताओं ने निदेशालय पर सांकेतिक धरना दिया

## वाइस प्रिंसिपल पदों की डीपीसी से पहले वरिष्ठता को लेकर विवाद

**बीकानेर,** (निसं)। व्याख्याता से वाइस प्रिंसिपल पदों की वर्ष 2023-24 और 2024-25 की डीपीसी से पहले वरिष्ठता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्कूल व्याख्याता भर्ती-2015 के चयनितों में जिस विषय की पोस्टिंग पहले हुई, उसको वरिष्ठ माना जा रहा है, जबकि इस भर्ती में सभी 19 विषयों की पोस्टिंग का काम पूरा होने में लगभग एक साल लग गया था।

इससे जिन 9 विषयों की पोस्टिंग सबसे बाद में हुई उनकी पदोन्नति अटकने की संभावना है। इससे ना केवल पदोन्नति से वंचित व्याख्याता प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि जिन विषयों के व्याख्याता पदोन्नत नहीं होंगे, उन विषयों के पद खाली नहीं होंगे। ऐसे में उन विषयों पर नई भर्ती भी नहीं आएगी। इस विसंगति को दूर करने के लिए व्याख्याता ने कॉमन सीनियरिटी बनाकर पदोन्नति करने की मांग की है। इस मांग को लेकर प्राध्यापक स्कूल शिक्षा कॉमन सीनियरिटी संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदेशभर के व्याख्याता ने शिक्षा निदेशालय के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर अपनी बात को राज्य सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया।

व्याख्याताओं ने कहा कि यदि कॉमन सीनियरिटी नहीं बनाई गई तो नौ विषयों के अनेक व्याख्याता पदोन्नति से वंचित रह जाएंगे। धरने को संजय मुद्गल, विकास प्रजापत, रविंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया। पदोन्नति की इस विसंगति को दूर करना जरूरी है, ताकि सभी को पदोन्नति के समान अवसर उपलब्ध हो सके। इसके लिए या तो विभाग को सभी की कॉमन सीनियरिटी बनाकर पदोन्नति देनी चाहिए, या फिर सभी विषयों के व्याख्याताओं की समान रूप संख्या लेते पदोन्नति की जाए, ताकि सभी को समान अवसर उपलब्ध हो सके।

# जोधपुर रेल मंडल ने स्वदेशी सॉफ्टवेयर विकसित किया

**जोधपुर,** (कासं)। भारतीय रेलवे में तकनीकी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने पूरी तरह से इन हाउस (स्वदेशी) रूप से एक उन्नत वेब आधारित स्पीडो मीटर विश्लेषण सॉफ्टवेयर का सफल विकास किया है।

- **उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने पूरी तरह से इन हाउस (स्वदेशी) रूप से एक उन्नत वेब आधारित स्पीडो मीटर विश्लेषण सॉफ्टवेयर का सफल विकास किया**

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यह सॉफ्टवेयर ट्रेन संचालन के दौरान उत्पन्न स्पीडो मीटर डेटा का विश्लेषण कर, लोको पायलट की ड्राइविंग तकनीक और गति प्रतिबंधों के अनुपालन की निगरानी करता है। इस नवाचार की पहल जोधपुर मंडल के यांत्रिक विभाग के वरिष्ठ इंजीनियर, जोगेन्द्र मीणा के नेतृत्व में पूर्णतः मंडल स्तर पर विकसित की गई है।

डीआरएम त्रिपाठी ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर को 21 जून को जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित 65वीं इलेक्ट्रिकल स्टैंडर्ड्स कमेटी बैठक में वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (शक्ति) जोगेंद्र मीना द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य (कर्षण एवं रोलिंग स्टॉक) बी.एम. अग्रवाल, महाप्रबंधक उत्तर-पश्चिम रेलवे अमिताभ तथा पूरे भारतीय रेलवे से आए वरिष्ठ विभागाध्यक्ष की उपस्थिति रही। इस प्रस्तुति को व्यापक सराहना प्राप्त हुई। यह सॉफ्टवेयर मुख्य लोको निरीक्षक को अब मैन्युअल डेटा विश्लेषण की आवश्यकता के बिना, कुछ ही मिनटों में सटीक, विस्तृत एवं ग्राफिकल रिपोर्ट प्रदान करता है। इस प्रणाली से ड्राइविंग पैटर्न, ब्रेकिंग तकनीक एवं गति प्रतिबंधों के पालन की वास्तविक समय में निगरानी संभव हो पाई है।जहां पूर्व में इस प्रक्रिया में घंटों का समय और भारी मानव संसाधन लगते थे, अब यह कार्य पूर्णतः डिजिटल, तेज और प्रभावी हो गया है। यह नवाचार परिचालन दक्षता, सुरक्षा और निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## सीकर सोलर प्रोजेक्ट के लिए एग्रीमेंट

**जयपुर/सीकर।** एसीएमई सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड की सहायक कंपनी, एसीएमई सीकर सोलर प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान में 300 मेगावाट के सोलर प्रोजेक्ट के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ 25 वर्षों का पॉवर परचेस एग्रीमेंट (पीपीए) साइन किया है। इस समझौते में 3.05 रुपए प्रति यूनिट की तय दर पर बिजली देने का करार हुआ है। यह समझौता एसीएमई सीकर द्वारा 300 मेगावाट का प्रोजेक्ट शुरू करने के बाद किया गया है। यह निविदा पहले सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) की आईएसटीएस अठारहवीं ट्रेंच के तहत प्राप्त की गई थी और इसकी तय टैरिफ दर को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने 30 मई, 2025 को औपचारिक मंजूरी दी थी। समझौते के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से बिजली आपूर्ति 30 जून 2025 या उससे पहले शुरू होनी चाहिए। इस प्रोजेक्ट को इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम शुल्क से छूट भी प्राप्त है, क्योंकि इसकी निर्धारित वाणिज्यिक संचालन तिथि जून 2025 की सरकारी समयसीमा से पहले की है।

# अपर मंडल रेल प्रबंधक ने जोधपुर-बीकानेर रेलखंड का निरीक्षण किया

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार ने शनिवार को मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोधपुर-मेड़ता रोड-बीकानेर रेल खंड के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर मूलभूत यात्री सुविधाओं और चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जोधपुर मेड़ता रोड रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया तथा मंडल के मेड़ता रोड, मारवाड़ मुंडवा, नागौर, बदवासी और नोखा रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध मूलभूत यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और उनके संरक्षण और उन्नयन के निर्देश दिए।

इस दौरान राकेश कुमार ने मेड़ता रोड डेमू शेड का निरीक्षण किया तथा ट्रेनों के रखरखाव और कार्मिकों की दक्षता की जानकारी ली। बाद में उन्होंने मेड़ता रोड, नागौर व नोखा रेलवे स्टेशनों के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कराए जा रहे पुनर्विकास कार्यों का अवलोकन किया और कार्य के गुणवत्ता मानकों को ध्यान में रखते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मानसून सीजन के मद्देनजर अंडरपासों से जल निकासी की व्यवस्था भी जांची। निरीक्षण दौरे के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक ने रेल मार्ग पर परिचालन क्षमता, सुरक्षा व संरक्षा और यात्री सेवाओं में वृद्धि तथा फीडबैक के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके पर चर्चा की।

# मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक युवक जहरीला पदार्थ खाकर थाने पहुंचा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में सात वर्ष से बेरोजगारी और लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक युवक ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया और और मांडल थाने पहुंच गया। मामला मांडल थाना क्षेत्र के सूरास गांव का है, जहां के निवासी किशन गुर्जर (35) पुत्र गोवर्धन गुर्जर ने भाजपा मंडल अध्यक्ष भैरूलाल गाडरी सहित अन्य कुछ लोगों पर नौकरी से निकलवाने और धमकियां देने के आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार किशन गुर्जर पहले जिंदल प्लांट में केजुअल ठेकेदार भैरूलाल गाडरी के अधीन माइनिंग हेल्पर के पद पर कार्यरत था। करीब तीन वर्षों तक कार्य करने के बाद राजनीतिक द्वेष के चलते उसे काम से निकलवा दिया गया। पीड़ित के अनुसार उसने इस अन्याय के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा भी दायर किया, जो वर्तमान में जोधपुर हाईकोर्ट में विचाराधीन है। किशन का आरोप है कि जब उसने न्यायालय में रिपोर्ट दर्ज कराई तो रिपोर्ट वापस लेने के लिए पैसों का लालच और धमकियां दी गईं। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकियां भी दी जाती रही हैं। किशन ने आरोप लगाया कि वह वर्ष 2018 से लगातार



**जहरीला पदार्थ खाकर युवक मांडल थाने पहुंच गया।**

मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है और इन परिस्थितियों ने उसे डिप्रेशन में धकेल दिया। शनिवार को किशन ने जहरीला पदार्थ खाया और मांडल थाने पहुंचकर पुलिस से कहा कि पहले मेरी रिपोर्ट दर्ज करो, फिर जो करना हो कर लेना। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल उसे उपजिला अस्पताल मांडल भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल भीलवाड़ा रेफर किया गया।

पीड़ित द्वारा लिखे सुसाइड नोट और पत्रों में भाजपा मंडल अध्यक्ष भैरूलाल गाडरी सहित अन्य पर संगीन आरोप लगाए गए हैं। किशन ने यह भी लिखा है कि वह लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान है और न्याय न मिलने की स्थिति में जीवनलीला समाप्त करने को मजबूर है। फिलहाल उसका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। देर शाम तक इस

- **युवक ने भाजपा मंडल अध्यक्ष भैरूलाल गाडरी सहित अन्य कुछ लोगों पर नौकरी से निकलवाने और धमकियां देने के आरोप लगाए**
- **युवक किशन गुर्जर पहले जिंदल प्लांट में केजुअल ठेकेदार भैरूलाल गाडरी के अधीन माइनिंग हेल्पर के पद पर कार्यरत था**
- **करीब तीन वर्षों तक कार्य करने के बाद राजनीतिक द्वेष के चलते उसे काम से निकलवा दिया गया था**

मामले में पुलिस द्वारा कोई औपचारिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया था।

**जहर खाकर पहुंचा थाने :-** युवक किशन ने आहत होकर जहर का सेवन कर लिया था, जिसकी जानकारी जैसे ही उसके पिता गोवर्धन गुर्जर को हुई तो वे जल्दी उसको मांडल अस्पताल लेकर पहुंचने लगे किंतु उसने कहा अगर थाने में ले जाकर मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं को तक में अस्पताल नहीं जाऊंगा। तब तक उसको जहर का ज्यादा असर नहीं हुआ था।उसके पिता उसे थाने ले गए, जहां पुलिस के कहने पर वह शीघ्र पहले उसे अस्पताल ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

भैरूलाल गाडरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, मांडल का कहना है कि जब किशन गुर्जर जिंदल प्लांट में काम करता था तब उसके विरुद्ध महिला के साथ छेड़छाड़ का एवं चोरी का आरोप लगा था और उसका गेट बंद दिया गया। इसको हाईकोर्ट से जमानत हुई थी और जिस कारण पुलिस वेरिफिकेशन नहीं बन पाई और उसके बिना नहीं लगाया जाता है। कुछ कारणों से जिंदल का काम बंद है इसके चलते कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा षड्यंत्र रचने के प्रयास किए जा रहे हैं। मैने इसको कभी प्रताड़ित नहीं किया है किंतु दो दिन पूर्व जानकारी हुई कि उसने किसी व्यक्ति को मुझे जिंदल में भैरू गाडरी ने नहीं लगवाया तो गोली से मार दूंगा तब मैने उसके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, आरोप निराधार है, जांच में सब सामने आ जाएगा।

# तहसीलदार की कार पर पथराव और लूट के पांच आरोपी गिरफ्तार



**चितरी पुलिस ने तहसीलदार की कार पर पथराव करने वाले आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया।**

**डूंगरपुर,** (निसं)। चितरी थाना पुलिस ने तहसीलदार सुंदरलाल मीणा की कार पर पथराव करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चार नाबालिगों को डिटेन किया गया है। घटना 25 जून की रात की है। तहसीलदार सुंदरलाल मीणा अपने परिवार के साथ सागवाडा से लौट रहे थे। राजवेडा घाटी के पास तीन बाइक पर सवार नौ युवकों ने उनकी कार का पीछा किया। नादियां में आरोपियों ने कार को ओवरटेक कर रोक लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों ने तहसीलदार के साथ गाली-गलौच की और हाथापाई की। उनकी शर्ट की जेब से रुपए और मोबाइल छीनने का प्रयास किया। तहसीलदार किसी तरह वहां से निकले, लेकिन आरोपियों ने कार पर पत्थर फेंके जिससे कार के कांच टूट गए। पुलिस ने जांच के बाद राजवेडा निवासी राहुल पारगी, रामसौर निवासी अजेश ताबियाड, मोदरा छोटा निवासी प्रकाशचंद्र कटारा, राकेश डामोर और मोरडी निवासी विपिन डामोर को गिरफ्तार किया। घटना में इस्तेमाल की गई तीनों बाइक भी जब्त की गई हैं। पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। चार नाबालिगों को बाल सम्प्रेषण गृह डूंगरपुर भेजा गया है। जांच में पाया गया कि सभी आरोपियों का इरादा लूटपाट का था।

चिखली तहसीलदार की गाड़ी पर पथराव करवाने वाले आरोपियों का पुलिस की ओर से जुलूस भी निकला गया। पुलिस ने बापर्दा चितरी कस्बे और आस पास के क्षेत्र में जुलूस निकाला। पहली बार आरोपियों को सड़कों पर लेकर जुलूस के बाद लोगों में भी चर्चा का विषय बन गया। लोगों ने पुलिस के इस पहल की तारीफ की। वहीं बदमाश इस दौरान हाथ जोड़कर कभी पत्थर नहीं मारेंगे के लिए मिन्नतें करते रहे।

## संक्षिप्त

### आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**सांभरझील।** स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में सत्र 2025-2026 में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए तीसरे व पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश नवीनीकरण का शेड्यूल आयुक्तालय की ओर से जारी किया जा चुका है। महाविद्यालय की प्रवेश नोडल अधिकारी समीक्षा शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी 22 जुलाई तक ई-मित्र पर जाकर फीस जमा करा सकेंगे। साथ ही बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आयुक्तालय ने आवेदन करने की अंतिम तिथि भी 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। बीए प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 16 जुलाई से प्रारम्भ होंगी।

### शपथ ग्रहण 30 जून को

**टोंक।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) इकाई टोंक का नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन 30 जून सोमवार को प्रातः 11 बजे अग्रवाल धर्मशाला टोंक में किया जायेगा। जार के जिला महासचिव रविन्द्र जौहरी एवं प्रवक्ता अनिल विजय ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन-स्वास्थ्य अभियान्त्रिक एवं भू-जल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी होगें, वहीं अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष जार संजय सैनी करेगें। मुख्य वक्ता विधायक सिविल लाईन जयपुर गोपाल शर्मा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश शर्मा होगें।


### आवेदन 1 जुलाई से

**कोटपूतली।** कृषि विभाग द्वारा खेती में होने वाले जोखिमों से बचने के लिये जिले के किसानों को अधिकाधिक संख्या में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत आवेदन का आग्रह किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए राज्य सरकार के द्वारा अधिसूचाना जारी की गई है जिस मे ऋणी व गैर ऋणी को फसल बीमा करने की अतिंम तिथि 31 जुलाई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसल ऋण लेने वाले किसान गैर ऋणी किसान एवं बटाईदार किसानों द्वारा फसलों का बीमा कराया जा सकेगा. कोटपूतली-बहरोड़ की समस्त 8 तहसीलों के किसानों लिए प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना के आवेदन करने की सुविधा बैंक, सीएससी (जन सेवा केन्द्र), फसल बीमा ऐप, व डाक घर के माध्यम से उपलब्ध हैं। ऋणी कृषको के लिए सम्बन्धित बैंक से अधिसूचित फसलों के लिए बैंक जाकर अपना पंजीकरण करवाये।

### प्रशासनिक संवेदनशीलता की मिसाल

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की पहल और बानसूर उपखंड प्रशासन की समझाइश से ग्राम पंचायत मांची में आए 33 वर्ष पुराने अतिक्रमण के प्रकरण का समाधान होने से ग्रामीणों को राहत मिली है। शनिवार को पंचायत समिति बानसूर के ग्राम मांची में आयोजित शिविर में सरपंच पूजा राजू मेहरा द्वारा उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित को अवगत करवाने पर उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व एवं सरपंच के सहयोग व आपसी समझाईश के द्वारा ग्राम मांची की आम चौपाल पर पिछले 33 वर्षों से हो रहे।


**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय पिताजी **श्री सूरजभान जी अग्रवाल** का स्वर्गवास 27.6.25 को हो गया है। तीये की बैठक 29.6.25 (रविवार) को सांय 4 से 5 बजे श्री कृष्णम पैराडाइस गार्डन बेंकेवेट हॉल, मैन गेट मंगलम सिटी के पास, कालवाड़ रोड, मंगलम सिटी, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** श्रीमती विमला देवी (धर्मपत्नी), सत्य नारायण अग्रवाल (भाई), रोहताष-प्रिया (पुत्र-पुत्रवधू), विदित (पौत्र), मैना-कन्हैया जी (पुत्री-दामाद), मुकेश, राकेश, अमित (भतीजे) एवं समस्त अग्रवाल परिवार। मो. 7014241610, 9251008018

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# विधायक धनकड के जन्मदिन पर मरीजों को फल बांटने सहित पौधे रोपे

- विधायक धनकड के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के तहत उपजिला अस्पताल में मरीजों को फल और गौ सेवा का कार्य किया

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यकर्ताओं ने उपजिला अस्पताल पावटा में भर्ती मरीजों और प्रसूताओं को फल वितरित किए। उपजिला अस्पताल पावटा अधीक्षक डॉ. रवि बंसल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. अशोक जाट, डॉ. भास्कर और अस्पताल स्टाफ की उपस्थिति में यह वितरण किया गया। उसके बाद क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों में गौ सेवा कार्य एवं आतेला गांव में वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बालाजी पावटा भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी और वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी ने बताया कि विधायक के जन्मदिन पर यह नेक कार्य सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मिलकर किया। वही इस दौरान प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में ग्राम पंचायत कैरोडी मे



विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्य किए।

वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, पूर्व वाइस चेयरमैन नरपत सिंह शेखावत, सामाजिक कार्यकर्ता काशीराम लंबोरा, महामंत्री हितेंद्र लाटा, वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष गुप्ता, विमल गर्ग, आशीष शर्मा, पंकज, कपिल, महेश मोदी, राजा राव, दिनेश, रतन, गोकुल शर्मा, मातादीन जांगिड़, टेकचंद कुमावत, गोवर्धन कुमावत, कृष्णा मिश्रा, बिन्नी गोयल, दिनेश राठी, शिवम बोहरा, फूलचंद यादव, गोकुल मीणा, विकास कुमावत, राहुल कुमावत, पूरणमल यादव, बहादुर सैनी, शिवम बोहरा, मोहन यादव, टिंकू प्रजापत, रामनिवास यादव, दिनेश राठी, बद्री प्रसाद चौहान, यादराम यादव, राजेंद्र यादव, रामसिंह खारवाल, योग गुरु पुरण यादव, गिरधारी लाल यादव, प्रधान प्रतिनिधि टिंकू सैनी, कैरोड़ी सरपँच उदयवीर सिंह, बूथ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, राजेश पारीक, महेश सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी रामसिंह, मंडल कार्यकारणी सदस्य अजीत सिंह गुरुजी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री रिशाल सिंह, सुभाष सिंह, जगदीश सिंह,अमर सिंह, महिपाल सिंह, कप्तान सुमेर सिंह, बहादुर सिंह,लक्ष्मण सिंह, रमेश सिंह बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संतोष रामावतार गोयल सम्मानित

**कोटपूतली।** राजस्थान सरकार द्वारा इस वर्ष का 29 वां राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान व प्रेरक सम्मान समारोह कार्यक्रम जयपुर में शनिवार 28 जून को आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा विधायक सीविल लाइन जयपुर व जयपुर जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा निदेशक माध्यमिक व प्रारम्भिक सीताराम जाट के साथ अन्य प्रमुख अधिकारीयों जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में राज्य स्तर पर 135 भामाशाहों व 91 प्रेरकों के साथ साथ जिला स्तर पर 83 भामाशाहों व 43 प्रेरकों को प्रशस्ति पत्र, अभिनंदन पत्र व स्मारिका भेंट कर सम्मानित किया गया। गत वर्ष उदयपुर में आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह में सेठ मूलचंद प्रभुदयाल रा उ मा वि पवाना अहीर भवन निर्माता संतोष रामावतार गोयल को राज्य स्तर पर शिक्षा भूषण, व प्राचार्य महेश चन्द यादव को राज्य स्तरीय प्रेरक सम्मान से नवाजा गया था।

लगातार दूसरे वर्ष भी जयपुर में शनिवार को आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह में भामाशाह संतोष रामावतार गोयल के प्रतिनिधि सेठ अशोक शाह ने जिला स्तरीय शशिक्षा श्री अवार्ड 2025श व प्राचार्य महेश चन्द यादव ने जिला स्तरीय प्रेरक सम्मान प्राप्त किया है। भामाशाह संतोष रामावतार गोयल द्वारा गत वर्ष 36 लाख रुपए व इस वर्ष 16 लाख रुपए विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक विकास में योगदान देते हुए करीब 53 लाख रुपए खर्च किए हैं।


**खोया पाया**

मेरे मकान संख्या 116/34 मानसरोवर जयपुर की मूल रजिस्ट्री गुम हो गयी है। मिलने पर सूचित करें- अमोलक चंद जैन 9460574569

**सूचना** मैं घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम संतोष कंवर है एवं मेरी PNB Metlife की पॉलिसी सं. 20343456 है जिसमें मेरा नाम संतोष बाई (जन्मतिथि 08/01/1983) है। मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम संतोष कंवर (जन्मतिथि 09/01/1981) है। मैं घोषणा करती हूँ कि दोनों व्यक्ति एक ही है तथा भविष्य में मुझे संतोष कंवर (जन्मतिथि 09/01/1981) के नाम से जाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैं रीना कुमारी कानूनी रूप से विवाहित पत्नी है नं. 14689831Y रैंक नायक नाम मामराज सिंह निवासी 25, ग्रीन पार्क विस्तार, नांगल जैसा बोहरा, झोटवाडा, जयपुर। मैंने अपने पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज नाम गलत होने के कारण अपना नाम रीना कुमारी से बदलकर रीना शेखावत रख लिया है। अतः रीना कुमारी और रीना शेखावत एक ही व्यक्ति है। शपथ पत्र संख्या CB131374 दिनाक 28.06.2025

मैंने मेरा नाम भानु अरोड़ा से बदलकर भूमिका गेरा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। भूमिका गेरा पत्नी चिराग़ गेरा 808, NRI Proxima, सेक्टर 22, प्रताप नगर, जयपुर 302033

मैं आर्मी नम्बर 15217557Y रैंक-हवलदार नाम राजेन्द्र कुमार, यूनिट-199 मीडियम रेजिमेंट मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम गलत दर्ज है। उनका सही नाम जानकी देवी है। शपथ पत्र संख्या- IN-RJ 14592633081200X

मैं प्रीतपालसिंह पुत्र श्री हरशरनसिंह चावला, मेरी पूर्व पत्नी का नाम मेरे पासपोर्ट में सिमरन कौर दर्ज है एवं विवाह विच्छेद डिक्री में सुमित खालसा दर्ज है। सिमरन कौर एवं सुमित खालसा दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी पूर्व पत्नी के ही नाम है। भविष्य में उक्त संबंध में कोई वाद विवाद होता है तो समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी। मो.नं. 9829791219

I have changed my name from Thnisha Modi to Tanisha Modi W/o Gaurav Modi R/o D-201, Unnati Regedency, Sector-1, Vidhyadhar Nagar, Jaipur. For all purpose.

I have changed my Name from TS saumya mole to Soumyamol T S in my husband's service records for all future purposes. Soumyamol T S w/o Army no. 15672130H Hav. Ranjith M R R/o- village- Elathur, Dist.-Kozhikode, Kerala.

I Tara Rathore legally wedded spouse of Late Major Har Raj singh S/O kheenw singh Army no.IC-40920A resident of plot no 66/67 Kailash nagar colony marg 14 jhotwara jaipur that have changed my daughter name which is wrongly entered in my husband service record from GAYATREE SINGH ( DOB 28/8/1996) TO GAYATRIE SINGH RATHORE ( DOB 28/3/1996) vide affidavit dated 26/6/2025 before district notary Jaipur

I, SANDA DAS mother of No. 8037066L Nk(Chef) Pranab Das R/o Vill: Bagulakhali, Po:Chunakhali, Teh: South24 Parganas, PS: Basanti, Dist: South 24 Parganas, State: West Bengal, PIN: 743611 have changed my name from SANDA DAS to SANDHYA DAS and date of birth also changed from 06 Apr 1962 to 17 Nov 1972 Vide affidavit No. BZ433600 Date 27/06/2025 (Jaipur)

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अमित पारीक, उम्र 37 मुझसे अन्यत्र निवास करता है, तथा मेरे कहने में नही है। मैं अपने पुत्र अमित पारीक को अपनी समस्त प्रकार की चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूं भविष्य में मेरे पुत्र अमित पारीक का मेरी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्तियों से किसी प्रकार का कोई लेनादेना नही रहेगा। यदि मेरा पुत्र किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य किसी के साथ किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन अथवा किसी भी प्रकार का कोई ईकरारनामा अथवा अन्य किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही करता है अथवा किसी भी वित्तीय संस्था अथवा व्यक्ति से किसी भी प्रकार का ऋण उधार प्राप्त करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरा व मेरे अन्य पारिवारिक सदस्य का उससे कोई लेना देना नहीं होगा।

गिरधर कुमार पारीक, निवासी किशनगढ़ रेनवाल हाल निवासी 38, गोकुल विहार, सीकर रोड़, हरमाडा, जयपुर, राज.

**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**

क्रमांक-एफ-18()सि.ला.जो./उपा/ननिजहै/2025 दिनांक-

**अनापत्ति आमंत्रण सूचना** भूखण्ड संख्या 37 कृष्णापुरी सहकारी समिति महादेव नगर सोडाला जयपुर का पट्टा क्षेत्रफल 383.33 व.ग. का श्री देवेन्द्र बहादुर पाण्डेय पुत्र श्री रामअवतार पाण्डेय एवं श्रीमती कमला पाण्डेय पत्नी श्री देवेन्द्र बहादुर पाण्डेय को किया गया है, श्री देवेन्द्र बहादुर पाण्डेय पुत्र श्री रामअवतार पाण्डेय एवं कमला पाण्डेय पत्नी श्री देवेन्द्र बहादुर पाण्डेय की मृत्यु पश्चात् जरिये वसीयतनामा के उक्त भूखण्ड की वसीयत श्री सुधांशु शेखर पाण्डेय पुत्र श्री देवेन्द्र बहादुर पाण्डेय को की गई मृत्यु प्रमाण पत्र, निर्धारित अण्डरटेकिंग, वसीयत बावत शपथ पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 383.33 व.ग. का नाम हस्तान्तरण श्री सुधांशु शेखर पाण्डेय पुत्र श्री देवेन्द्र बहादुर पाण्डेय के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को इस नाम हस्तान्तरण बावत में आपत्ति के प्रकाशन तिथी से 37 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान न अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म को कोई आक्षेप नही है। और मामले का तदनुसार निपटारा किया जाएगा।

उपायुक्त सिविल लाईन जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in,
Phone No. 0141-2782772

क्रमांक-DHC-II/ 432 दिनांक-17/6/25

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 10/692, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 90.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री जी.डी. गौड़ को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 390 दिनांक 03.02.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 02.05.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 22 दिनांक 06.01.1995 के द्वारा श्री महेश कुमार रस्तोगी पुत्र श्री बी.आर. रस्तोगी के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 27.03.1997 को करवाया गया। श्री महेश कुमार रस्तोगी के द्वारा श्री अशोक कुमार योगी एवं श्रीमती हंसना योगी को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त कर दिया गया। मुख्यारनामा आम धारक श्री अशोक कुमार योगी एवं श्रीमती हंसना योगी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री संदीप बिवाल एवं श्रीमती रश्मि बिवाल को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 25.02.2006 को करवाया गया। श्री संदीप बिवाल एवं श्रीमती रश्मि बिवाल के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती मीना शर्मा पत्नी श्री बृजमोहन शर्मा एवं श्री निशांत शर्मा पुत्र श्री बृजमोहन शर्मा को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 06.01.2016 को करवाया गया। श्रीमती मीना शर्मा पत्नी श्री बृजमोहन शर्मा एवं श्री निशांत शर्मा पुत्र श्री बृजमोहन शर्मा द्वारा उक्त आवास की लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्रीमती मीना शर्मा एवं श्री निशांत शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/307 चूंकि प्रार्थी श्री श्रीमती शशी कला शर्मा. 33. रघुनाथ कॉलोनी, मालपुरा रोड, दूदू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री कोशल्या नंदन चेरिटेबल ट्रस्ट, दूदू राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 24-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 29/08/2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम


# जल संरक्षण वर्तमान समय की महत्ती जरुरत : वन मंत्री संजय शर्मा

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को रोटरी क्लब अलवर फोर्ट द्वारा जल संचय संकल्प अभियान के अंतर्गत आदर्श विद्या मंदिर स्कूल स्कीम 4 में भामाशाह गोपी साधवानी के सहयोग से निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग कार्य का शुभारम्भ किया। वन मंत्री संजय शर्मा ने संबोधन देते हुए कहा कि बूंद-बूंद जल का संरक्षण आज के समय की महत्ती आवश्यकता है, इस दिशा में शहर में जल संरक्षण हेतु रोटरी क्लब अलवर फोर्ट द्वारा पिछले 8 वर्षों से उल्लेखनीय कार्य किए जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक स्त्रोतों के दोहन से प्रकृति में असंतुलन उत्पन्न हो गया है, जिसकी वजह से पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल और केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के प्रयासों से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चार राज्यों में फैली अरावली पर्वत श्रृंखला का संरक्षण कर उसे हराभरा बनाने का कार्य किया जा रहा है, इससे अरावली पर्वत श्रृंखला से निकलने वाली नदियां भी पुनर्जीवित होगीं। वन शर्मा ने अलवर शहर में जल संरक्षण के लिए किया जा रहे कार्यों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेष सहयोग से नटनी के बारां से जयसमंद बांध तक 40 करोड रुपए की लागत से नहर का पुनरुद्धार कार्य एवं 8 करोड रुपए की लागत से भाखेड़ा एनीकट का जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा, जिससे बढी मात्रा में वर्षा जल को संरक्षित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बाला किला क्षेत्र में तोपवाले हनुमान जी के पास नगर विकास न्यास द्वारा 27.50 लाख रुपए की लागत से माटिया कुंड तथा लगभग 10 करोड रुपए की लागत से प्रतापबंध के पास जोहडी, धुरासिद्ध में एनीकट एवं अखैपुरा में जरख वाला नाला पर एनीकट निर्माण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खुदनपुरी के जोहड का जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है, साथ ही लड्डूखास की बगीची को अतिक्रमण मुक्त कर नगर निगम के माध्यम से निर्मित जोहड में पहली वर्षा में पानी की आवक भी हुई है। हमारा प्रयास है कि शहर के आसपास के सभी जोहड, पोखर व बावडियों का जीर्णोद्धार कर जल संरक्षण का कार्य करें, वहीं विजयनगर व बुद्ध विहार आदि क्षेत्रों में भी पुराने कुओं में यूआईटी के माध्यम से जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेष सहयोग से गत बजट में स्वीकृत 5 करोड़ की राशि से 35 ट्यूबवेल आवंटित हुए तथा इसके अतिरिक्त जलदाय विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के सहयोग से 71 नए ट्यूबवेल का आवंटन किया।





वन मंत्री संजय शर्मा ने अलवर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया।

### 31 छात्राओं को स्कूटी वितरित

**भरतपुर (निस)।** राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2022-23 की 31 लाभार्थी छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गईं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुजाता चौहान के निर्देशन में किया गया। स्कूटी वितरण एवं वाउचर रिडेम्पशन की प्रक्रिया में छात्रवृत्ति एवं स्कूटी वितरण समिति के सदस्य डॉ. लक्ष्मी, डॉ. भरत भूषण, देवेंद्र गहलोत, कंप्यूटर ऑपरेटर उज्ज्वल सैन एवं टीवीएस प्रबंधक शिव लहरी सहित संबंधित स्टाफ ने सक्रिय योगदान दिया। लाभार्थी छात्राओं को स्कूटी के साथ-साथ रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, बीमा और हेलमेट भी उपलब्ध कराए गए। प्राचार्य डॉ. सुजाता चौहान ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना से अनेक जरूरतमंद छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### प्रतिमा खंडित करने पर आक्रोश

**बौंली- बामनवास।** क्षेत्र के अमावरा गांव के मुख्य सड़क मार्ग पर शुक्रवार रात्रि को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कई जगह से खंडित कर देने से लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया इस प्रतिमा का शनिवार को अनावरण होना था। घटना की सूचना ग्रामीणों ने बामनवास पुलिस थाने में दी, सूचना पाकर बामनवास थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा मय दल के मौके पर पहुंचे एवं घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। घटना के बाद ग्रामीणों ने अस्थाई टेंट लगाकर मोरा सागर सड़क मार्ग पर कटीले झाड़ लगाकर प्रतिमा के सामने जाम लगा दिया एवं सामूहिक धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने के बाद बौंली मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलकमल मीणा, बामनवास तहसीलदार बनवारी लाल शर्मा एवं अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे व मौके की नजाकत देखते हुए अतिरिक्त जाप्ता बुलाया, समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन व धरना प्रदर्शन कर रहे महिला, पुरुषों से समझाइए करने में जुटा है।

# प्रतिभागी व प्रशिक्षक सम्मानित

- राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भरतपुर एवं अग्रसेन महिला विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्म कालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह अग्रसेन महिला विद्यापीठ भरतपुर में किया
- जीवन में सफल होना है तो अनुशासन, धैर्य, कठिन परिश्रम की आदत सीखनी चाहिए।

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भरतपुर एवं अग्रसेन महिला विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्म कालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह अग्रसेन महिला विद्यापीठ भरतपुर में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल सैनी अतिरिक्त जिला कलैक्टर (षहर) भरतपुर अध्यक्षता कृष्ण कुमार अठावाल अध्यक्ष अग्रसेन महिला विद्यापीठ एवं विशिष्ठ अतिथि दलवीर सिंह उपनिदेशक महात्मा गांधी रा.वि. संभाग भरतपुर, अनित कुमार शर्मा एडीपीसी समसा भरतपुर सुरेन्द्र गोपालिया जिला षिक्षा अधिकारी मुख्यालय भरतपुर राकेष बंसल सचिव अठासेन महिला विद्यापीठ भरतपुर, गिर्राज गर्ग सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) केदार पाराषर सहायक प्रभारी जिला भरतपुर, देवेन्द्र मीणा सीओ भरतपुर द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि राहुल सैनी ने अपने उद्बोधन में कहा भरतपुर षहर की प्रतिभाओं को निखारने, उनके श्रम के प्रति निष्ठा, स्वावलम्बन एवं आत्म विष्वास इस समर कैम्प के 150 बालक-बालिकाओं को देख कर लग रहा है निष्चित ही बड़ी निष्ठा से प्रशिक्षकों द्वारा प्रषिक्षण दिया गया है।

इस कैम्प में लगी हुई विभिन्न विधाओं की प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया और सराया गया तथा बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट नृत्य की प्रस्तुति दी। भानु प्रताप सिंह सचिव स्काउट गाईड ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया यह 17 मई से प्रारम्भ हुआ था 150 बालक-बालिकाओं को कुषल दक्ष एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा सिलाई, पेन्टिंग मेंहदी कराटे-तायक्वांडो, वाद्य यन्त्र, ब्यूटीषियन, ईंगलिष स्पोकन, स्वीमिंग, वैडमिन्टन, टेबिल टेनिस का प्रशिक्षण दिया गया इसके बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिताऐं कराई गई।

इन सभी को अतिथियों द्वारा ट्राफी सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त गिर्राज गर्ग ने उद्बोधन में कहा कि जीवन में सफल होना है तो अनुशासन, धैर्य, कठिन परिश्रम की आदत सीखनी चाहिए। हम स्काउट गाइड में प्रवेश लेकर आसानी से सीख सकते है। अन्त में आभार व्यक्त किया गया। अग्रसेन महिला विद्यापीठ को सर्व श्रेश्ठ ईको क्लब के रूप में चुना गया कृष्ण कुमार अग्रवाल अध्यक्ष को 2500 रूपये का चौक एवं ट्राफी इस समारोह में प्रदान की गई।

### 7 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड आज शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित 3 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 7 सड़क विकास परियोजनाओं तालवा रोड से श्री भैरू बाबा मंदिर, हनुमान शर्मा के मकान से श्री शंकर भगवान के मंदिर तक, सम्पर्क सड़क जोधुला, सोठाना मोड से देवली, सोठाना देवली रोड़ से बादशाहपुर, सोठाना से छोटा काकराना, लुहाकना से बनियों का बास (देवीपुरा) सड़कों का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप जी धनखड़ ने कहा कि ये सड़कें क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। बेहतर सड़क संपर्क से न केवल यातायात सुविधा में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को भी बल मिलेगा। साथ भीमसेन जी गुर्जर विराटनगर क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष, महेश जी यादव बाणगंगा मंडल अध्यक्ष, नागरिक मौजूद रहे।

# टोंक कलेक्टर ने टीबी मरीजों को शिविर में बांटे पोषण किट

- निक्षय मित्र योजना सरकार की एक प्रभावी पहल है, जिससे न केवल रोगियों को सहायता मिलती है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है

**टोंक।** उपखण्ड के ग्राम पंचायत अलीगढ में आयोजित पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल टोंक ने टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित किये, जिससे उन्हें इलाज के साथ-साथ पोषण भी सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त तहसीलदार काजल मीणा, नायब तहसीलदार धर्मेन्द्र तसेरा, संरपच साबीया बी, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, समाजसेवी किशन सैनी ने भी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजो को निक्षय पोषण किट वितरित किये। सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र सिंह चैधरी ने बताया कि निक्षय मित्र योजना सरकार की एक प्रभावी पहल है, जिससे न केवल रोगियों को सहायता मिलती है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

उन्होंने सभी निक्षय मित्रों के प्रयासों की सराहना की। जिला क्षय रोग अधिकारी टोंक डॉ. हिमांशु मित्तल ने बताया कि उपखण्ड के ग्राम पंचायत अलीगढ व झुण्डवा में आयोजित पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में सामाजिक एवं भावनात्मक समर्थन को प्राथमिकता देत टीबी मरीजों को निक्षय पोषण कीट उपलब्ध करवाये जाने हेतु कुल 22 निक्षय मित्रों का पंजियन किया गया, जो कि यह पहल स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसमें सरकारी अधिकारी समुदाय के साथ सीधे जुडक़र उनकी जरूरतों को पूरा करने में सहायता प्रदान करते है। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष लोदी ने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की, योजनाओ में यूडीआईडी कार्ड, पीएमजेएवाई योजना में पंजीकरण करना, ई-केवाईसी व कार्ड जारी करना, टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टीबी मरीजों की पहचान हेतु स्क्रीनिंग करना, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की।



जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल टोंक ने टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित किये।


**OFFICE THE GRAM PANCHAYAT JORAWAR NAGAR PS-SRIMADHOPUR(SIKAR)**

No.Eproc/2025-26/42 Date:- 27/6/2025

**E-Tender Notice No. 02/2025-26**

Bids for open tender of procurement Of Construction Material for Work in MGNREGA And Other Scheme in Gram Panchayat JORAWAR NAGAR Panchayat Samiti Srimadhopur (Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered Under the GST act 2017, up to 6.00 PM of 05-07-2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat JORAWAR NAGAR Office in all working days.

UBN:- SMD2526GLRC00076

SARPANCH GRAM PANCHAYAT JORAWAR NAGAR PS-SRIMADHOPUR(SIKAR)

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER GRAM PANCHAYAT JORAWAR NAGAR PS-SRIMADHOPUR(SIKAR)

**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर ( राज. )**

क्रमांक : नियमन/2025/322-323 सार्वजनिक विज्ञप्ति दिनांक : 26.06.2025

आवेदकगण श्री सुबोध कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री रामचन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती माधुरी श्रीवास्तव पत्नी श्री सुबोध कुमार श्रीवास्तव निवासी आर-364 आई जी ऑफिस के पास पदम विला तहसील व जिला भरतपुर राज0 द्वारा योजना देव विहार भरतपुर आवासीय भूखण्ड संख्या 34 क्षेत्रफल 141.89 वर्गगज नामान्तरण के आधार पर ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया है।

प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखण्ड का पट्टा दिनांक 24.02.2023 को श्रीमती भूमिका चन्दानी पत्नी श्री मजूंल चन्दानी के पक्ष में जारी किया गया है। जोकि उपपंजीयक कार्यालय में दिनांक 18.03.2023 को पुस्तक सं 01 जिल्द सं 1276 में पृष्ठ सं 130 क्रम सं 202203098102407 पर पंजीबद्ध है। श्रीमती भूमिका द्वारा भूखण्ड उक्त श्रीमती भूमिका से जरिये रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 06.06.2025 को विक्रय पत्र के माध्यम से उपपंजीयक कार्यालय भरतपुर में पुस्तक सं 01 जिल्द सं 1405 में पृष्ठ सं 21 क्रम संख्या 202503098104461 पर पंजीबद्ध है, से क्रय किया है। अतः श्री सुबोध कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री रामचन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती माधुरी श्रीवास्तव पत्नी श्री सुबोध कुमार श्रीवास्तव के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति या संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो कृपया विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के समक्ष प्रस्तुत करे। (गुजरने पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।)

प्रभारी अधिकारी
नियमन, भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

## संक्षिप्त

### स्तरीय कार्यशाला आज

**टोंक।** निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार प्रो. पी. सी. महालनोबिस के आर्थिक नियोजन एवं सांख्यिकीय विकास क्षेत्र में दिये योगदान पर उनकी 132 वीं जयन्ती पर 29 जून को 19 वें सांख्यिकी दिवस का आयोजन 11 बजे से सांय 5 बजे तक होटल शीतल टोंक में किया जावेगा। उप-निदेशक हनुमान मीना ने बताया कि इस वर्ष सांख्यिकी दिवस की थीम राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष विषय रखा गया है। आर्थिक नियोजन एवं सांख्यिकी विकास के क्षेत्र में प्रो. पी. सी. महालनोबिस के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में भारत सरकार द्वारा वर्ष 2007 सें इनके जन्म दिवस 29 जून को प्रतिवर्ष सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वर्तमान में सकल घरेलू उत्पादए औद्योगिक सांख्यिकीए आर्थिक गणनाए एवं सर्वेक्षण, मूल्य सांख्यिकी, कृषि सांख्यिकी, ई-ठााम परियोजना, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, जनआधार योजना, जनगणना, सतत विकास लक्ष्य आदि सांख्यिकीय कार्यों को विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस सांख्यिकी दिवस पर आयोजित कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों, जन-प्रतिनिधियों, स्थानीय पत्रकारों एवं समस्त सांख्यिकी सेवा के कार्मिकों को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया हैं।

### कांग्रेस कमेटी की मीटिंग आज

**टोंक।** जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की एक मीटिंग जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की अध्यक्षता में 29 जून रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी । जिला संगठन महासचिव दिनेश चौरासिया में बताया कि मीटिंग में जिला संगठन प्रभारी आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा, टोंक जिला के चारों विधानसभा कांठोस प्रत्याशी व प्रभारीगण टोंक जिले से जुड़े पीसीसी सदस्य जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अठिाम संगठन प्रकोष्ठ विभागों के जिलाध्यक्ष, कांग्रेस संगठन से जुड़े स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रधान, नगर परिषद, नगर पालिका के अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं पार्षद गण भाग लेंगे।

### कांवड़ियों का जत्था रवाना

**किशनगढ़ बास।** शिव भक्त कावड़ियों का पांच सदस्यीय जत्था शहर के पुराना बाजार मोटेश्वर महादेव मंदिर से भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर रवाना हुआ । शिव भक्त कांवड़ियों को भाजपा नेता विश्वास यादव, मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल, विनय गोयल, पार्षद तेजसिंह सैनी, शिवहरी गुर्जर,मुकेश सोनी, गोपाल सोनी, सोनू सहित शहर के गणमान्य लोगों ने दुपट्टा पहनाकर व मुंह मिठा कराकर रवाना किया । इस दौरान शिव भक्त कांवड़िया हरि ओम गुप्ता ने बताया कि वह इस वर्ष भोलेशकर के आशीर्वाद से 26 वी बार कांवड़ लाने के लिए जा रहे हैं। उनके साथ विक्की सोनी, योगेश गोलू सोनी, पीयूष शर्मा, रवि शर्मा जत्थे में शामिल हैं। 25 दिन की इस यात्रा में 1 जुलाई को गगोत्री से कावड़ लेकर पैदल रवाना होंगे। करीब 750 किलोमीटर की पैदल यात्रा को 22 दिन में वह पूरी कर 22 जुलाई को वापस आएंगे।

### कांग्रेस पार्टी की बैठक आज

**देवली** । देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने संगठन सशक्तिकरण के लिए एक बैठक आयोजित की है। यह बैठक 29 जून शाम 4:30 बजे कांग्रेस कमेटी कार्यालय पेट्रोल पंप चौराहा देवली पर आयोजित की जाएगी। बैठक में विधान सभा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल होंगे। सभी को समय पर आने की बात कही है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ जिंदल ने बताया कि बैठक में लोकसभा सांसद हरिशचंद्र मीणा, जिला प्रभारी और आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, कांग्रेस नेता कस्तूर चंद्र मीणा, विधानसभा प्रभारी कविता गुर्जर और जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष हरिभाई बैरवा शामिल होंगे। बैठक में देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्टी पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, इकाई अध्यक्ष, वर्तमान और पूर्व पार्षद गण और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति आवश्यक रूप से अनिवार्य रखी गई है।

# पावटा में वन विभाग ने खाली कराई सरकारी जमीन

**पावटा।** उपखंड पावटा में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बडिया वाली ढाणी ढाबा वाली वन खंड बुचारा में उपवन संरक्षक जयपुर उत्तर डी पी जागावत के निर्देशन में सहायक वन

■ **बडिया वाली ढाणी ढाबा वाली वन खंड बुचारा में 10 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया**

संरक्षक कोटपुतली तरुण प्रकाश यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी कोटपुतली सतपाल ढिलाण व रेंज कोटपुतली, विराटनगर, पावटा स्टाफ एवं प्रागपुरा थाना पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में अतिक्रमित भूमि पर जेसीबी की सहायता से खाई खोदकर कब्जे में ली गई।



**उपखंड पावटा में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटा कर जमीन कब्जे में ली।**

क्षेत्रीय वन अधिकारी कोटपुतली सतपाल ढिलाण ने बताया कि उक्त भूमि पर अतिक्रमियों द्वारा 17 जून 2025 को वन विभाग के स्टाफ साथ मारपीट व गाली गलौच की गई थी। जिसको लेकर प्रागपुरा थाना पुलिस में मामला भी दर्ज करवाया गया था। उसके बाद विभाग हलचल में आया व वन भूमि को कार्रवाई कर अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

## 'भामाशाहों का विकास में महत्वपूर्ण योगदान'

**अलवर** । वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान में आयोजित जिला स्तरीय भामाशाह एवं प्रेरक सम्मान समारोह में शिरकत कर अविभाजित अलवर जिले के 70 भामाशाहों एवं 26 प्रेरकों का साफा एवं शॉल ओढाकर तथा श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। वन संजय शर्मा ने शिक्षा की उन्नित में महत्ती भूमिका निभाने वाले भामाशाहों एवं प्रेरकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए स्कूलों के विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में इनके योगदान को अमूल्य बताया। उन्होंने कहा कि भामाशाह जैसी परंपरा हमारी संस्कृति की विरासत रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की महत्वता के दृष्टिगत भामाशाहों का योगदान अत्यंत सराहनीय है। भामाशाह ना केवल आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं, बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सहयोग देने वाले दानदाता समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं।

## सात फ्लाई ओवरों की सौगात

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग के प्रयासों से जयपुर से भरतपुर ऊंचा नगला के मध्य सात स्थानों पर फ्लाई ओवर निर्माण की सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा स्वीकृति जारी कर दी है। डॉ. गर्ग की पहल पर केन्द्रीय मंत्री गडकरी द्वारा आमजन के हितार्थ के लिये दी गई सौगात पर गडकरी और जयंत चौधरी का उन्होंने आभार व्यक्त किया है।

डॉ. गर्ग ने पिछले दिनों सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर जयपुर से भरतपुर तक मापदण्डों अनुसार फ्लाई ओवर बनवाने की मांग की थी और बाद में कौशल विकास एवं उद्यिमता राज्यमंत्री जयंत चौधरी के साथ सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर जयपुर से भरतपुर के ऊंचा नगला तक करीब 13 स्थानों पर मापदण्डों अनुसार फ्लाई ओवर नहीं होने के बारे में अवगत कराते हुये आग्रह किया की जयपुर से भरतपुर के ऊंचा नगला तक बने हुये अधिकांश फ्लाई ओवर चौराहों पर न बनाकर चौराहों से 100-300 मीटर आगे या पहले बनाये गये हैं। जिससे टेफिक जाम की समस्या बनी रहती है। जिससे वाहनों के आवागमन में समय लगता है। डॉ. गर्ग ने जयंत चौधरी के माध्यम से गडकरी को अवगत कराया था कि ब्रज का क्षेत्र गोवर्धन, मथुरा, वृन्दावन, आगरा, भरतपुर धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में इस मार्ग पर बने हुये फ्लाई ओवर के स्थान पर कानौता चौराहा, बस्सी चौराहा, मानपुर चौराहा, सिकन्दरा चौराहा, महुआ मोड, खेडली मोड, छौंकरबाडा चौराहा, डेहरा मोड, सेवर चौराहा, टैक्नोलॉजी पार्क (सेवर तिराहा), शीशम चौराहा, ऊंचा नगला पर तकनीकी व टेफिक को देखते हुये फ्लाई ओवरों का निर्माण कराया जाये। केन्द्रीय सडक परिवहन मंत्री ने विधायक डॉ. गर्ग द्वारा आमजन की सहूलियत के लिये सौंपे गये पत्र पर संज्ञान लेते हुये सर्वे कराया और उनकी बाजिव मांग को मानते हुये जयपुर से भरतपुर के ऊंचा नगला के बीच बने हुये ब्लैक स्पॉट के निवारण के लिये कानौता चौराहा, बस्सी चौराहा, मानपुर चौराहा, सिकन्दरा चौराहा, छौंकरवाडा चौराहा, डेहरा मोड एवं ऊंचा नगला पर फ्लाई ओवर निर्माण की स्वीकृति जारी कर दी है और टेंडर प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही इन सभी स्थानों पर फ्लाई ओवर निर्माण कार्य शुरु हो जायेगा। डॉ. गर्ग ने आमजन के हित में फ्लाई ओवरों के निर्माण की स्वीकृति जारी करने पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि मापदण्ड के अनुसार फ्लाई ओवर के निर्माण होने के पश्चात् जयपुर से आगरा तक का सफर आसान हो जायेगा।

# पर्यावरण को स्वच्छ रखने का आव्हान

**फुलेरा** । क्षेत्र के समाजसेवी और रिटायर्ड रेलवे लोको निरीक्षक एम.के वर्मा व उनकी पत्नी मधु वर्मा ने अपने 62 वें जन्मदिवस के उपलक्ष में सांभर बाईपास रोड पर सड़क के किनारे-किनारे वृक्षारोपण किया। इसके साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ एंव हरित रखने का आव्हान किया। इस दौरान वर्मा ने बताया कि पृथ्वी पर यदि पेड़-पौधे अधिक होंगे तो पर्यावरण स्वच्छ व

■ **पृथ्वी पर यदि पेड़-पौधे अधिक होंगे तो पर्यावरण स्वच्छ व हरित होने के साथ-साथ ऑक्सीजन की कभी कमी नहीं होगी**

हरित होने के साथ-साथ ऑक्सीजन की कभी कमी नहीं होगी। वहीं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नगर पालिका के उपाध्यक्ष योगेश सैनी ने कहा कि पेड़ पौधे अधिक होंगे तो बारिश भी अच्छी होगी। इसी क्रम में पार्षद तारा चन्द सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस के अवसर पर पेड़ लगाने चाहिए। साथ ही उनके संरक्षण की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



**समाजसेवी और रिटायर्ड रेलवे लोको निरीक्षक एम.के वर्मा व उनकी पत्नी मधु वर्मा ने अपने जन्मदिवस पर सड़क के किनारे वृक्षारोपण किया।**

ताकि आमजन को स्वच्छ हवा एंव स्वास्थ्य मिल सकें। इसके अलावा आरटीआई कार्यकता भंवर लाल सैनी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार है। इसलिए वृक्षारोपण के लिए लोगों को आगे आना चाहिए और न केवल पेड़ लगाने चाहिए बल्कि उनका संरक्षण कर उन्हें विकसित भी करना चाहिए। इसके चलते कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने जन्मदिवस पर पेड़ लगाने तथा अन्य लोगों से भी लगवाने आ ान किया। इस अवसर पर डालचन्द सैनी (राजू काका), धन्ना लाल सैनी, हीरालाल वर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# भरतपुर में विकास कार्यों का निरीक्षण

**भरतपुर (निस)।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने शनिवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों, ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता खराब पाये जाने एवं समय पर कार्य नहीं होने पर संबन्धित अभियंता एवं संवेदक की जिम्मेदारी तय की जायेगी। जिला कलक्टर ने रीको रोड पर चल रहे आरओबी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जहां व्यापारियों द्वारा आवागमन में आ रही परेशानी की जानकारी देने पर उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पास में जमा मिट्टी को हटवाकर वैकल्पिक मार्ग तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण के दौरान आम लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं हो। उन्होंने लोहागढ़ किले में चल रहे हैं विकास कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया, जहां निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं पाए जाने पर बीडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरे कराया जाए। उन्होंने किशोरी प्लाजा के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जहां सभी कार्य किले के पुराने स्थापत्य शैली के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किले का पुरातन वैभव रहा है इसकी स्थापत्य कला को बरकरार रखते हुए सभी कार्य पूर्ण गति के साथ कराया जाए। उन्होंने किशोरी महल में पर्यटकों के लिए सुविधा भी विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पास में पुराने स्ट्रक्चर को हटाने के स्थान पर बारहदरी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

**मन्दिरों मे श्रद्धालुओं की सुविधा का रखे ध्यान :** जिला कलक्टर ने दरिया मोहन मंदिर, टांडा मदन मोहन जी मंदिर एवं राधा बिहारी जी मंदिर के दर्शन कर परिक्रमा की तथा मन्दिर परिसरों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेकर आम श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखते हुए धार्मिक भावना के अनुरूप सभी कार्य समयबद्धता से कराने के निर्देश दिए। गंगा मंदिर में मां गंगा के दर्शन कर बीडीए द्वारा प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा कर मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग पर कटप्पा स्टोन से बनाए जाने वाले रोड की प्रगति की जानकारी लेकर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप सभी कार्य गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में गुणवत्ता की पालना नहीं करने पर संबंधित अभियंता एवं संवेदक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की ढलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी सभी अभियंता सुनिश्चित करें कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए।

**नहर की मोटवॉल की होगी मरम्मत :** उन्होंने सुजानगंगा नहर का निरीक्षण किया जहां मोटवाल के क्षितठास्त स्थान की मरम्मत करने का प्रस्ताव एवं आउटलेट्स कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के लिए जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुजान गंगा की ऐतिहासिकता एवं पुरामहत्व को देखते हुए इसकी नियमित साफ-सफाई एवं सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए जाएं। उन्होंने सुजान गंगा में नौकायन स्थल पर निरीक्षण कर आम पर्यटकों के लिए सुविधा बढाने, सुजान गंगा नहर में सफाई के लिए नगर निगम द्वारा लगाई गई मशीन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संपूर्ण नहर में किसी भी स्थान पर कचरा नहीं रहे इसके लिए मशीन को लगातार सक्रियता से चला कर पॉलिथीन अन्य कचरा को एकत्रित कर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल संसाधन विभाग को सुजान गंगा नहर में पाईबाग से सीएफसीडी तक तथा केतनगेट से सीएफसीडी तक ओवरफ्लो पानी की निकासी के कार्य को निर्धारित समय में गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए।

# दर्द से कराहता किशनगढ़ बास, विकास की बांट जोह रहा

**किशनगढ़ बास।** शहर का दर्द समझने के लिए सरकार ने व्यवस्थाएं की हुई है, लोगों की समस्याएं सुनने और उनका निदान करने के लिए अधिकारी लगा रखे हैं, विकास के लिए समय-समय पर आवश्यकताओं को देखते हुए बजट देती है जिससे कि शहर गांव में विकास किया जा सके। इसके साथ गांव की पंचायत से लेकर देश की सबसे बड़ी संसद में शहर गांव गरीब की बात को

■ **बारिश शुरू हो चुकी है नालों की सफाई अभी भी चल रही है, सफाई का बुरा हाल है। वॉकिंग करने के लिए पार्क नहीं है, बच्चों के खेलने के लिए स्टेडियम नहीं है**

मजबूती से रखने के लिए जनता सरपंच प्रधान जिला प्रमुख विधायक सांसद को वोट के अधिकार से अपना प्रतिनिधि चुनकर भेजती है।

लेकिन विडंबना की बात है कि जिले के सबसे बड़े उपखंड किशनगढ़ बास पर बैठे अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों में किसी को भी इस शहर की सबसे जटिल बारिश से होने वाले जल भराव की समस्या से सरोकार



**सड़क पर नालों की गंदगी छोड़ देने से लोगों का बदबू से हाल बूरा हो रहा है।**

नहीं है। जनप्रतिनिधि वोटों की चिंता है और अधिकारियों को अपनी कुर्सी बचाने की जनता पिसती है तो पिसे, लोगों का नुकसान होता है तो होने दो हमारी कुर्सी सलामत रहनी चाहिए।

देश में दो सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है भाजपा और कांठोस किशनगढ़ बास में दोनों ही पार्टी के संगठन है। दोनों ही पार्टी के संगठन पदाधिकारी कार्यकर्ता चाहते हैं कि समस्याओं का समाधान हो क्योंकि वह जानते हैं जब चुनाव में जनता के बीच वोट मांगने जाते हैं तो सुनना उन्हें पड़ता है पर सरकार में उनकी चलती नही है वहां विधायक और सांसद की बात को सुना जाता। इसलिए स्थानीय अधिकारी भी उन्हें महत्व नहीं देते ऐसे में वह लोगों की बात विधायक सांसद के सामने ही रख सकते हैं उसमे भी फिर अपना व पराया देखा जाता है कि कौन हमारा है कौन पराया है। अब ऐसे में जनता के हक की बात कौन अधिकारियों, नेताओं से करें क्योंकि की वहां जाने वाले लोगों के चेहरों के साथ सिर गिनें जातें हैं और वह इतने बड़े शहर की सबसे बड़ी कमजोरी है चूंकि यहां पर एक भी लोगों की आवाज को बुलंद होकर रखने के लिए संगठन नहीं बचें है जो थें उनका अस्तित्व नहीं बचा है या वह खत्म हो गए हैं। आज से करीब 25 से 30 साल पुरानी बात करें तो सबसे सशक्त जनता की आवाज उठाने व शहर की चिंता करने के लिए नवयुक मंडल था जिसमें 36 बिरादरी प्रतिनिधित्व हुआ करता था। इसके अलावा तरुण समाज लायंस क्लब जैसे अनेक संगठन हुआ करते थे जो आमजन की समस्याओं के मुद्दों को उठाते थे। पर आज एक भी अस्तित्व में नहीं होने से शहर के दर्द को कोई रखने वाला नहीं है। एक बार फिर इस शहर को जरूरत है ऐसे नवयुवकों की जो राजनीति से दूर एक ऐसे सशक्त मजबूत संगठन का निर्माण कर शहर की आवाज बन सके मजबूती से अधिकारियों और नेताओं के बीच शहर की बात को रख सके ऐसे संगठन की जरूरत है। वर्तमान में शहर की क्या स्थिति है यह छुपा नहीं है। 25 लाख का टैंडर दैकर नगर पालिका मानसून आने पर नालों की सफाई करा रही है जो आज एक महीने पहले की होनी चाहिए थी।

## अस्पताल में नहीं है अल्ट्रासाउंड मशीन

**पावटा।** उपखंड पावटा की आधी आबादी को चिकित्सा सेवा देने वाले उपजिला अस्पताल पावटा में अल्ट्रासाउंड के लिए निजी केंद्रों का सहारा लेना पड रहा है। अस्पताल में हर माह आने वाले लोगों को अल्ट्रासाउंड के लिए निजी केंद्र भेजना पड़ता है। महिलाओं को निजी केंद्रों की लाइन में खड़े होना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा का दर्जा बढ़ाकर उपजिला अस्पताल किया गया। दर्जा तो लगातार बढ़ता गया, लेकिन नागरिक अस्पताल का दर्जा मिलने के बाद भी अल्ट्रासाउंड मशीन तक नहीं लग पाई। क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग वर्षों से नागरिक अस्पताल में सुविधाओं का दायरा बढाने की मांग उठाते आ रहे हैं। उपजिला अस्पताल में सुविधाओं के अभाव में निजी अस्पतालों का कारोबार खूब फलफूल रहा है। अस्पताल में प्रतिमाह 30- 35 लोगों को पथरी, पेट दर्द, रसोली, गर्भवती महिलाओं को निजी केंद्रों से अल्ट्रासाउंड की जांच करवानी पड रही है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का जिम्मा उठाने वाले उपजिला अस्पताल पावटा के पास अल्ट्रासाउंड मशीन तक उपलब्ध नहीं है। शहर के लोग लंबे समय से नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन की मांग कर रहे हैं। अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरन निजी जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है।

## सार-समाचार

### 'कन्या महाविद्यालय की नई बिल्डिंग बनेगी'

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा दी गई 2.2 हैक्टेयर निशुल्क भूमि पर राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन का निर्माण करीब एक साल में पूरा हो जाएगा। नवीन भवन निर्माण पर करीब 4.50 करोड रुपए खर्च होंगे। यह बताना जरूरी है कि सांभर नंदीकेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन कुलदीप व्यास की सिफारिश पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सांभर में कन्या महाविद्यालय खोले जाने हेतु दी गई स्वीकृति के बाद 27 जुलाई 2023 को उच्च शिक्षा विभाग के शासन उप सचिव बृजमोहन नोगिया ने राज्यपाल की आज्ञा से इसके लिए आदेश जारी किए थे। अभी यह कन्या महाविद्यालय पुरानी धान मंडी स्थित सराय भवन में संचालित हो रहा है। नवीन भवन बनाए जाने हेतु राज्य सरकार की ओर से 4 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। करीब 1 साल तक इंतजार करने के बावजूद जब सांभर नगर पालिका निशुल्क भूमि देने में अपने दोनों हाथ खड़े कर दिए तो आखिरकार राजकीय शाकंभर महाविद्यालय ने इसका बीड़ा उठाया और यह भूमि निशुल्क उपलब्ध करवाई। बताया जा रहा है कि नगर पालिका के पास ज्यादातर जो भूमि थी उसको आवासीय और व्यावसायिक भूखंडों में नीलाम करके बेच चुकी है। राजकीय शाकंबर कॉलेज प्रिंसिपल व नोडल अधिकारी ए. एम. कुरैशी बताते हैं कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से कन्या महाविद्यालय की बिल्डिंग का काम शुरू हो चुका है और यह भूतल के अलावा एक मंजिल बनेगा, जिसमें पर्याप्त कक्षा कक्ष व जरूरी सुविधा मुहैया होगी। समाजसेवी मनीष सूंठवाल, श्री गोपाल गौशाला के सचिव पवन कुमार मोदी, नागरिक विकास समिति के सचिव जितेंद्र डांगरा, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार गट्टानी ने नवीन बिल्डिंग निर्माण के लिए बजट स्वीकृत किए जाने पर सरकार का शुक्रिया अदा किया।

### 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**पावटा।** प्रागपुरा पुलिस थाना टीम ने असामाजिक तत्वों व वांछित अपराधियों की धर पकड़ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वीडियो अपलोड कर आम जनता में भय पैदा करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड़ राजन दुष्यंत ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा वर्तमान में असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वीडियो अपलोड कर आम जनता में भय पैदा करने वाले अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वीडियो अपलोड कर आम जनता में भय पैदा करने वाले अभियुक्त राम सिंह सैनी पुत्र ख्यालीराम सैनी उम्र 34 साल निवासी गोतावा ा ली की ढाणी तन जीणगौर, महेंद्र सैनी पुत्र रामावतार सैनी उम्र 35 साल निवासी गोतावाली की ढाणी तन जीणगौर, मुकेश सैनी पुत्र बाबूलाल सैनी उम्र 26 साल निवासी गोतावाली की ढाणी तन जीणगौर, नवीन सैनी पुत्र मामचंद सैनी उम्र 23 साल निवासी गोतावाली की ढाणी तन जीणगौर थाना प्रागपुरा को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में मामला पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है

### मोर का सफल रेस्क्य

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती ग्राम जोरावर नगर में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर पर एक बिल्ली ने हमला कर उसे घायल कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता और जागरूकता से मोर को बिल्ली के चंगुल से छुडाया गया और तत्काल गौरक्षक सुमित भार्गव को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही भार्गव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल मोर को काबू में लेकर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की और तत्पश्चात उसे वन विभाग।श्रीमाधोपुर को सुपुर्द कर दिया अब तक भार्गव 6 राष्ट्रीय पक्षी मोर के रेस्क्यू कर चुके है। सराहनीय कार्य में सुमित भार्गव के साथ गिरिराज कुमावत, उदय सिंह शेखावत, राहुल अग्रवाल एवं अन्य ग्रामवासियों का भी सहयोग रहा।

### 'कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी'

**अलवर ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामगढ़ के तत्वावधान में ब्लॉक कमेटी व मंडल स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुबारिकपुर मण्डल, नौगांवा ग्रामीण मंडल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य था जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करना, जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना, तथा आगामी चुनावों के मद्देनज़र रणनीतिक योजना तैयार करना। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से स्वयं को पुनः जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक में विशेष रूप से ग्राम, वार्ड और बूथ स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर बल दिया गया। साथ ही, युवा, महिला एवं किसान वर्ग से सीधा संवाद स्थापित करने की रणनीति तय की गई और कांग्रेस की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं जनहित में किए गए कार्यों को जनता तक प्रभावशाली ढंग से पहुँचाने का निर्णय लिया गया । रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी रहे आर्यन ज़ुबैर व प्रभारी प्रवीण व्यास की अध्यक्षता मे मीटिंग का आयोजन हुआ । इस मौके पर कांग्रेस के प्रत्याशी रहे आर्यन जुबेर खान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है । इस दौरान पंचायत समिति प्रधान नासरु खान, रामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बबली पंडित उर्फ अनूप शर्मा , ऋतू राज उप प्रधान अतर सैनी साहिल पटेल, आरिफ खान बरामदा , रशीद रासगन सुरेश बरोका हरद्वारी पटेल, पापली पंडित, दीवान सरपंच, नासरु डारेक्टर, राजू पटेल, लुकमान मौसम, मुकेश भारद्वाज वीरेंदर , रफीक खान राजेश सनी लीला जैन सरबजीत, गोविंद पटेल अशोक जैन, सभी कांठोस कार्यकत्रा वे पद अधिकारी मौजूद रह

### नीति आयोग सलाहकार से भेंट

**अलवर ।** दिल्ली नीति आयोग भवन में स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति के सदस्यों ने नीति आयोग सलाहकार आईएएस राजीव सिंह ठाकुर से मुलाकात की। समिति से जुड़े गौरव शर्मा ने बताया कि अलवर में स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर पिछले 9 वर्ष से स्वतंत्रता गौरव उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश की स्वतंत्रता व देश की रक्षा के शहीद हुए महान बलिदानियों को स्मरण करते हुए व उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पण करना व देश की सीमा पर खड़े भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाना व देश के लिए शहीद हुए महान बलिदानियों को स्मरण करते हुए व उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पण करना है। अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने बताया कि आईएएस राजीव सिंह ठाकुर ने पुर्व में अलवर जिला कलेक्टर रहते हुए उनके आठाह पर कंपनी बाग में शहीद स्मारक के लिए बजट अनुमोदित किया था, जिसके बाद ही अलवर शहर को शहीद स्मारक मिल सका।

### पोस्टर विमोचन के साथ 45 पौधे रोपे

**नारायणपुर** । कस्बा स्थित खेड़ापति बाबा पीर संज्यानाथ महाराज की तपोस्थली धार्मेडा धाम पर शनिवार को श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अवसर पर एक पौधा पीर शिवनाथ महाराज के नाम अभियान के पोस्टर का विधिवत रूप से विमोचन कर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा जामुन, पीपल, करंज, गुलर सहित विभिन्न प्रजातियों के कुल 45 पौधे लगाए गए। इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी श्री कृष्णा शिक्षा एवं ठाामीण विकास समिति ने स्वयं ली है। समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष बरसात के मौसम में 12 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं पर्यावरण प्रेमी डॉ. भीमसिंह जाट ने समिति को इस पुनीत कार्य के लिए 100 पौधे उपलब्ध कराए। इस मौके पर महंत विनयनाथ महाराज, बाबूलाल भुराण, रोशनसिंह शेखावत, बंसीराम गुर्जर, लालाराम सैनी, मोतीलाल जांगिड़, देवीलाल यादव, रामकुमार गुर्जर, बनवारी लाल सैनी सहित कई ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### शिव भोले का पाटोत्सव मनाया

**श्रीमाधोपुर** कस्बे के नवलखा कोठी में स्थित शिव मंदिर में शिव भगवान का पहली बार पाटोत्सव मनाया गया। बजरंग लाल बजाज ने बताया नॉल्केश्वर में पहली बार शिवा मंदिर में जन्मदिन मनाया गया। भक्तों ने आरती का व शस्त्रघट मे भजनों का आनंद लिया गया। दूर दराज से आकर भगवान का दर्शन किया गया । मुंबई ,कोलकाता, दिल्ली से विष्णु ,शंकर, रवि बजाज ,रामकिशन बजाज, मुकेश बजाज, भारत महर्षि, राजू बागवान सभी भक्तों ने सराहना की। शिव भगवान की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया ।इस अवसर पर मोहल्ले के कई भक्तगण मौजूद थे।



अगर टीम इंडिया एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाती है तो गौतम गंभीर पर सवालिया निशान लग सकते हैं। गंभीर ने याचिकाकर्ताओं से जो भी मांग कि उन्हें वह सब कुछ दिया गया है और अब उन पर रिजल्ट देने का भारी दबाव है। – आकाश चोपड़ा

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, गौतम गंभीर के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** – नजमुल शांतो



**बंगलादेश** क्रिकेट टीम के कप्तान नजमुल शांतो ने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज हारने के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। शांतो मेहदी हसन मिराज को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाये जाने से नाराज चल रहे थे। आज यहां संवाददाता सम्मेलन में शांतो ने अपने इस्तीफे की घोषणा की। श्रीलंका के खिलाफ पारी और 78 रन से कोलंबो टेस्ट में हारने के बाद शांतो ने कहा, मैं अब टेस्ट की कप्तानी जारी नहीं रखूंगा। उन्होंने कहा, यह मेरा कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। टीम की बेहतरी के लिए मैने यह फैसला किया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** डिफेंडर गोस्था पॉल भारत के राष्ट्रीय टीम के पहले कप्तान थे। उन्होंने 1920 और 1930 के दशक में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था।

## आयुष और तन्वी यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

आयोवा (अमेरिका), 28 जून। आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा ने शुक्रवार को अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मैच जीतकर यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये पुरुष एकल बैडमिंटन मुकाबले में रैंकिंग में 34वें स्थान पर मौजूद चौथे वरीय आयुष शेट्टी ने क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन कुओ कुआन-लिन को 22-20, 21-9 से हराकर डब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 38 मिनट तक चले मुकाबले में पहले गेम में 19-16 से पिछड़ने के बाद आयुष शेट्टी ने वापसी करते हुए पहला गेम टाई-ब्रेक में जीता और फिर दूसरे गेम 21-9 जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आयुष शेट्टी का मुकाबला शीर्ष वरीय और दुनिया के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन से होगा। इससे पहले उन्होंने मार्च में ऑरलियन्स मास्टर्स में अंतिम चार में जगह बनाई थी। इस बीच दुनिया की 66वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने भी क्वार्टरफाइनल में बैडमिंटन रैंकिंग में 50वें स्थान पर काबिज मलेशिया की कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाइ तन्वी का सेमीफाइनल में दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी और यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा से भिड़गी।

## जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप में 24 टीमें लेगी भाग, भारत-पाकिस्तान पूल-बी में

लुसाने, (स्विटजरलैंड), 28 जून। तमिलनाडु के चेन्नई और मुदैरे में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप में 24 टीमें लेंगी भाग। शनिवार को हुए ड्रा में इन टीमों को छह पूलों में विभाजित किया है। भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पूल 'बी' में रखा गया है। आज यहां स्विटजरलैंड के लुसाने में आयोजित हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप के ड्रा समारोह में एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव के साथ ड्रा समारोह में भाग लिया। इस अवसर तैयब इकराम ने कहा, मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि हम इस महत्वपूर्ण क्षण से पहले यहाँ आए हैं, क्योंकि हम पहली बार 24 टीमों वाले एफआईएच जूनियर हॉकी विश्वकप का आयोजन करने जा रहे हैं। यह उभरते देशों सहित सभी देशों के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें शामिल करने की एफआईएच रणनीति का एक हिस्सा है, और यह आयोजन ऐसा करने की दिशा में पहला कदम होगा।

टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी और उन्हें छह पूलों में विभाजित किया गया है।

पूल एः जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और आयरलैंड
पूल बीः भारत, पाकिस्तान, चिली और स्विटजरलैंड
पूल सीः अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान और चीन
पूल डीः स्पेन, बेल्जियम, मिस्त्र और नामीबिया
पूल ईः नीदरलैंड, मलेशिया, इंग्लैंड और ऑस्ट्रिया
पूल एफः फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया और बंगलादेश

## शाहपुरा में सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता, पहले दिन 7 नये रिकॉर्ड बने

शाहपुरा (भीलवाड़ा), 28 जून। राजस्थान तैराकी संघ के तत्वावधान में सब जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय नगर परिषद तरणताल पर शनिवार से प्रांरभ हुई। प्रातःकालीन सत्र में स्विमिंग फैडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल व्यास की मौजूदगी में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन 7 नये रिकार्ड बने है। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने बताया कि आज पहले दिन 400 मीटर फ्री स्टाईल में प्रात्येक कुरिया जयपुर ने 4.46.10 का समय लेकर नया रिकार्ड बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर हर्षादित्य सिंह उदयपुर (4.52.09) व राजवीर दहिया भीलवाड़ा(5.03.00) तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर बेक स्ट्रोक में हर्षादित्य सिंह उदयपुर ने 1.14.65 का समय लेकर नया रिकार्ड बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमन सामोता सीकर ने 1.25.32 के समय से दूसरा व समर पूनिया श्रीगंगानगर ने 1.22.10 के समय से तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में सीकर के अमन समोता ने 1.26.17 का समय लेकर पहला, लक्की निठरवाल ने 1.27.78 का समय लेकर दूसरा व श्री गंगानगर के समय पूनिया ने 1.28.52 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाईल में उदयपुर के हर्षादित्य सिंह ने 1.01.50 का समय लेकर पहला स्थान प्राप्त किया व नया रिकार्ड बनाया। प्रात्येक कुरिया जयपुर ने 1.02.86 का समय लेकर दूसरा व भीलवाड़ा के राजवीर दहिया ने 1.04.88 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 400 मीटर फ्री स्टाईल में चित्तौड़ की अंशिका धाकड़ ने 5.24.38 का समय लेकर नया रिकार्ड बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान प्राप्त पर भीलवाड़ा की आराध्या व्यास ने 5.35.69 का समय लिया व तीसरे स्थान पर जयपुर की अंशिका चोधरी ने 5.35.88 का समय लिया। 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में भीलवाड़ा की आराध्या व्यास ने 1.35.02 का समय लेकर नया रिकार्ड बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जयपुर की यस्शवी अग्रवाल ने 1.41.53 का समय लेकर दूसरा व जयपुर की सशस्वी तिवारी ने 1.42.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बेक स्ट्रोक में जयपुर की अश्विका चोधरी ने 1.25.65 का समय लेकर नया रिकार्ड बनाया व प्रथम स्थान प्राप्त किया। भीलवाड़ा की निकिता चोधरी ने 1.31.16 का समय लेकर दूसरा व जयपुर की सिद्विक्षा कावड़िया ने 1.38.80 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तैराक को गोल्ड मेडल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को सिल्वर व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तैराक को कांस्य पदक व प्रमाण पत्र राजस्थान तैराकी संघ की ओर से दिया गया। प्रतियोगिता का समापन 29 जून को शाहपुरा तरण ताल पर होगा।

## स्मृति मंधाना का आतिशी शतक, भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को दिया 211 रनों का लक्ष्य



नॉटिंघम, 28 जून। कप्तान स्मृति मंधाना (112) और हरलीन देओल (43) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 77 रन जोड़े। नौवें ओवर में एमिली आरलट ने शेफाली वर्मा (20) को आउटकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने मंधाना का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए दूसरे विकेट के लिए 94रनों की साझेदारी की।

16वें ओवर की आखिरी गेंद पर लॉरेन बेल ने हरलीन देओल को आउटकर इंग्लैंड के लिए दूसरा विकेट लिया। हरलीन देओल ने 23 गेंदों में सात चौकों की मदद से (43) रन बनाये। ऋचा घोष (तीन) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (शून्य) लॉरेन बेल का शिकार बनी। 20वें ओवर में भारत का पांचवां विकेट स्मृति मंधाना के रूप में गिरा। मंधाना ने 62 गेदों में 15 चौके और तीन छक्कों की मदद से (112) रनों की पारी खेली। भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 210 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने तीन विकेट लिये। सोफी एकल्सटन और एमिली आरलट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## प्रसिद्ध ने ली इंग्लैंड के खिलाफ खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी



नई दिल्ली, 28 जून। भारतीय गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में खराब प्रदर्शन पर चुप्पी तोड़ते हुए जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में सीरीज के पहले मैच में 200 से ज्यादा लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध कृष्णा की आलोचना की। भारत ये मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध कृष्णा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि, लीड्स टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में ये थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था। उन्होंने कहा कि, मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई में सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि, एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ के विकेट चटकाए।

प्रसिद्ध ने कहा कि, मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडल ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहर या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे।

### आरसीए के क्रिकेट पिच पर राज्य सरकार ने बदली राजनीति की बिसात

## जयदीप बिहाणी को हटाकर दीनदयाल कुमावत को तदर्थ समिति संयोजक बनाया

जयपुर, 28 जून। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में चुनाव करवाने को लेकर चल रही खींचतान के बीच अब मंजू राजपाल, रजिस्ट्रार सहकारी समितियां राजस्थान ने 27 जून 2025 को नया आदेश जारी कर नई एडहॉक कमेटी का गठन कर दिया जिसमें भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी की जगह सवाई माधोपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत को आरसीए की एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया गया है। वहीं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह के पुत्र एवं जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ के सचिव पिंकेश कुमार जैन को सदस्य, सीकर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष आशीष तिवाड़ी को सदस्य एवं अलवर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मोहित यादव को सदस्य बनाया गया है। मंजू राजपाल, रजिस्ट्रार सहकारी समितियां की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि विभाग के आदेश दिनांक 28.03.2024 के द्वारा राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति का तीन माह की अवधि में निर्वाचन कराए जाने हेतु तदर्थ कार्यकारी समिति नियुक्त की गई थी। इसके बाद भी कई बार कार्यकाल बढ़ाने के बाद भी चुनाव नहीं हो पाए। तदर्थ कार्यकारी समिति, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अपरिहार्य कारणों से निर्धारित समय सीमा में चुनाव नहीं करा पाने के कारण अब राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की तदर्थ कार्यकारी समिति का फिर से कार्यकाल बढ़ाया गया है। वहीं इसमें बदलाव भी किया गया है।



दीनदयाल कुमावत (संयोजक) | धनंजय सिंह खींवसर (सदस्य) | आशीष तिवाड़ी (सदस्य) | मोहित यादव (सदस्य) | पिंकेश कुमार जैन (सदस्य)

**डीडी कुमावत का संक्षिप्त परिचय :** आरएसएस की छात्र ईकाई एबीवीपी राजस्थान विश्वविद्यालय में सक्रिय छात्र नेता रहते हुए कई आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके बाद भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए जुझारू रूप से अग्रणी भूमिका निभाई। जयपुर जिला ग्रामीण भाजपा देहात के जिला अध्यक्ष रहते हुए भाजपा की सदस्यता में विस्तार किया और ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा संगठन को खड़ा किया। गत विधानसभा चुनाव के दौरान भरतपुर में पार्टी का संयोजक बनाया गया।

## धनंजय पर राज्य सरकार ने एक बार फिर भरोसा जताया



जयपुर, 28 जून। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी में शामिल हुए धनंजय सिंह पर राज्य सरकार ने एक बार फिर भरोसा जताया है। धनंजय सिंह को एडहॉक कमेटी सदस्य बनाया गया है। इस पर धनंजय सिंह ने कहा कि राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक समिति में मुझे पुनः ज़िम्मेदारी सौंपा जाना मेरे लिए केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि सरकार और नेतृत्व के प्रति विश्वास एवं स्नेह का प्रतीक है। धनंजय सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व हेतु मैं अपनी ओर से विनम्र कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं भजनलाल शर्मा , खेल क्षेत्र में भारत का गौरव बढ़ाने वाले खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ तथा भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का मुझ पर राजस्थान क्रिकेट को नवदिशा और नई ऊर्जा देने के इस प्रयास में मैं अपनी सम्पूर्ण क्षमता से सहभागी रहूँगा।

**चुनाव कराने में फेल रही थी बिहाणी वाली कमेटी :** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी को भंग कर सरकार ने पिछले साल 28 मार्च के दिन एडहॉक कमेटी का गठन किया था। इसे 3 महीने में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन 5 बार सरकार द्वारा गठित की गई एडहॉक कमेटी एसोसिएशन के चुनाव नहीं करा पाई। बिहाणी कमेटी में कुल 6 लोग थे। नई बनी कमेटी में कन्वीनर सहित 5 मेंबर हैं। इस कमेटी को सितंबर तक इलेक्शन कराने होंगे।

एडहॉक कमेटी के पिछले कार्यकाल में जयदीप बिहाणी ने कमेटी के सदस्यों धर्मवीर सिंह और रतन सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। वहीं, धनंजय सिंह, धर्मवीर सिंह और रतन सिंह ने जयदीप बिहाणी को तानाशाह बताया था। इस बीच एडहॉक कमेटी पर बीसीसीआई के फंड का दुरुपयोग करने के भी आरोप लगे थे। उसके बाद से ही माना जा रहा था कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की नई एडहॉक कमेटी में बदलाव हो सकता है।

## नेता-पुत्रों की फिर से एंट्री




नवगठित कमेटी में जिन तीन नए चेहरों को शामिल किया गया है, वे सभी जिला क्रिकेट संघों से जुड़े हैं और सत्तारूढ़ दल से सीधा नाता रखते हैं।

**आशीष तिवाड़ी** – सीकर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे।

**मोहित यादव** – अलवर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और विधायक जसवंत यादव के पुत्र ।

**पिंकेश कुमार जैन** – प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ के सचिव, जो भाजपा के मीडिया सेल से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

**धनंजय सिंह खींवसर** बरकरार, पुरानी एडहॉक कमेटी के सदस्य धनंजय सिंह खींवसर को इस बार भी शामिल किया गया है। वे जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे हैं।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रनों से हराया




कोलंबो, 28 जून। प्रभात जयसूर्या (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को बंगलादेश को पारी और 78 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली है। आज यहां एसएससी ग्राउंड पर बंगलादेश ने छह विकेट पर 117 रन से आगे खेलना शुरू किया और उस समय वह श्रीलंका के दूसरी पारी में बनाये गये स्कोर से 94 रनों से पीछे थी। आज के दिन का पहला शिकार जयसूर्या ने लिटन कुमार दास (14) को विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराकर की। इसके बाद जयसूर्या ने नईम हसन (पांच) को विकेटकीपर के हाथों स्टंप करा दिया। कंधे में दर्द के कारण तीसरे दिन मैदान से बाहर रहने के बाद विकेटकीपर मेंडिस ने स्टंप के पीछे सहायक भूमिका निभाई। तैजुल इस्लाम (छह) और इबादत हुसैन (छह) रन बनाकर आउट हुये। बंगलादेश ने सुबह के सत्र में मात्र 16 रन जोड़कर अपने चार विकेट गवां दिये। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बंगलादेश की पूरी टीम 44.2 ओवर में 133 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला पारी और 78 रनों से जीत लिया। इस जीत ने टेस्ट इतिहास में बंगलादेश पर श्रीलंका की नौवीं पारी की जीत दर्ज की और उन्हें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बहुमूल्य अंक दिलाए। इसी के साथ श्रीलंका ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दूसरी पारी में 56 रन देकर पांच विकेट झटके। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 12वीं बार पांच विकेट लेने का कारनाम किया है। धनंजय डिसिल्वा और थरिंडु रत्नायके ने दो-दो विकेट लिये। श्रीलंका की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि उसने दूसरी पारी में कोई भी अतिरिक्त नहीं दिया। श्रीलंका ने पहली पारी में पथुम निसांका 158 की शतकीय, दिनेश चांदीमल 93, कुसल मेंडिस 84 रनों की अद्धर्शतकीय पारियों की बदौलत 458 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद बंगलादेश की टीम अपनी पहली पारी में 247 रन तथा दूसरी पारी में 133 रन पर सिमट गई थी।

## नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में फिर शीर्ष पर

लुसाने, (स्विट्जरलैंड) 28 जून। भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गये है।




सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है। दोनों शीर्ष एथलीट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक 2025 में फिर से आमने-सामने होंगे।

## हेजलवुड के पंजे ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), 28 जून। जॉश हेजलवुड (पांच विकेट) और नेथन लायन (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टंडीज को दूसरी पारी में 141 रन पर ढ़ेर कर मैच 159 रनों से जीत लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 92 रन के स्कोर पर से आगे खेलना शुरु किया। ट्रैविस हेड और बो वेब्स्टर जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पांचवें विकेट के लिए 102 रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को संकट से निकला। शमार जोसेफ ने ट्रैविस हेड (61) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये एलेक्स कैरी ने बो वेब्स्टर का बखूबी साथ निभाया। बो वेब्स्टर (63) रन को शमार जोसेफ ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच आउट कराया। पैट कमिंस (पांच), मिचेल स्टार्क (16) और जॉश हेजलवुड (13) को शमार जोसेफ ने ही आउट किया। एलेक्स कैरी (65) का शिकार रॉस्टन चेज ने किया। ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी पारी में 310 रन का स्कोर खड़ाकर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने 25.5 ओवर में 87 रन देकर पांच विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपना पहला ही विकेट चार रन के स्कोर पर गवां दिया। जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 43 रनों की साझेदारी हुई। दोनों बल्लेबाज जॉश हेजलवुड का शिकार बने। केसी कार्टी (20) और जॉन कैंपबेल (23) रन बनाकर आउट हुये। ब्रैंडन किंग (शून्य) और रॉस्टन चेज (दो) को भी हेजलवुड ने आउट किया। इसके बाद नियमित अंतराल पर वेस्टंडीज के विकेट गिरते रहे। एक समय जस्टिन ग्रीव्स और शमार जोसेफ ने नौवें विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी कर उम्मीद जगाई थी, लेकिन नेथन लायन ने शमार जोसेफ (44) को आउटकर वेस्टइंडीज की उम्मीदों पर पूरी तरह पानी फेर दिया।

## कप्तान रनंजय की हैट्रिक की मदद से जयपुर ने डूंगरपुर को 6-1 से रौंदा



जयपुर, 28 जून। आज खेले गए प्रीक्वार्टर फाइनल मैच में जयपुर ने एक तरफा मुकाबले में डूंगरपुर को 6 -1 से पराजित किया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जयपुर जिला फुटबॉल चयन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि मैच की शुरुआत से ही जयपुर ने आक्रामक खेल से विपक्षी टीम को दबाव में बनाए रखा और खेल के दूसरे ही मिनट में कप्तान रनंजय भाटी को मिडफील्डर अक्षत ने पास दिया जिस पर कप्तान ने 22 यार्ड से शानदार सूट लेकर गोल डूंगरपुर के पोस्ट में डाल दी।

मैच की शुरुआत में ही हुए इस गोल से डूंगरपुर की टीम भारी दबाव में आ गई और 5 मिनट बाद ही रिबाउंड पर जयपुर टीम के विंगर आयुष मीणा ने शानदार गोलकर टीम का स्कोर 2 - 0 कर दिया। 15 वे मिनट में कप्तान रनंजय भाटी ने फिर बाल अपने कब्जे में लेकर 18 यार्ड से ही सूट कर अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल किया।

इसके बाद जयपुर की टीम लगातार हमले करती रही लेकिन डूंगरपुर की टीम ने कुछ हद तक अपने आप को संभाल कर जयपुर की टीम को अगले 20 मिनट तक रोके रखा। हाफ टाइम खत्म होने से पहले कप्तान रनंजय भाटी ने फिर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए पेनल्टी बॉक्स के बाहर से ही सीधे सूट कर अपना तीसरा और टीम का चौथा गोल किया। हाफ टाइम तक गोल स्कोर 4 - 0 से जयपुर के पक्ष में रहा।

हाफ टाइम के बाद भी मैच की पकड़ जयपुर के पक्ष में ही रही और जयपुर की टीम लगातार हमला करती रही। मैच के 58 वे मिनट में डूंगरपुर के गोलकीपर से रिबॉन्ड पर मिली बॉल पर मध्य पंक्ति के खिलाड़ी जयपुर के उप कप्तान अक्षित शर्मा ने शानदार गोल कर टीम का स्कोर 5 - 0 कर दिया। मैच के आखिरी 10 मिनट में डूंगरपुर की टीम ने एकजुट होकर कुछ शानदार मूव बनाएं और जिसके फलस्वरूप डूंगरपुर के फॉरवर्ड ने जयपुर की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए अपनी टीम का एकमात्र गोल किया।

मैच खत्म होने से 4 मिनट पहले जयपुर की टीम को कॉर्नर मिला जिस पर जयपुर के फारवर्ड समर प्रताप सिंह न डाई लगाकर सिर से शानदार गोल किया। आखिर में जयपुर ने मैच 6 - 0 के स्कोर से जीत लिया जयपुर जिला फुटबॉल चयन समिति के सदस्य श्री अब्दुल जब्बार, हेड कोच हितेश शर्मा, सदस्य श्री मनोज शर्मा, डॉक्टर दिलीप सिंह चुंडावत और सेबी फिलिप्स ने टीम को शानदार जीत के लिए बधाई दी है। टीम कल अपना क्वार्टर फाइनल मैच सीकर के खिलाफ खेलेगी।

## राजस्थान की हैप्पी कुमारी व कौशल्या चौधरी एनसीए सेंटर फॉर एक्सीलेंस अंडर-23 वीमेन इमर्जिंग प्लेयर प्रतियोगिता के लिए चयनित

जयपुर, 28 जून। बीसीसीआई की राष्ट्रिय वीमेन प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान की हैप्पी कुमारी व कौशल्या चौधरी को बीसीसीआई महिला चयन कमेटी ने आगामी 12 व 27 जुलाई 2025 के दौरान बेंगलोरएनसीएसेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा आयोजित होने वाली इमर्जिंगवीमेन प्लेयर प्रतियोगिता की विभिन्न टीमों के लिए किया है। राजस्थान की हैप्पी कुमारी व कौशल्या चौधरी को बेंगलोर के स्थित एनसीए सेंटर फॉर एक्सीलेंस, बंगलौर में दिनांक 11 जुलाई को रिपोर्ट करना होगा।

## नारायणा क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 28 जून। अंडर-16 अरावली कप में नारायणाक्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 215 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाए। प्रणव चौधरी ने 65 और रवि कश्यप ने 46 रनों का योगदान दिया। देवेंद्र सिंह शेखावत क्रिकेट अकादमी की ओर से रौनक सिंह और तनवीर अहमद ने दो- दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवेंद्र सिंह शेखावत क्रिकेट अकादमी 40 ओवर में 194 रन 7 विकेट के नुकसान पर बना सकी ! आराध्या अग्रवाल ने 85 और प्रिंस सोनी ने 50 रनों का योगदान दिया। नारायणाक्रिकेट अकादमी की ओर से सत्यम पांडे ने तीन और गौरव सैनी ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच गौरव सैनी को चुना गया।

# मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में 135 भामाशाहों को सम्मानित किया

## भजनलाल ने कहा कि भामाशाह केवल इमारतें नहीं बनवा रहे, बच्चों के सपनों को उड़ान दे रहे हैं

- मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में एक करोड़ रूपए से अधिक सहयोग राशि देने वाले 35 भामाशाहों को ''शिक्षा विभूषण'' व 36 लाख से 1 करोड़ रूपए का सहयोग करने वाले 100 भामाशाहों को ''शिक्षा भूषण'' सम्मान प्रदान किया।
- स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि भामाशाहों ने करोड़ों रूपए देकर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में आयोजित 29 वें राज्यस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सहयोग देने वाले 35 भामाशाहों को शिक्षा विभूषण सम्मान एवं 30 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का सहयोग देने वाले 100 भामाशाहों को शिक्षा भूषण सम्मान प्रदान किया।*

जयपुर, 28 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में भामाशाहों, शिक्षाविदों एवं प्रेरकों की त्रिवेणी अहम भूमिका निभा रही है। इनसे प्रेरणा लेकर समाज के अन्य लोग भी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे।

शर्मा शनिवार को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षशिला सभागार में आयोजित 29वें राज्यस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की रक्षा के लिए अपनी समस्त संपत्ति महाराणा प्रताप को समर्पित करने वाले भामाशाह का नाम हमारे हृदय में गर्व और सम्मान का भाव जगाता है। आज भी आवश्यकता पड़ने पर समाज के लिए भामाशाह आगे आते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी भामाशाह शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग का नेक एवं सराहनीय कार्य कर रहे हैं। भामाशाह केवल इमारतें नहीं बनवा रहे, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों को भी एक नई उड़ान दे रहे हैं। भामाशाह स्वयं से ऊपर उठकर अपने समाज, क्षेत्र और राष्ट्र के विकास की सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आज के दानदाता आधुनिक युग के भामाशाह हैं जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है। स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि भामाशाहों ने करोड़ों रुपये का दान देकर विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं। समारोह में मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सहयोग देने वाले 35 भामाशाहों को शिक्षा विभूषण सम्मान एवं 30 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का सहयोग देने वाले 100 भामाशाहों को शिक्षा भूषण सम्मान प्रदान किया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री शर्मा ने आरटीई के तहत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों की फीस पुनर्भरण व ट्रांसपोर्ट वाउचर की एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि रिमोट का बटन दबाकर डीबीटी की।

## अहमदाबाद विमान हादसा: 260 मृतकों की पहचान हुई

अहमदाबाद, 28 जून। अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे को दो हफ्ते से ज्यादा समय बीत चुका है। अब अधिकारियों ने बताया है कि डीएनए जांच के जरिए हादसे के आखिरी पीड़ित की पहचान कर ली गई है। इसके साथ ही, अब तक 260 मृतकों की पहचान हो गई है। मामले में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि

- अधिकारियों ने कहा कि डीएनए जाँच से हादसे के आखिरी पीड़ित की भी पहचान हो गई है। सभी 260 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

अंतिम पीड़ित के पार्थिव शरीर को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। इससे पहले, मेडिकल अधिकारियों ने मृतकों की संख्या 270 बताई थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मृतकों में 200 भारतीय (181 यात्री और 19 जमीन पर मौजूद लोग), 52 ब्रिटिश नागरिक, सात पुर्तगाली नागरिक, एक कैनडाई नागरिक शामिल हैं। इस हादसे में बहुत से शव पूरी तरह से जल चुके थे, जिससे उनकी पहचान मुश्किल हो गई थी।

# ई-वोटिंग कराने वाला पहला राज्य बना बिहार

## बिहार के 26 जिलों की 42 नगरपालिकाओं के उपचुनाव में मोबाइल ऐप के जरिए वोटिंग कराई गई

- मतदान के लिए दो ऐप लाँच की गईं। पहली ऐप सैंटर फॉर डवलपमैंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग ने व दूसरी बिहार चुनाव आयोग ने बनाई थी। ये ऐप्स एण्ड्रॉयड फोन पर ही काम कर सकती हैं।

पटना, 28 जून। बिहार ने आज मोबाइल ऐप के माध्यम से मतदान कराकर भारतीय लोकतंत्र में इतिहास रच दिया है। देश में पहली बार बिहार के 26 जिलों की 42 नगरपालिकाओं के उपचुनाव में मोबाइल ऐप के जरिए मतदान कराया गया। इस उपचुनाव में छह नगरपालिकाओं में पायलट परियोजना के तौर पर मोबाइल ऐप के जरिए ई-वोटिंग हुई। उपचुनाव में कुल 62.41 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें बूथ वोटिंग की तुलना में ई वोटिंग का प्रतिशत 16 अधिक रहा। ई-वोटिंग का प्रतिशत जहां 70.20 रहा, वहीं मतदान केन्द्रों पर वोटिंग 54 प्रतिशत ही हुई।

राज्य निर्वाचन आयुक्त दीपक प्रसाद ने यहां बताया कि यह एक बहुत ही एतिहासिक दिन है और बिहार के लिए गर्व की भी बात है कि देश में आज पहली बार यहां सफलतापूर्वक ई-वोटिंग कराया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को आसानी से वोटिंग कराने के लिए शुरू किया गया है। प्रसाद ने बताया कि ई-वोटिंग के जरिए प्रवासी श्रमिक, दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों ने अपना वोट दिया है। इस सुविधा के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था। चुनाव आयोग के अनुसार ई-वोटिंग के लिए 50 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था और उनमें से 70.20 प्रतिशत ने वोट किया। मोतिहारी की विभा ने ऐप से पहला वोट डाला, जिससे वे देश की पहली ई-वोटर बन गई हैं।

गौरतलब है कि मतदान के लिए दो ऐप लॉन्च किए गए थे। पहला ऐप सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डेक) ने बनाया है, वहीं दूसरा ऐप बिहार चुनाव आयोग ने तैयार कराया है। इसमें सेफ्टी के लिए फेस रिकग्निशन और लाइव फेस स्कैन जैसी एडवांस तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। यह ऐप अभी सिर्फ एंड्रॉयड फोन में ही काम करता है।

## 'चुनाव आयोग भाजपा का ''ब्राँच ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ओ' ब्रायन ने पूछा, ''क्या चुनाव आयोग वास्तव में चुनाव आयोग है या भाजपा का ब्रांच ऑफिस है''? उन्होंने कहा, ''2021 के बंगाल चुनावों से पहले सीएए लागू किया गया था, लेकिन भाजपा हारी। और अब 2026 से पहले, वे यही करने की कोशिश कर रहे हैं। राजनीतिक दल सर्वेक्षण कर सकते हैं, लेकिन पकड़े न जाएं।''

चुनाव आयोग ने चुनावाधीन बिहार में इस अभियान को आगे बढ़ाया है, और राज्य में तृणमूल और भाजपा विरोधी दलों को विश्वास है कि भाजपा के इस अभियान के पीछे उसका संदिग्ध मकसद है।

ओ' ब्रायन ने कहा, ''यह डर फैलाने की रणनीति है। पिछले एक साल में बंगाल में हुए 11 उपचुनावों में हमने सात सीटें बड़े अंतर से जीती हैं। उन सीटों पर, जो भाजपा ने जीती थीं या जिन पर वह आगे थी, हार-जीत का अन्तर बहुत कम था। हम ऐसी पार्टी नहीं हैं, जो चुनावों से पहले उड़ जाती हो।''

जब ममता ने बंगाल और अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में डुप्लीकेट मतदाताओं का मुद्दा उठाया था, तो चुनाव आयोग ने अप्रैल 30 तक इस मुद्दे को सुलझाने की घोषणा की थी।

ओ' ब्रायन ने कहा, ''हम जानना चाहते हैं कि चुनाव आयोग ने क्या समाधान किया है। हमने मिलने का समय मांगा था, लेकिन मना कर दिया गया।''

तृणमूल ने आरोप लगाया कि विशेष सघन पुनरीक्षण 1935 में नाज़ी जर्मनी द्वारा जारी किए गए ''पूर्वज पास'' (एनसैस्टर पास) जैसा है।

उन्होंने पूछा, ''क्या यह नाज़ी पूर्वज पास का नया संस्करण है? अब हम यहाँ से कहाँ जाएं?''

नए आदेश के तहत, 1987 से पहले जन्मे लोगों को अपने जन्म प्रमाणपत्र देने होंगे। 1987 और 2004 के बीच जन्मे लोगों को अपने और अपने माता-पिता दोनों के जन्म प्रमाणपत्र देने होंगे।

राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता सागरिका घोष ने कहा, ''क्या हम सबके पास अपने माता-पिता के जन्म प्रमाणपत्र हैं? गरीब और प्रवासी मजदूरों की तो बात ही क्या करें? वे इसे कैसे प्राप्त करेंगे? यह एक साजिश है। यह भाजपा के एजेंडा को आगे बढ़ाने का प्रयास है। भाजपा और चुनाव आयोग भारत के नागरिकों के मताधिकार छीन लेंगे। भाजपा विशेष सघन पुनरीक्षण के नाम पर बिहार में एनआरसी लागू करने के लिए पिछले दरवाजे का इस्तेमाल कर रही है।''

तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियाँ संसद के अंदर और बाहर इस मुद्दे को उठाएंगी।

ओ' ब्रायन ने कहा, ''इस सरकार को संसद से डर लगता है। हम संसद सत्र का इंतजार नहीं कर सकते। इंडिया ब्लॉक के दलों के बीच अभी भी अच्छा समन्वय है।''

## मोदी ने शुभांशु ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में भी शुभ है और आपकी यात्रा नहीं युग का शुभारंभ भी है। इस समय हम दोनों ही बात कर रहे हैं, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों की भावनाएं भी मेरे साथ हैं। मेरी आवाज़ में सभी भारतीयों का उत्साह और उत्साह शामिल है। मैं अंतरिक्ष में अपना झंडा फहराने के लिए आपको अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। क्या वहाँ सब कुछ ठीक है? क्या आप ठीक हैं?

इस पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा, आपकी इच्छाओं और 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद। मैं यहाँ ठीक हूँ और सुरक्षित हूँ। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह एक नया अनुभव है। यह यात्रा न केवल मेरी है बल्कि पूरे देश की यात्रा है। आपके नेतृत्व में, आज का भारत उनके सपनों को पूरा करने के लिए कई अवसर प्रदान करता है। मुझे यहां भारत का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

## क्या है युवा अभिनेत्री शेफाली...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं हुई है, लेकिन विशेषज्ञ एपिलेप्सी से जुड़ी जटिलताओं की संभावना को नकार नहीं रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं उन्होंने आत्म-हत्या तो नहीं की।

फिलहाल, मृत्यु का सटीक कारण केवल फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी स्थित गोल्डन राइज़ में शेफाली ज़रीवाला के आवास पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम तैनात कर उनकी असमायिक मौत मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान में पुलिस ने कहा कि शेफाली ज़रीवाला (42) की मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, जांच और पोस्टमार्टम के नतीजे आने बाकी हैं। अधिकारियों के अनुसार जरीवाला अपने पति पराग त्यागी के साथ अंधेरी स्थित पते पर रहती थीं। उनके पति और परिवार के सदस्यों ने उन्हें एक वाहन में अस्पताल पहुंचाया, जिसके बारे में इमारत के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि वे लगभग 10-10:15 बजे आपातकालीन परिस्थितियों में तेज गति से जा रहे थे। गार्ड ने कहा कि वाहन की रंगीन खिड़कियों के कारण कुछ स्पष्ट दिखाई नहीं पड़ा था, लेकिन उसने पुष्टि की कि उसने जरीवाला को उस शाम अपने पति के साथ घमूते हुए देखा था। वह उस समय स्वस्थ दिख रही थीं।

शेफाली शुरुआत से ही फिल्मी दुनिया का हिस्सा बनना चाहती थीं, इसलिए मौका मिलते ही वह अपने सपने पूरे करने के लिए गुजरात से मुंबई आ गईं। यहां आकर उन्होंने कई म्यूज़िक एल्बम और फिल्मों में काम भी किया। शेफाली ने वर्ष 2005 में 1982 में गुजरात में जन्मी शेफाली बहुत कम उम्र में मुम्बई आ गई थी और वर्ष 2005 में उन्होंने मुम्बई के सरदार पटेल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से सूचना प्रौद्योगिकी में मास्टर्स की डिग्री हासिल की। इंजीनियरिंग अध्ययन के दौरान वर्ष 2002 में उन्होंने रीमिक्स गाने 'कांटा लगा' के म्यूजिक वीडियो में काम किया और कांटा लगा गर्ल के नाम से प्रसिद्ध हो गईं। इसके बाद उन्होंने कई म्युजिक एल्बम शो व कुछेक फिल्मों में काम किया। इसी दौरान वर्ष 2004 में उन्होंने मीत ब्रदर्स वाले संगीत निर्देशक हरमीत सिंह से शादी की। लेकिन यह रिश्ता ज्यादा नहीं चला और 2009 में दोनों अलग हो गए। इसके बाद वर्ष 2014 में उन्होंने अभिनेता पराग त्यागी से शादी की।

शेफाली 'नच बलिए 5' और 'नच बलिए 7' बिग बॉस 13 में भी नज़र आईं। उनके अचानक निधन की खबर से उनके फैन्स सदमे में हैं।

## कुख्यात आतंकवादी साकिब नाचन की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत

मुंबई, 28 जून। कुख्यात आतंकवादी साकिब नाचन की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत के बाद, महाराष्ट्र के बोरीवली और पडघा दोनों जगहों पर 200 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है और गांव में प्रवेश करने वाले हर वाहन की जांच की जा रही है।

भिवंडी तालुका में पडघा-बोरीवली नाचन का गृहनगर है। पुलिस ने कहा कि उसकी मौत की खबर के बाद बोरीवली और पडघा दोनों जगहों पर 200 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। साकिब नाचन मुंबई सीरियल बम धमाकों का मुख्य आरोपी था। बाद में उसे इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएसआई) मॉड्यूल मामले में दिसंबर 2023 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने फिर से गिरफ्तार किया था। उसे दिल्ली की तिहाड़ जेल में रखा गया था।

## इटली में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएगा। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी। जी.पी. सिप्पी निर्मित और रमेश सिप्पी निर्देशित फिल्म शोले 15 अगस्त 1975 में रिलीज हुयी थी। यह फिल्म मुंबई के मिनर्वा थियेटर में पांच सालों तक चली थी।

## कोलकाता गैंग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भूमिका में परिसर में लौट आया। मनोजीत को 2021 में कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा से निष्कासित कर दिया गया था।

## पंजाब कैडर के 1989...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पंजाब में उग्रवाद के चरम समय के दौरान सेवा में थे, जहां उन्होंने कई जिलों में सीनियर सुपरिन्टेन्डैन्ट ऑफ पुलिस (एसएसपी) और डिप्टी इन्स्पैक्टर जनरल (डीआईजी) जैसे पदों पर कार्य किया। आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में उनके जमीनी पुलिसिंग अनुभव ने उसके बाद के खुफिया कार्य के लिए मजबूत नींव का कार्य किया।


जैन को श्रीलंका और कैनडा में भारतीय मिशनों में भी तैनात किया गया, जहां उन्होंने कूटनीतिक खुफिया ऑपरेशनों को संभाला। खास तौर से, कैनडा में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्हें विदेशी जमीन से संचालित खालिस्तानी आतंकवादी मॉड्यूल्स का पता लगाने का कार्य सौंपा गया था। यह भूमिका उनकी वैश्विक आतंकवाद-रोधी समझ पर देश के भरोसे को रेखांकित करती है।

जैन की नियुक्ति ऐसे समय की जा रही है, जब भारत के विदेशी खुफिया ऑपरेशनों को जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो सीमा पार आतंकवाद से लेकर चीन और पाकिस्तान के साथ भू-राजनीतिक तनावों तक फैली हुई हैं। उनके व्यापक ऑपरेशनल अनुभव और क्षेत्रीय विशेषज्ञता के चलते, जैन से उम्मीद की जा रही है कि वे रॉ की निगरानी और आतंकरोधी क्षमताओं को और तेज करेंगे।

## गहलोत खुद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक करोड़ देकर चौथे को मुफ्त में ले जाओ। यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है। जिनकी सरकार होती है, वे जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करते हैं। पहले केन्द्र में होता था, अब राज्य में हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के खिलाफ जो भी बोलता है, उसे पकड़ा जा रहा है। वे उडऩ खटोले में घूम रहे हैं। पता नहीं, उनको दुबारा मौका मिलेगा या नहीं। उनके मंत्री भी नौसखिए हैं। प्रदेश के हालात बदतर हैं।




# नीतीश ने 21,391 पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया

## नीतीश ने नियुक्ति कार्यक्रम में कहा कि 42,609 सिपाहियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरु हो गई है

- नीतीश ने कहा कि उनके कार्यकाल में राज्य में पुलिसबल की क्षमता 2.29 लाख तय की गई है जबकि उनसे पहले स्वीकृत क्षमता मात्र 51 हजार थी और मात्र 42,481 पुलिसकर्मी ही कार्य कर रहे थे।

पटना, 28 जून। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नवनियुक्त 21391 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया और कहा कि बचे हुए 22771 पदों पर भी बहाली का काम तेजी से हो। कुमार ने शनिवार को यहां बापू सभागार में नवनियुक्त 21 हजार 391 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा 24 नवम्बर, 2005 को राज्य में नई सरकार बनने के समय बिहार पुलिस में कार्यरत बल की संख्या काफी कम थी। उस समय पुलिस में स्वीकृत बल की संख्या लगभग 51 हजार थी। इसके विरूद्ध मात्र 42 हजार 481 पुलिसकर्मी कार्यरत थे।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका शुरू से कहना है कि राज्य में पुलिस बल की संख्या को और बढ़ाया जाये। इसके लिए वर्ष 2006 से ही पुलिस बल की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की गयी। वर्ष 2022 में राज्य में पुलिस बल की संख्या बढ़ कर एक लाख 10 हजार हो गयी।

कुमार ने कहा कि वर्ष 2023 में पुलिस सप्ताह के कार्यक्रम में हमने राज्य में पुलिस बल की संख्या बढ़ाकर दो लाख 29 हजार तय कर दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि 21 हजार 391 सिपाहियों की सीधी बहाली का काम पूरा हो गया है, जिन्हें आज नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आज की बहाली के बाद बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या अब बढ़ कर लगभग 36 हजार हो गयी है जो देश के किसी भी राज्य से अधिक है।

## 'झूठे नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं नीतीश'

राजगीर, 28 जून। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला और कहा कि चुनाव से पहले कुमार झूठा नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं। किशोर ने शनिवार को नालंदा जिले के एकंगसराय स्थित सुखदेव हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कुमार पर हमला बोला और कहा कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री झूठा नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं, लेकिन अब बिहार की जनता बदलाव चाहती है, अफसरों के राज से मुक्ति चाहती है। इस बार नालंदा की जनता ने कुमार की विदाई की तैयारी कर ली है।

- जनसुराज पार्टी प्रमुख प्रशांत किशोर ने पुलिसकर्मियों को नीतीश द्वारा दिए गए नियुक्ति पत्र को लेकर टिप्पणी की।

जनसुराज के सूत्रधार ने नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव का कलम बांटना वैसा ही है जैसे जंगल में शेर दूध बांटने लगे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908